राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorcha.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित जन-जन की आवाज़

लखनऊ वर्ष : 05 अंक : 69 मंगलवार 21 अप्रैल 2026 बैशाख शुक्ल पंचमी विक्रम संवत 2083 पृष्ठ : 10+2 मूल्य : 05 रूपया





## महिला आरक्षण बिल पर यूपी में संग्राम: 30 अप्रैल को विधानमंडल का विशेष सत्र बुलाने का ऐलान

**एजेंसी समाचार**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने 2027 के विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए महिला आरक्षण के मुद्दे पर अपनी राजनीतिक रणनीति तेज कर दी है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश सरकार ने 30 अप्रैल को विधानमंडल का विशेष सत्र बुलाने के प्रस्ताव को रविवार रात कैबिनेट बाई सकुर्लेशन के जरिए मंजूरी दे दी। संसद में नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक के पारित न हो पाने के बाद इस मुद्दे पर सियासत गरमा गई है।




विपक्ष जहां विधेयक की खामियों को गिनाकर अपने विरोध को सही ठहरा रहा है, वहीं भारतीय जनता पार्टी इस मुद्दे को लेकर विपक्ष पर हमलावर है और इसे चुनावी रणनीति का अहम हिस्सा बना रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले ही इस मामले में विपक्ष पर तीखा हमला बोल चुके हैं। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में विपक्ष के रवैये की तुलना 'द्रौपदी चीरहरण' से करते हुए इसे महिला सम्मान और लोकतंत्र के लिए दुर्भाग्यपूर्ण बताया था।

सरकारी सूत्रों के अनुसार, 30 अप्रैल को होने वाले इस विशेष सत्र में सरकार महिला आरक्षण पर अपनी स्थिति स्पष्ट करेगी और विपक्ष के रुख को लेकर उसे घेरने की रणनीति अपनाएगी। सत्र के दौरान विपक्ष के खिलाफ निंदा प्रस्ताव लाने की भी चर्चा है। चूंकि सत्र बुलाने के लिए सदस्यों को कम से कम सात दिन पहले सूचना देना जरूरी होता है, इसलिए प्रस्ताव को कैबिनेट बाई सकुर्लेशन के जरिए मंजूरी दी गई। अब इसे राज्यपाल की स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा। सरकार का आरोप है कि विपक्ष महिला सशक्तीकरण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर भी राजनीति कर रहा है। वहीं, विपक्ष इस विधेयक को अधूरा और खामियों से भरा बताते हुए सरकार की मंशा पर सवाल उठा रहा है। ऐसे में 30 अप्रैल को होने वाला यह विशेष सत्र सिर्फ विधायी कार्यवाही तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच सीधी राजनीतिक टकराहट का मंच भी बनेगा, जहां दोनों पक्ष महिला आरक्षण जैसे संवेदनशील मुद्दे पर जनता के सामने अपनी-अपनी रणनीति और संदेश रखने की कोशिश करेंगे। एजेंसी









# पर्यटन हब के रूप में विकसित हो रही नाथ नगरी, वर्टिकल पार्किंग से बदलेगी तस्वीर

## व्यावसायिक इलाकों में पार्किंग समस्या से मिलेगा समाधान, नगर निगम ने वर्टिकल पार्किंग निर्माण का लिया निर्णय

- ट्रैफिक पुलिस के साथ मिलकर तैयार की गई कार्ययोजना

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप नाथ नगरी के नाम से प्रसिद्ध बरेली अब भविष्य के शहर के रूप में तेजी से विकसित होने की ओर अग्रसर है। पर्यटन के क्षेत्र में उभरते इस शहर में आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया जा रहा है, जिससे इसे एक वैश्विक पहचान दिलाने की तैयारी है।

शहर में लगातार बढ़ रही वाहनों की संख्या के चलते व्यावसायिक क्षेत्रों में पार्किंग की समस्या गंभीर होती जा रही है।

जगह की कमी के कारण लोग सड़कों पर ही वाहन खड़े कर देते हैं, जिससे आए दिन जाम की स्थिति बनती है। इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए नगर निगम ने वर्टिकल पार्किंग बनाने का निर्णय लिया है। नगर निगम ने इस दिशा में ट्रैफिक पुलिस के साथ मिलकर विस्तृत कार्ययोजना तैयार की है। यह पहल शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाने और नागरिकों को राहत देने में अहम साबित होगी।

मेयर डा. उमेश गौतम ने कहा कि उनका लक्ष्य बरेली को वैश्विक शहर के रूप में स्थापित करना है। इसके लिए शहर में उच्च स्तर का इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के अंतर्गत वर्टिकल पार्किंग परियोजना पर काम शुरू किया जा रहा है, जिससे शहर की सूरत बदलने की उम्मीद है।

### भविष्य के लिए तैयार हो रहा नाथ नगरी बरेली शहर

बरेली पर्यटन का शहर के रूप में विकसित हो रहा है। इस दृष्टि से बरेली का इंफ्रास्ट्रक्चर भविष्य के शहर के रूप में विकसित किया जा रहा है। शहर में गाड़िया भी पहले से अधिक हुई हैं, ऐसे में शहर के सबसे बड़े व्यावसायिक क्षेत्रों में पार्किंग की समस्या को दूर करने के लिए वर्टिकल पार्किंग बनाने का निर्णय नगर निगम ने लिया है। यहां पर पार्किंग की कमी होने के कारण लोग सड़कों पर ही वाहन खड़ा कर देते हैं और ट्रैफिक जाम की स्थिति बन जाती है। वर्टिकल पार्किंग बनने से इस समस्या से निजात मिल सकेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन पर नगर निगम ने ट्रैफिक पुलिस के साथ कार्ययोजना बनाई है।

# मेडिकल संचालक ने खुद को मारी गोली, घर में खून से लथपथ मिला शव

- शादी में गया हुआ था परिवार

जागरण मोर्चा कार्यालय

बरेली। आंवला थाना क्षेत्र के श्रीराम विहार कॉलोनी में रविवार देर शाम एक मेडिकल संचालक द्वारा घर के अंदर खुद को गोली मार लेने की घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही परिजन घर पहुंचे और गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

मृतक की पहचान पंकज सिंह के रूप में हुई है। उनके ममेरे भाई आशीष ने बताया कि परिवार के सभी सदस्य फरीदपुर क्षेत्र के लोंगपुर गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। उस समय पंकज घर पर अकेले थे। परिजनों के मुताबिक, उन्हें किसी अनहोनी की आशंका नहीं थी।



शादी से लौटने पर जब परिजन घर पहुंचे तो कमरे का दरवाजा बंद मिला। अंदर जाकर देखा तो पंकज खून से लथपथ हालत में पड़े थे। यह देख परिवार के होश उड़ गए। आनन-फानन में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद से परिवार में मातम पसरा है। बताया जा रहा है कि पंकज की पत्नी भी उसी शादी समारोह में गई हुई थी। पंकज अपने पीछे पत्नी और दो छोटे बच्चों को छोड़ गए हैं। अचानक हुई इस घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया है।

### मेडिकल स्टोर से चलता था घर, वजह स्पष्ट नहीं

परिजनों के अनुसार पंकज सिंह स्थानीय स्तर पर मेडिकल स्टोर संचालित करते थे और उसी से परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनका कहना है कि पंकज सामान्य जीवन जी रहे थे और किसी प्रकार के तनाव या विवाद की जानकारी नहीं थी। घटना के पीछे की वजह फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सकी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# 24 अप्रैल को शुरू होगा उर्स ए ताजुश्शरिया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** आला हज़रत खानदान से जुड़े उर्स ए ताजुश्शरिया का आगाज़ 24 अप्रैल को परचम कुशाई की रस्म के साथ होगा। इस दौरान शहर में रौनक अपने चरम पर रहेगी और देश-विदेश से बड़ी संख्या में अकीदतमंद दरगाह पहुंचेंगे। उर्स के पहले दिन शाहबाद और आजम नगर से निकलने वाले दो परचमी जुलूस शहर के कदीमी रास्तों से होते हुए दरगाह आला हज़रत सलामी देते हुए दरगाह ताजुश्शरिया पहुंचेंगे।

जमात रज़ा ए मुस्तफा के राष्ट्रीय महासचिव और काजी ए हिंदुस्तान के दामाद फरमान हसन खान उर्फ फरमान मियां की कयादत में निकलने वाले इन जुलूसों का खास आकर्षण रहेगा। दरगाह ताजुश्शरिया पहुंचने पर परचम कुशाई की अहम रस्म काजी ए हिंदुस्तान मुफ्ती असजद मियां अदा करेंगे।

उर्स के मौके पर 24 अप्रैल की सुबह फज्र की नमाज के बाद दरगाह में कुरान ख्वानी होगी। दिन में नात-ओ-मनकबत का सिलसिला चलेगा, जबकि रात में जामियातुल रज़ा में उलेमा ए इकराम की तकरीरें होंगी। देर रात 1:40 बजे मुफ्ती ए आज़म का कुल शरीफ अकीदत के साथ अदा किया जाएगा।

उर्स के दूसरे दिन 25 अप्रैल को फज्र के बाद फिर कुरान ख्वानी होगी। सुबह 7:10 बजे मुफस्सिर ए आज़ाम हजरत जिलानी मियां का कुल शरीफ अदा किया जाएगा। मुख्य कार्यक्रम दोपहर 12:30 बजे जामियातुर रज़ा में शुरू होगा, जबकि शाम 7:14 बजे ताजुश्शरिया के कुल शरीफ के साथ उर्स का समापन होगा।

फरमान मियां ने बताया कि उर्स की तैयारियां बड़े स्तर पर की जा रही हैं। दरगाह से लेकर जामियातुर रज़ा तक सजावट का काम जारी है।

# पुलिस से मुठभेड़ में गौ-तस्कर घायल, पिता बेटे समेत तीन गिरफ्तार, दरोगा भी जख्मी

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के अलीनगर गांव के जंगल में सोमवार सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई, जब गो-तस्करों और पुलिस के बीच आमना-सामना होते ही गोलियां चलने लगीं। मुठभेड़ में एक ओर जहां पुलिस की गोली लगने से एक तस्कर घायल हो गया, वहीं तस्करों की फायरिंग में एक दरोगा भी जख्मी हो गया। मौके से पुलिस ने घायल तस्कर समेत उसके दो बेटों को दबोच लिया।

पुलिस को सुबह सूचना मिली थी कि अलीनगर गांव के जंगल में कुछ लोग गो-तस्करी की फिराक में हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने इलाके की घेराबंदी कर दी। जैसे ही पुलिस करीब पहुंची, तस्करों ने तमंचे से ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई, जिसमें एक तस्कर घायल हो गया। घायल तस्कर की पहचान हाफिजगंज थाना क्षेत्र के लभेड़ा गांव निवासी यासीन खां के रूप में हुई है। पुलिस की गोली उसके पैर में लगी, जिससे वह मौके पर ही गिर पड़ा। पुलिस ने उसे कब्जे में लेकर तुरंत अस्पताल भेजा। हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

मुठभेड़ के दौरान तस्करों की फायरिंग में उपनिरीक्षक योगेंद्र सिंह भी घायल हो गए। उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि उनकी हालत खतरे से बाहर है। पुलिस ने मौके से यासीन खां के दो बेटों अफजल खां और अजमल खां को भी गिरफ्तार कर लिया। तीनों के पास से एक तमंचा, कारतूस, छुरी, रस्सी और लकड़ी बरामद हुई है। साथ ही एक रस्सी से बंधा गोवंश भी पुलिस ने मुक्त कराया।

पुलिस जांच में सामने आया है कि पकड़े गए आरोपी करीब एक माह पहले सतईया गांव में हुई गोकशी की घटना में भी शामिल थे। फिलहाल पुलिस तीनों आरोपियों से पूछताछ कर पूरे नेटवर्क का पता लगाने में जुटी है। अधिकारियों का कहना है कि यह गिरोह लंबे समय से इलाके में सक्रिय था। मुठभेड़ के बाद पुलिस अब इनके अन्य साथियों और तस्करी के पूरे नेटवर्क को खंगाल रही है, ताकि इस तरह की घटनाओं पर पूरी तरह लगाम लगाई जा सके।

# ज्ञानवापी मस्जिद है और कयामत तक रहेगी: मौलाना शहाबुद्दीन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** धीरेंद्र शास्त्री के बयान पर देशभर में सियासी और धार्मिक बयानबाजी तेज हो गई है। अब मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि ज्ञानवापी मस्जिद मस्जिद है और कयामत तक मस्जिद ही रहेगी। इसे कलंक बताना पूरी तरह गलत और भड़काऊ है।

मौलाना रजवी ने साफ कहा कि ज्ञानवापी मस्जिद के मुद्दे पर किसी तरह का समझौता संभव नहीं है। उन्होंने दो टूक कहा कि वहां भगवा झंडा फहराने जैसी बातें न तो हकीकत हैं और न ही भविष्य में संभव होंगी। इस तरह के बयान समाज में तनाव बढ़ाने का काम करते हैं।

मौलाना ने धीरेंद्र शास्त्री को चेतावनी देते हुए कहा कि वे बहुसंख्यक समाज को उकसाने और भड़काने वाले बयान देने से बचें। उन्होंने कहा कि ऐसे बयान न केवल सामाजिक सौहार्द बिगाड़ते हैं बल्कि कानून-व्यवस्था के लिए भी चुनौती बन सकते हैं। मौलाना रजवी ने आरोप लगाया कि धीरेंद्र शास्त्री के दावे पूरी तरह झूठे हैं और इनका मकसद अदालत में चल रहे मामले को प्रभावित करना है। उन्होंने कोर्ट से स्वतः संज्ञान लेने की मांग करते हुए कहा कि शास्त्री को तलब कर उनसे ऐसे बयानों का जवाब मांगा जाए।

मौलाना ने कहा कि इस्लामी शरीयत के अनुसार किसी भी मंदिर को तोड़कर मस्जिद बनाना जायज नहीं है। इसलिए ऐसे दावों का कोई आधार नहीं है और इन्हें बेवजह प्रचारित किया जा रहा है। मौलाना रजवी ने जोर देकर कहा कि ज्ञानवापी से जुड़ा मामला फिलहाल अदालत में विचाराधीन है, जहां दोनों पक्ष अपनी-अपनी दलीलें रख रहे हैं। उन्होंने कहा कि अदालत का जो भी फैसला आएगा, वही सभी के लिए अंतिम और मान्य होगा।

# सीएम ग्रिड योजना को मिली रफ्तार, महर्षि चौक से श्यामगंज तक बनेगी स्मार्ट रोड

## करीब 36 करोड़ से डेढ़ किमी मार्ग का होगा कायाकल्प

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** मुख्यमंत्री ग्रीन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट (सीएम ग्रिड) योजना के तीसरे चरण को हरी झंडी मिलने के बाद शहर में स्मार्ट रोड निर्माण की तैयारियां तेज हो गई हैं। नगर निगम इस महत्वाकांक्षी परियोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कर रहा है और उम्मीद है कि मई के अंत तक काम जमीन पर उतर जाएगा। सीएम ग्रिड योजना के तहत महर्षि चौक से श्यामगंज पुल तक करीब डेढ़ किलोमीटर लंबे मार्ग को पूरी तरह आधुनिक स्मार्ट रोड के रूप में विकसित किया जाएगा। लगभग 36 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली इस सड़क से न सिर्फ यातायात व्यवस्था बेहतर होगी, बल्कि शहर की सुंदरता में भी बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा।

तैयार प्रस्ताव में सड़क के डिवाइडर को चौड़ा किया जाएगा और दोनों ओर व्यवस्थित फुटपाथ बनाए जाएंगे, ताकि पैदल चलने वालों को सुरक्षित सुविधा मिल सके। इसके साथ ही बिजली की सभी लाइनों को अंडरग्राउंड किया जाएगा, जिससे खुले तारों के जाल से मुक्ति मिलेगी। बिजली विभाग ने पहले 12 करोड़ रुपये का अनुमान तैयार किया था, जिसे संशोधित कर 9 करोड़ रुपये कर दिया गया है। इस पहल का असर आसपास के मॉडल टाउन, राजेंद्रनगर और कोहाड़ापीर जैसे प्रमुख इलाकों में भी दिखेगा, जहां जल निकासी और जर्जर सड़कों की समस्या में सुधार होगा। इससे शहरवासियों को बेहतर और आधुनिक बुनियादी सुविधाएं मिल सकेंगी। मुख्य अभियंता मनीष अवस्थी का कहना है कि सीएम ग्रिड योजना के तीसरे चरण की तैयारी कर ली है। जल्दी ही टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

# कुलपति लापता पोस्टर चिपकाकर एबीवीपी का हंगामा

- परीक्षा-परिणाम पर फूटा गुस्सा

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय (एमजेपीआरयू) में परीक्षा और परिणाम संबंधी अव्यवस्थाओं को लेकर सोमवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) का गुस्सा फूट पड़ा। सैकड़ों छात्रों ने प्रशासनिक भवन पर जमकर प्रदर्शन किया और कुलपति प्रो. केपी सिंह के खिलाफ नारेबाजी करते हुए 'कुलपति लापता' के पोस्टर चस्पा कर दिए। प्रदर्शन के दौरान विश्वविद्यालय परिसर में काफी देर तक हंगामे की स्थिति बनी रही।

एबीवीपी पदाधिकारियों का आरोप है कि विश्वविद्यालय की लचर व्यवस्था के चलते छात्रों का भविष्य दांव पर लग गया है। प्रांत संगठन मंत्री आनंद कठेरिया ने कहा कि परीक्षा और परिणाम से जुड़ी समस्याओं का तत्काल समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। छात्रों का कहना है कि बार-बार शिकायत के बावजूद प्रशासन कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है।

प्रदर्शन के दौरान परीक्षा नियंत्रक संजीव सिंह मौके पर पहुंचे, लेकिन उन्होंने समस्याओं का समाधान अपने स्तर पर संभव न होने की बात कही। इस पर नाराज छात्रों ने उन्हें ज्ञापन देने से ही इंकार कर दिया। बाद में कुलसचिव हरीशचंद्र भी मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक छात्रों का आक्रोश चरम पर था। इस धरने में बदायूं और शाहजहांपुर से आए छात्र भी शामिल रहे।

एबीवीपी ने आरोप लगाया कि घोषित परिणामों में बड़ी संख्या में छात्रों को को-करिकुलर विषयों में बैक दी गई है, जबकि कई छात्रों को एक समान अंक देकर प्रक्रिया पर सवाल खड़े कर दिए गए हैं। संगठन का दावा है कि यह पूरी प्रक्रिया आर्थिक वसूली का माध्यम बनती जा रही है। साथ ही, परीक्षा फॉर्म भरते समय चुने गए विषयों का स्वतः बदल जाना भी छात्रों के लिए बड़ी परेशानी बना हुआ है।

### शुल्क वृद्धि और तकनीकी खामियों से बढ़ी परेशानी

छात्रों का कहना है कि ग्रेजुएशन स्तर पर एक सेमेस्टर की फीस 1500 रुपये है, लेकिन बैक आने पर दो-तीन विषयों के लिए 3000 रुपये तक वसूले जा रहे हैं, जो अनुचित है। इसके अलावा, सर्वर स्लो होना, फॉर्म का स्वतः लॉक होना और वोकेशनल विषयों का बदल जाना जैसी तकनीकी समस्याओं से छात्र परेशान हैं। इन खामियों के कारण छात्रों को बार-बार कॉलेज और विश्वविद्यालय के चक्कर लगाने पड़ते हैं। एबीवीपी ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो विश्वविद्यालय में बड़ा आंदोलन किया जाएगा। फिलहाल, छात्रों के इस विरोध प्रदर्शन ने विश्वविद्यालय प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# भीषण गर्मी का असर: 40 पार पारा, स्कूलों में हीट अलर्ट, पानी-छाया अनिवार्य

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** जिले में गर्मी ने खतरनाक तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। सोमवार को अधिकतम तापमान 40.7 डिग्री सेल्सियस पहुंचने के बाद शिक्षा विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया है। बच्चों की सेहत को देखते हुए बेसिक शिक्षा विभाग ने सभी स्कूलों में तत्काल राहत इंतजाम लागू करने के कड़े निर्देश जारी कर दिए हैं।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. विनीता ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को साफ निर्देश दिए हैं कि स्कूलों में बच्चों के लिए शुद्ध पेयजल और पर्याप्त छाया की व्यवस्था अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। जिन स्कूलों में आरओ सिस्टम लगे हैं, उन्हें तत्काल चालू करने और जहां नहीं हैं, वहां वैकल्पिक व्यवस्था करने को कहा गया है। विभाग ने स्पष्ट कर दिया है कि छात्रों के स्वास्थ्य से किसी भी तरह का समझौता बर्दाश्त नहीं होगा। भीषण गर्मी को देखते हुए स्कूलों के समय में बदलाव की भी तैयारी शुरू हो गई है। उद्देश्य साफ है—बच्चों को दोपहर की झुलसा देने वाली धूप से बचाया जाए। इसके साथ ही कक्षाओं में पंखे और कूलर सही स्थिति में चलें, इसकी जिम्मेदारी सीधे स्कूल प्रशासन को सौंपी गई है। गर्मी के मौसम में भोजन से होने वाली बीमारियों को रोकने के लिए मिड-डे मील की गुणवत्ता पर विशेष नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। साफ-सफाई, ताजगी और पोषण मानकों का पालन सुनिश्चित करने को कहा गया है ताकि बच्चों की सेहत पर कोई खतरा न आए।

### आउटडोर गतिविधियों पर रोक

बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए स्कूलों में फिलहाल आउटडोर खेल और शारीरिक गतिविधियों पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है। साथ ही, स्कूल भवनों की छतों पर सफेद पेंट कराने और हीट रेजिस्टेंट मटेरियल के उपयोग का सुझाव भी दिया गया है, ताकि कक्षाओं का तापमान नियंत्रित रखा जा सके। विभाग ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में इन आदेशों का सख्ती से पालन कराएं। साफ संदेश है—गर्मी से बचाव में लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी, क्योंकि बच्चों की सुरक्षा ही सबसे बड़ी प्राथमिकता है।

# गाय चोरी में पुलिस की ढिलाई पर हंगामा

**बरेली।** थाना बारादरी क्षेत्र में गाय चोरी के मामले में पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। पीड़ित परिवार का आरोप है कि पुलिस ने गाय तो बरामद करा दी, लेकिन आरोपियों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई और न ही मुकदमा दर्ज किया गया। खुर्रम गौटिया निवासी अमर सिंह की पत्नी रीता देवी ने बताया कि 16 अप्रैल को उनके घर के बाहर बंधी गाय चोरी हो गई थी। शिकायत के बावजूद पुलिस ने शुरू में कोई ठोस कदम नहीं उठाया। बाद में मामला सोशल मीडिया पर उठने के बाद पुलिस सक्रिय हुई और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर रविवार को सुभाषनगर क्षेत्र से गाय बरामद कर ली गई। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि शिकायत करने से नाराज दबंग आरोपी हथियार लेकर घर में घुस आए और जान से मारने की धमकी दी। रीता देवी ने अब हिंदू संगठनों से न्याय की गुहार लगाई है।

# अतिक्रमण की परतें खुलीं, स्वीकृत भवन भी दायरे में, 22 को होगी बैठक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** शहर में अतिक्रमण की जांच ने चौंकाने वाला मोड़ ले लिया है। अब तक अवैध निर्माणों तक सीमित कार्रवाई में वे भवन भी फंस गए हैं, जिनके नक्शे विधिवत स्वीकृत थे। कोहाड़ापीर से जीआरएम स्कूल तक की शिकायतों पर जब पुराने शहरी रिकॉर्ड और राजस्व भूचित्रों से मिलान हुआ, तो कई दुकानों और भवनों का हिस्सा सड़क की जमीन पर कब्जा करता मिला।

प्रभारी समिति की जांच में 1920-21 के शहरी अभिलेख और 1936-37 के राजस्व भूचित्रों का मिलान किया गया। इस प्रक्रिया में कई ऐसे मामले सामने आए, जहां नक्शा पास होने के बावजूद निर्माण सड़क की सीमा में पाया गया। इससे पूरे सिस्टम पर सवाल खड़े हो गए हैं। जांच में यह भी सामने आया कि कई स्थानों पर स्वीकृत नक्शे से अधिक निर्माण किया गया है। कमर्शियल दुकानों और आवासीय भवनों में तय सीमा से आगे बढ़कर निर्माण करने के प्रमाण मिले हैं, जो सीधे तौर पर अतिक्रमण की श्रेणी में आ रहे हैं। सबसे हैरान करने वाली बात यह रही कि बरेली विकास प्राधिकरण द्वारा बेचे गए कुछ प्लॉट और दुकानों के हिस्से भी अतिक्रमण की जद में पाए गए हैं। जीआरएम स्कूल के सामने स्थित इन संपत्तियों में भी सड़क क्षेत्र पर कब्जे के संकेत मिले हैं।

सीएम ग्रिड योजना के दूसरे चरण में कोहाड़ापीर से नैनीताल रोड और पीलीभीत रोड तक कार्य प्रस्तावित है, लेकिन अतिक्रमण के कारण काम की रफ्तार धीमी पड़ गई है। प्रशासन अब इस बाधा को हटाने के लिए सख्त रुख अपनाता दिख रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए 22 अप्रैल को शाम 4 बजे अपर नगर आयुक्त कार्यालय में अहम बैठक बुलाई गई है। सभी संबंधित विभागों को अभिलेखों के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। अधिशासी अधिकारी राजीव कुमार राठी ने बताया कि बैठक के बाद अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की रूपरेखा तय की जाएगी।




राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorcha.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित जन-जन की आवाज़







लखनऊ वर्ष : 05 अंक : 69 मंगलवार 21 अप्रैल 2026 बैशाख शुक्ल चतुर्थी विक्रम संवत 2083 पृष्ठ : 10 मूल्य : 05 रूपया


## 'तेजी से लोकप्रिय हो रहे': के-पॉप और कोरियाई ड्रामा पर बोले पीएम मोदी, भारत-कोरिया मैत्री महोत्सव का भी ऐलान

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत में के-पॉप और कोरियाई ड्रामा तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। उन्होंने 2028 में भारत-कोरिया फ्रेंडशिप फेस्टिवल आयोजित करने का भी एलान किया। साथ ही कहा कि दक्षिण कोरिया में भी भारतीय संस्कृति की पहचान बढ़ रही है।

भारत और दक्षिण कोरिया के बीच बढ़ते रिश्तों को अब संस्कृति का मजबूत सहारा मिल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साफ कहा है कि भारत में ङ-पॉप और ङ-ड्रामा तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। इसी के साथ उन्होंने दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक जुड़ाव को और मजबूत करने के लिए 2028 में भारत-कोरिया मैत्री महोत्सव आयोजित करने का बड़ा एलान किया है। इस कदम को दोनों देशों के रिश्तों में नई ऊर्जा के रूप में देखा जा रहा है।

दिल्ली में दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग के साथ संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में पीएम मोदी ने कहा कि भारत में कोरियाई मनोरंजन की लोकप्रियता तेजी से बढ़ रही है। वहीं कोरिया में भारतीय सिनेमा और संस्कृति की पहचान भी मजबूत हो रही है। उन्होंने कहा कि यह सांस्कृतिक आदान-प्रदान दोनों देशों के बीच रिश्तों को और गहरा बना रहा है।



प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज भारत में के-पॉप और कोरियाई-ड्रामा बेहद लोकप्रिय हो गए हैं। युवाओं के बीच इनकी खास पकड़ है। सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म ने इस लोकप्रियता को और बढ़ाया है। इससे यह साफ होता है कि कोरियाई संस्कृति अब भारतीय समाज में तेजी से अपनी जगह बना रही है।

पीएम मोदी ने घोषणा की कि दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने के लिए 2028 में भारत-कोरिया मैत्री महोत्सव आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ली भी भारतीय सिनेमा को पसंद करते हैं और इस तरह के आयोजन से दोनों देशों के लोगों के बीच जुड़ाव और मजबूत होगा।

प्रधानमंत्री ने भारत और कोरिया के बीच पुराने सांस्कृतिक संबंधों का भी जिक्र किया। उन्होंने अयोध्या की राजकुमारी सूरिरत्ना की कहानी बताई, जो कोरिया जाकर राजा किम सुरो से विवाह करती हैं। कोरिया में उन्हें रानी ह्यो ह्वांग-ओक के नाम से जाना जाता है। यह कहानी दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक रिश्तों का प्रतीक मानी जाती है।

के-पॉप और कोरियाई ड्रामा अब पूरी दुनिया में लोकप्रिय हो चुके हैं। बीटीएस, ब्लैकपिंक और अन्य ग्रुप्स ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ी पहचान बनाई है। इनका प्रभाव भारत में भी तेजी से बढ़ा है। इससे दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक जुड़ाव और मजबूत हुआ है। भारत और दक्षिण कोरिया के बीच यह बढ़ता सांस्कृतिक रिश्ता अब कूटनीतिक और सामाजिक स्तर पर भी असर डाल रहा है। आने वाले समय में यह साझेदारी और मजबूत हो सकती है, जिससे दोनों देशों के लोगों के बीच समझ और सहयोग बढ़ेगा।

## भारत को समझने के लिए संस्कृत का समझना जरूरी... बोले संघ प्रमुख मोहन भागवत- 'यह राष्ट्र की आत्मा'

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने देश में संस्कृत के अधिक प्रचार-प्रसार की सोमवार को पुरजोर वकालत की और कहा कि इसके प्रसार में वृद्धि न केवल अन्य सभी भारतीय भाषाओं को समृद्ध करेगी और उनके बीच एक सेतु का काम करेगी, बल्कि लोगों को भारत के प्राचीन विचारों और संस्कृति से भी जोड़ेगी।

भागवत ने 'संस्कृत भारती' के नवनिर्मित केंद्रीय कार्यालय के उद्घाटन के लिए यहां आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 'भारत' नाम केवल भौगोलिक नहीं है। उन्होंने कहा, "भारत एक परंपरा है, एक आधार है जिस पर जीवन का प्रवाह निरंतर बना रहता है। यह एक ऐसी परंपरा है जो संपूर्ण ब्रह्मांड में जीवन को बनाए रखती है, जिसमें इसके सभी सजीव और निर्जीव घटक शामिल हैं। विश्व को इस परंपरा की निरंतर आवश्यकता है और इस आवश्यकता को पूरा करना उन लोगों का कर्तव्य है जो स्वयं को भारतीय मानते हैं।"

भागवत ने कहा कि इसके लिए 'भारत को जानना और समझना' आवश्यक है, साथ ही इसके 'ज्ञान की संपूर्ण संपदा' को भी समझना होगा, ताकि इसे जीवंत रखा जा सके और आगे बढ़ाया जा सके।" उन्होंने कहा, "यदि ये सब करना है, तो भारत को समझने के लिए संस्कृत को समझना अनिवार्य है। भारत में अनेक भाषाएं हैं। भारत की प्रत्येक भाषा अपने आप में एक राष्ट्र भाषा है। लेकिन इन विविध राष्ट्र भाषाओं को जोड़ने वाली कड़ी क्या है? वह है संस्कृत।"



भागवत ने संस्कृत भारती से देश में संस्कृत के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए प्रयास करने का आह्वान किया और कहा कि इस दिशा में कार्य इतना आगे बढ़ना चाहिए कि भारत का हर व्यक्ति संस्कृत में बातचीत करने में सक्षम हो सके। आरएसएस प्रमुख ने कहा, "संस्कृत मात्र एक भाषा नहीं है। भारत में संस्कृत राष्ट्र के 'प्राण' हैं। विचार, जीवन और संस्कृति की जो सबसे प्राचीन परंपरा आज भी विद्यमान है-वह भारत ही है।"

## बंगाल चुनावः फ्लाइट में हुई देरी पर भड़कीं ममता बनर्जी, कहा- भाजपा के लोग चले जाएंगे, आपको यहीं रहना है

**एजेंसी समाचार**



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को केंद्रीय एजेंसियों पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि चुनाव के इस मौसम में उनकी यात्रा की योजनाओं में बाधा डाली जा रही है। ममता बनर्जी के अनुसार, उनकी फ्लाइट को रनवे पर आधे घंटे तक रोक कर रखा गया। कोलकाता के बेलेघाटा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने यह बात कही। ममता ने बताया कि आज वापसी के समय उन्हें रनवे पर तीस मिनट तक इंतजार करना पड़ा। उन्होंने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का भी उदाहरण दिया। ममता ने दावा किया कि कल झाड़ग्राम में हेमंत सोरेन के हेलीकॉप्टर को भी 40 मिनट तक रोका गया था। तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ने कहा कि पिछले एक महीने से उन्हें रेलवे और विमानन विभाग जैसी केंद्रीय एजेंसियों से सहयोग नहीं मिल रहा है। उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि मुख्यमंत्रियों को हमेशा प्राथमिकता मिलनी चाहिए। ममता ने विमानन विभाग के अधिकारियों को चेतावनी भरे लहजे में कहा कि कुछ अधिकारी शायद यह बात भूल गए हैं। भाजपा के नेता तो चले जाएंगे, लेकिन अधिकारियों को यहीं हमारे साथ रहना है। ममता बनर्जी ने सोमवार को बीरभूम के मुरारई, उत्तर 24 परगना के खरदह और कोलकाता के बेलियाघाटा में रैलियां कीं। हालांकि, विमानन अधिकारियों की तरफ से इन आरोपों पर अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

## दो पैन कार्ड मामले में आजम और अब्दुल्ला की अपील खारिज

### पूर्व विधायक नवेद मियां के हाईकोर्ट पर होगी सुनवाई

**- जागरण मोर्चा, कार्यालय**

**रामपुर।** एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में सोमवार को दो पैन कार्ड के मामले में पूर्वमंत्री आजम खां, पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम अपील पर न्यायालय ने फैसला सुनाते हुए खारिज कर दिया। जिससे आजम परिवार और उनके समर्थकों को झटका लगा है। सपाइयों में मायूसी छा गई है। जबकि पूर्व विधायक नवेद मियां के अधिवक्ता के माध्यम से हाईकोर्ट के आदेश को दाखिल किया गया। जिसमें उन्होंने अपना पक्ष रखने की अपील की है।

मालूम हो कि 17 नवंबर 2025 को मजिस्ट्रेट कोर्ट ने दो पैन कार्ड के मामले में दोषी करार देते हुए 7-7 साल की सजा, 1 लाख रुपये का जुमार्ना डाला था।मजिस्ट्रेट कोर्ट के फैसले को चुनौती देते सपा नेता आजम खां के अधिवक्ता ने दो अपील दाखिल की थी। 20 से ज्यादा तारीखें लगी और सात महीने 3 दिन में अदालत ने सोमवार को फैसला सुनाते दोनों की अपील को खारिज कर दी। पूर्व विधायक नवेद मियां के अधिवक्ता ने कोर्ट में हाईकोर्ट के आदेश को दाखिल किया। जिसमें उन्होंने



आजम-अब्दुल्ला की सजा बढ़ाए और उनके पक्ष को सुनने की मांग की है। एडीजीसी सीमा सिंह राणा ने बताया कि सोमवार को कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए आजम खां, अब्दुल्ला आजम के अपील को खारिज कर दिया है। पूर्व विधायक नवेद मियां ने हाईकोर्ट के आदेश को कोर्ट में दाखिल किया है। जिसमें कोर्ट अब इस सुनवाई करेगी। कि सजा बढ़ाई जाए या नहीं। कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए मजिस्ट्रेट कोर्ट ने फैसले को बरकरार रखा है। मालूम कि वर्ष 2019 में शहर विधायक आकाश सक्सेना ने आजम खां, अब्दुल्ला के खिलाफ दो पैन कार्ड मामले में मुकदमा दर्ज कराया गया था। अपील खारिज होने के बाद आजम खां और उनके परिवार को झटका लगा है।

**सात माह से आजम खां, उनके बेटे अब्दुल्ला आजम खां जेल में है बंद**

13 माह बाद सितंबर 2025 में सीतापुर से जेल से रिहा होकर आजम खां घर आए थे। जमानत पर आने के बाद लगभग डेढ़ माह घर रहे। इस बीच कई देश-प्रदेश के पूर्वमंत्री, एमपी-एमएलए जिनमें सांसद इकरा हसन, विधायक नाहिद हसन, पूर्वमंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य, अंबिका चौधरी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष माता प्रसाद पांडेय जैसे वरिष्ठ नेता उनके घर, यूनिवर्सिटी उनसे मिलने पहुंचे थे। इसी बीच उन्होंने अजमेर शरीफ ख्वाजा मुईन उद्दीन चिश्ती दरगाह पर हाजरी भी दी थी।

## प्रदेश में भीषण गर्मी को देखते हुए बदला गया स्कूलों का समय, खुलने और बंद होने के टाइम में होगा ये बदलाव

**एजेंसी समाचार**

**लखनऊ।** प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी से बच्चों को राहत दिलाने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग ने स्कूलों के समय में बदलाव किया है। बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में अब सुबह 7.30 से दोपहर 12.30 बजे पढ़ाई होगी। अभी स्कूलों का समय सुबह आठ से दोपहर दो बजे तक है।



बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने कहा है कि प्रदेश में गर्मी व हीटवेव को देखते हुए बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन संचालित परिषदीय विद्यालय सुबह 7.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक चलेंगे। विद्यालयों में पढ़ाई 7.30 से दोपहर 12.30 बजे तक होगी। जबकि विद्यालयों में प्रार्थना सभा, योगाभ्यास सुबह 7.30 से 7.40 बजे तक होगा। उन्होंने कहा है कि मध्यावकाश सुबह 10 से 10.15 बजे तक होगा। वहीं शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी विद्यालय में सुबह 7.30 से दोपहर 1.30 बजे तक रहेंगे। इस दौरान वे शैक्षणिक, प्रशासकीय व अन्य कार्यों को पूरा करेंगे। निदेशक ने कहा है कि मान्यता प्राप्त विद्यालयों के लिए प्रबंध समिति आवश्यक निर्णय लेने को अधिकृत होगी। बता दें कि प्रदेश में तेजी से बढ़ रही गर्मी को देखते हुए शिक्षक संगठन लगातार विद्यालयों का समय बदलने की मांग कर रहे थे।

## 'जंग के लिए इस्राइल ने नहीं उकसाया': तनाव के बीच ट्रंप का बड़ा दावा, ईरान से बातचीत को लेकर बड़े संकेत भी दिए

**एजेंसी समाचार**

**वॉशिंगटन।** ईरान को लेकर बढ़ते तनाव के बीच डोनाल्ड ट्रंप का बयान कूटनीतिक हलचल बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि ठोस प्रगति होने पर वे ईरान नेतृत्व से मिलने को तैयार हैं। इसके साथ ही उन्होंने अपने एक पोस्ट में इस्राइल को लेकर भी बड़ा दावा किया। आइए जानते हैं उन्होंने क्या कहा?

ईरान को लेकर बढ़ते तनाव और कूटनीतिक खींचतान के बीच अब हालात बेहद संवेदनशील मोड़ पर पहुंचते दिख रहे हैं। बयानबाजी से लेकर बैकचैनल बातचीत तक, हर कदम पर दुनिया की नजर टिकी हुई है। इसी बीच डोनाल्ड ट्रंप ने एक ऐसा बयान दिया है जिसने सियासी गलियारों में हलचल और तेज कर दी है। ट्रंप ने साफ संकेत दिया है कि अगर बातचीत में ठोस नतीजा निकलता है, तो वह सीधे ईरान के शीर्ष नेतृत्व से आमने-सामने बातचीत करने को तैयार हैं।



दूसरी ओर ट्रंप ने ईरान के नए नेतृत्व को एक स्पष्ट और कड़ा संदेश दिया है। उन्होंने कहा है कि यदि ईरान के नेता स्मार्ट यानी समझदार हुए, तो उनके देश का भविष्य उज्ज्वल हो सकता है। यह बयान ऐसे समय आया है जब ईरान के साथ कूटनीतिक बातचीत का माहौल अनिश्चितता से भरा हुआ है। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर यह टिप्पणी की, जिसने ईरान के परमाणु कार्यक्रम और भविष्य को लेकर अमेरिका के रुख पर एक बार फिर चर्चा छेड़ दी है।

अपने पोस्ट में ट्रंप ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि ईरान कभी भी परमाणु हथियार हासिल नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि 7 अक्तूबर को हुई घटनाओं ने इस राय को और भी मजबूत किया है। ट्रंप ने यह भी स्पष्ट किया कि इस्राइल ने उन्हें ईरान के साथ युद्ध में शामिल होने के लिए प्रेरित नहीं किया, बल्कि यह उनके अपने विचारों का परिणाम था। इसके साथ ही, ट्रंप ने मीडिया द्वारा फैलाई जाने वाली फेक न्यूज" और पक्षपातपूर्ण सर्वेक्षणों पर भरोसा न करने की बात कही, जिनका उद्देश्य जनता को गुमराह करना होता है।

इसके अलावा न्यूयॉर्क पोस्ट को दिए इंटरव्यू में ट्रंप ने बताया कि अमेरिकी टीम, जिसमें जेडी वेंस, स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर शामिल हैं, बातचीत के लिए इस्लामाबाद पहुंचने वाली है। अपने बयान में ट्रंप ने आगे इस बात पर भी जोर दिया कि अमेरिका ईरान के साथ बातचीत की तैयारी कर रहा है और उन्हें उम्मीद है कि इस स्तर पर कोई भी पक्ष खेल नहीं खेलेगा, यानी बातचीत को गंभीरता से लिया जाएगा। ट्रंप ने साफ कहा कि इस पूरी बातचीत की सबसे अहम शर्त यह है कि ईरान को अपने पास परमाणु हथियार रखने का इरादा छोड़ना होगा। उनके मुताबिक, यह एक ऐसी मांग है जिस पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

## अप्रैल में जून जैसी गर्मी, 44.4 डिग्री के साथ प्रयागराज रहा सबसे गर्म; मौसम विभाग ने जारी की चेतावनी

**एजेंसी समाचार**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी और तपिश लोगों पर कहर बनकर टूट रही है। मौसम विभाग का कहना है कि फिलहाल अगले एक हफ्ते तक प्रचंड गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है।

मंगलवार के लिए प्रदेश के बुंदेलखंड के इलाके समेत 26 जिलों में हीटवेव यानी लू चलने की चेतावनी जारी की है। वहीं पश्चिमी यूपी के सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर आदि में उष्ण रात्रि यानी बेहद गर्म रात होने की भी बात कही है। इससे लोगों को रात में भी गर्मी से राहत नहीं मिलेगी

सोमवार को 44.4 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ प्रयागराज प्रदेश में सर्वाधिक गर्म रहा। वहीं 44 डिग्री के साथ वाराणसी प्रदेश में दूसरे नंबर पर रहा। वहीं हमीरपुर में 27.2 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे गर्म रात रही।

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि यूपी में तापमान लगातार बढ़ रहा है। शुष्क पछुआ हवाओं और मौसम के प्रभाव से कई जिलों में लू चलने की स्थिति बन गई है। अगले पांच दिनों तक यूपी में मौसम शुष्क रहेगा।

**इन 26 जिलों के लिए है लू की चेतावनी**

बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिजार्पुर, चंदौली, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, शाहजहांपुर, बदायूं, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर व आसपास के इलाकों में लू की चेतावनी है।

**इन जिलों में है उष्ण रात्रि की संभावना**

सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर व आसपास के इलाकों में उष्ण रात्रि की संभावना है।



## आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

मोबाइल नंबर
7906815587, 9758444242


## एक नजर

### चोरी किए माल के साथ गिरफ्तार

**रामपुर।** थाना पटवाई पुलिस ने चोरी हुए माल के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने निशानदेही पर प्लास, साइकिल भी बरामद की हैं। पुलिस ने कुलवन्त थाना पटवाई निवासी ग्राम ताजपुर बहेटा को सहविया कला मोड के पास पुलिया से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर कोर्ट भेज दिया है जहां से कोर्ट ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

### शाहबाद में फर्जी नंबर प्लेट लगाकर चल रही टैक्सी सीज

**शाहबाद।** यातायात पुलिस की टीम ने शाहबाद क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाकर नियमों की अनदेखी करने वालों पर कार्रवाई की। अभियान के दौरान एक टैक्सी परमिट अर्टिगा कार पर दूसरी गाड़ी की नंबर प्लेट लगकर चल रही थी, यातायात पुलिस ने अर्टिगा कार को सीज कर थाने में खड़ा करा दिया।चेकिंग के दौरान शराब पीकर वाहन चला रहे चालकों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। प्रवर्तन टीम ने ड्रिंक एंड ड्राइव के तीन चालान काटे और चालकों को कड़ी चेतावनी दी। इसके अलावा स्कूलों में संचालित बसों की भी जांच की गई। टीम ने बसों के परमिट, फिटनेस, फर्स्ट एड बॉक्स समेत अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को चेक किया। इस दौरान वाहन चालकों और संचालकों को यातायात नियमों का पालन करने तथा बच्चों की सुरक्षा को सर्वोपरि रखने के निर्देश दिए गए। टीएसआई नृपेन्द्र सिंह ने बताया कि सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# जिला अस्पताल में सर्जन से परामर्श लेने आई महिला का छीना पर्स

## कमरा नंबर 9 में चिकित्सक से लेने आई परामर्श, तीमारदारों को भी नहीं छोड़ रहे हैं बदमाश

जागरण मोर्चा, कार्यालय


गार्ड से बातचीत करती पीड़ित जमना।

**रामपुर।** जिला अस्पताल में चिकित्सक को दिखाने आई महिला का पर्स छीन लिया। यह देख वह सीएमएस कक्ष पहुंची। जहां वह कक्ष में फूट-फूटकर रोने लगी। इसके बाद वह कक्ष के बाहर आ गई। इसी बीच उसने अस्पताल में तैनात गार्ड को जानकारी दी। वह गार्ड को लेकर कमरा नंबर 9 में जनरल सर्जन कक्ष में ले गई। इसके बाद उसने इसकी जानकारी चौकी पुलिस को दी।

जिला अस्पताल में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। पूर्व में भी कई चोरी की घटनाएं सामने आ चुकी है। पहले अस्पताल में सुरक्षा के लिए महिला पुलिसकर्मियों को तैनाती रहती थी। जोकि अब गायब हैं। तहसील शाहबाद निवासी जमना जोकि अस्पताल के कमरा नंबर 9 में सर्जन से परामर्श लेने आई। तो इसी बीच चिकित्सक से बात करते समय एक महिला पर्स छीनकर रफूचक्कर हो गई। जमना से महिला का पीछे करने को कोशिश की। लेकिन वह भाग गई। इस मामले में सीएमएस डॉ.बीसी सक्सेना ने बताया कि एक महिला का पर्स छीन लिया है। पहले अस्पताल में पुलिसकर्मियों की तैनाती रहती थी।

### अस्पताल में चौकी होने के बाद भी बदमाश सक्रिय

अस्पताल में पुलिस चौकी होने के बाद भी बदमाश सक्रिय है। इलाज कराने आने वाले मरीज और उनके तीमारदारों को भी बदमाश नहीं छोड़ रहे हैं। बदमाश मौका पाकर महिलाओं के पर्स या फिर गले में पड़ी सोने की चेन छीनकर ले जाते हैं। इससे पहले भी कई बार लूट की घटनाएं हो चुकी है लेकिन उसके बाद भी पुलिस इन बदमाशों पर रोक लगाने में नाकाम साबित हो रही है। कई बार बदमाश नशा सुंघाकर महिलाओं के जेवर लूट कर ले जा चुके हैं।

### दिन भर युवक अस्पताल में आते हैं नजर

जिला अस्पताल में मरीज चेकअप कराने और दवा लेने के लिए आते हैं। लेकिन कुछ माह से अस्पताल एक घूमने का अड्डा बनकर रह गया है सुबह से लेकर देर तक अस्पताल में बिना काम के बहुत से युवक चक्कर काटते रहते हैं जबकि वहां पर तैनात सिक्योरिटी गार्ड और पुलिस कर्मी तक उनको रोकने की कोशिश नहीं करते हैं जिससे आए दिन मरीजों के साथ लूटपाट की घटनाएं हो रही है। चौकी पर तैनात पुलिसकर्मी चौकी के बाहर कुर्सी डालकर खानापूर्ति करते रहते हैं।

# हाईवे पर मैजिक और बाइक की टक्कर में चाचा-भतीजा जख्मी


घायल युवक का उपचार करते स्वास्थ कर्मी। –जागरण मोर्चा

**शाहबाद।** सोमवार को मैजिक और बाइक की टक्कर में चाचा-भतीजा गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिनको शाहबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।जानकारी के अनुसार, शाहबाद थाना क्षेत्र के बमनपुरी निवासी शोभिंदर अपने भतीजे विनय के साथ बाइक से शाहबाद तहसील क्षेत्र के ढोलसर मतवाली स्थित अपनी ससुराल में एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। मतवाली गांव के पास एक मैजिक चालक वाहन को पीछे कर रहा था। इसी दौरान शोभिंदर की बाइक मैजिक से टकरा गई। टक्कर के बाद शोभिंदर और विनय सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

मैजिक चालक ने तत्काल दोनों घायलों को उठाकर सीएचसी शाहबाद पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने उन्हें प्राथमिक उपचार दिया।

# जिला अस्पताल महिला की मौत के मामले में तीन को नोटिस

- गुस्साएं परिजनों ने अस्पताल स्टॉफ पर लगाया था लापरवाही का आरोप

जागरण मोर्चा, कार्यालय



**रामपुर।** जिला अस्पताल में हुई चार दिन पहले महिला की मौत के मामले में अस्पताल प्रशासन ने आउटसोर्सिंग स्टॉफ को नोटिस जारी किया है। नोटिस में कहा गया है कि स्पष्टीकरण दें नोटिस जारी होने पर अन्य स्टॉफ कर्मियों में खलबली मची हुई है।

शनिवार को भोट बक्काल निवासी सत्यप्रकाश की पत्नी चंद्रावती की जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई थी। मौत होने पर अस्पताल में गुस्साएं परिजनों में जमकर हंगामा किया था।

हंगामे की सूचना मिलने पर चौकी पुलिस और शहर कोतवाल भी पहुंचे थे। जहां उन्होंने गुस्साएं परिजनों ने पुलिस ने समझा बुझाकर शांत कराया था। परिजनों का आरोप था कि चिकित्सक पीते रहे चाय, नहीं किया इलाज। इस मामले में अस्पताल प्रशासन ने तीन आउटसर्सोसिंग स्टॉफ को नोटिस जारी किया है। जिसमें सरोज कुमारी, अमित कुमार मेल स्टॉफ और राहुल वर्मा वार्ड ब्वॉय आउटसोर्सिंग से स्पष्टीकरण मांगा है। नोटिस में सीएमएस ने कहा कि स्पष्टीकरण तत्काल मेट्रन के माध्यम से कार्यालय में जमा करें। जमा नहीं करने पर कार्रवाई की जाएगी।

# सवारियों से भरी डबल डेकर बस दुर्घटनाग्रस्त

- डग्गामारी से चल रहीं अवैध बसों पर कब लगेगी लगाम

जागरण मोर्चा कार्यालय


हादसे के बाद मौके पर लगी भीड़। –जागरण मोर्चा

**मिलक।** बरेली हाईवे पर मिलक क्षेत्र में रविवार को बड़ा हादसा होते-होते टल गया। लुधियाना से जनपद गोंडा जा रही सवारियों से भरी डबल डेकर बस मोगा ढाबा के पास अनियंत्रित होकर हादसे का शिकार हो गई। बस में क्षमता से अधिक करीब 80 यात्री सवार थे। हादसे में कई यात्री घायल हुए हैं। जिनका उपचार कराया गया है। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई।

बताया जा रहा है कि यह बस डग्गामारी कर अवैध रूप से संचालित की जा रही थी। रामपुर-बरेली हाईवे पर लंबे समय से अवैध डबल डेकर बसों का संचालन हो रहा है। ये बसें पंजाब से यूपी-बिहार तक सवारियां भरकर ले जाती हैं और क्षमता से दोगुना-तिगुना यात्री बैठाती हैं। स्थानीय लोगों में आक्रोश है कि हाईवे पर खुलेआम ओवरलोड बसें दौड़ रही हैं, लेकिन परिवहन विभाग और पुलिस के अधिकारी चुप हैं। आए दिन हादसे होते हैं, फिर भी अवैध बस संचालन पर रोक नहीं लग पा रही है। लोगों का आरोप है कि अधिकारियों की मिलीभगत के बिना ये संभव नहीं।मोगा ढाबा के पास बस के दुर्घटनाग्रस्त होते ही चीख-पुकार मच गई। राहगीरों ने तत्काल राहत कार्य शुरू किया। सूचना पर पहुंची भिजवाया। कुछ यात्रियों को गंभीर चोटें आई हैं।

गनीमत रही कि बस पलटी नहीं, वरना जनहानि हो सकती थी। कोतवाली प्रभारी पुष्कर सिंह ने बताया कि इस घटना के सम्बन्ध में कोई भी शिकायती पत्र नहीं मिला है शिकायती पत्र मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# दूसरे मर्दों संग संबंध बनाने का दबाव वाले दहेज लोभी पति समेत 5 पर केस दर्ज

- दहेज में 10 लाख रुपए की मांग पूरी न होने पर पत्नी को दिया तीन तलाक, बच्चों संग घर से निकाला

जागरण मोर्चा कार्यालय




**शाहबाद।** शहर के मोहल्ला बेदान निवासी एक महिला ने अपने पति समेत पांच लोगों पर दहेज उत्पीड़न, मारपीट और तीन तलाक देकर घर से निकालने का आरोप लगाते हुए एसपी को प्रार्थना पत्र देकर केस दर्ज करने की गुहार लगाई है। शाहबाद पुलिस ने एसपी के आदेश पर महिला के पति समेत कुल 5 लोगों पर संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। पीड़िता सबा की तहरीर के अनुसार उसकी शादी सितारगंज उधम सिंह नगर उत्तराखंड निवासी अरबाज से 15 जुलाई 2015 को मुस्लिम रीति-रिवाज से हुई थी। उसके पिता ने अपनी हैसियत के अनुसार दहेज दिया था, लेकिन ससुराल वाले इससे खुश नहीं थे। शादी के बाद उसके दो पुत्र भी पैदा हुए। लेकिन शादी के बाद से ही ससुराल वाले दहेज में 10 लाख रुपये लाने के लिए प्रताड़ित करने लगे, कई दिनों तक भूखा भी रखा जाता था।

सबा ने आरोप लगाया कि उसका पति अरबाज नशेड़ी और अय्याश किस्म का व्यक्ति है। वह उसे अन्य व्यक्तियों के साथ संबंध बनाने के लिए मजबूर करता था। मना करने पर सिगरेट से उसके शरीर को जलाता था, जिससे उसे असहनीय दर्द होता था।आरोप है कि उसका ननदोई सुल्तान समय समय पर उसकी ससुराल आकर उसके साथ अश्लील हरकत करता था। शिकायत के अनुसार 8 फरवरी 2026 को ससुराल वालों ने एक राय होकर उसको बुरी तरह मारा पीटा और पति अरबाज ने उसे तीन तलाक देकर दोनों बच्चों अरीब और हमजा के साथ घर से निकाल दिया। घर से निकाले जाने के बाद सबा अपने मायके पहुंची और अपनी आपबीती मां और भाई को बताई। जब उसके भाई ने ससुराल वालों से फोन पर बात करने की कोशिश की, तो उन्होंने उसे और उसकी मां को भी अपमानित किया।

एसपी के आदेश पर शाहबाद पुलिस ने महिला की तहरीर पर महिला के पति अरबाज, ससुर रियाज, सास शाहाना, ननद आरिशा और नंदोई सुल्तान के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया है।

# चाइनीज मांझे की धरपकड़ को लेकर दुकानों पर छापेमारी

- दुकानदारों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी हालत में चाइनीज मांझा न बेचें


दुकानों पर चेकिंग करते कोतवाल प्रदीप कुमार। –जागरण मोर्चा

**शाहबाद।** शहर में सोमवार को पुलिस ने पतंग और मांझा बेचने वाली दुकानों पर चाइनीज मांझे की चेकिंग को लेकर अभियान चलाया। इस दौरान बाजार की विभिन्न दुकानों पर पहुंचकर टीम ने बारीकी से जांच की।

जांच के दौरान कहीं भी प्रतिबंधित चाइनीज मांझा बरामद नहीं हुआ। कोतवाल प्रदीप कुमार ने बताया कि शहर के मोहल्ला कानून गोयान, सादात, खटपुर एवं हकीमान में चेकिंग के दौरान दुकानदारों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि वे किसी भी हालत में चाइनीज मांझा न बेचें। अन्यथा कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बताया कि चाइनीज मांझा से अक्सर हादसे होते हैं, जिससे लोगों की जान को खतरा रहता है। इसी को देखते हुए यह अभियान चलाया गया है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। कोतवाल ने स्पष्ट किया कि भविष्य में यदि किसी दुकान पर चाइनीज मांझा पाया गया तो संबंधित विक्रेता के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही आम लोगों से भी अपील की गई है कि वह चाइनीज़ मांझे का प्रयोग न करें।

# समाज को मिले माटी कला योजना का लाभः रामकुमार


बैठक में बोलते जिला अध्यक्ष लाला रामकुमार प्रजापति। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** भारतीय प्रजापति समाज की एक बैठक जिला अध्यक्ष लाला रामकुमार प्रजापति के निवास स्थान टैक्सी स्टैंड रोड पर संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।

जिलाध्यक्ष लाला रामकुमार ने कहा समाज के दबे कुचले माटी कला शिल्पकारों को मिट्टी के पट्टों को दिलाए जाने के लिए विभागीय अफसरों से वार्ता की जाएगी। जिससे मिट्टी का कार्य करने वाले शिल्पकारों को मदद मिल सके। उन्होंने कहा अवैध पट्टों पर किए गए कब्जों को मुक्त कराने के लिए विभाग के अधिकारियों को बताया जाएगा। इस सम्बंध में जल्द ही जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया जाएगा। जिससे लोगों को सरकार द्वारा समाज के उत्थान के लिए चलायी जा रही माटी कला स्वरोजगार योजना का लाभ मिल सके। बैठक में ग्राम प्रधान कुंवरपाल प्रजापति, दिनेश कुमार प्रजापति, संजू बाबा प्रजापति, डाल चंद गोला, जय प्रकाश प्रजापति, गंगाराम राम प्रजापति, राजीव कुमार प्रजापति उपस्थित रहे। बैठक का संचालन लाल सिंह प्रजापति ने किया।

# स्कूली बसों की फिटनेस, प्रमाण पत्र- रजिस्ट्रेशन को किया चेक

जागरण मोर्चा, कार्यालय



स्कूली बस के चालक से बातचीत करते उपनिरीक्षक। –जागरण मोर्चा

**रामपुर।** यातायात पुलिस द्वारा जनपद में विशेष अभियान चलाकर स्कूली वाहनों की सघन चेकिंग की गई । इस दौरान वाहनों के फिटनेस प्रमाणपत्र, बीमा, रजिस्ट्रेशन, परमिट एवं अन्य आवश्यक प्रपत्रों का गहन निरीक्षण किया गया ।

चेकिंग के दौरान संबंधित वाहन चालकों एवं संचालकों को निर्देशित किया गया कि सभी आवश्यक दस्तावेज अद्यतन रखें तथा यातायात नियमों का पूर्णतः पालन करें। साथ ही स्कूली बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ओवरलोडिंग न करने, वाहनों में निर्धारित सुरक्षा मानकों फायर एक्सटिंग्विशर, फर्स्ट एड बॉक्स को अनिवार्य रूप से निर्देशित किया गया। यातायात प्रभारी ने बताया कि इस प्रकार के अभियान निरंतर चलाए जाते रहेंगे, जिससे बच्चों की सुरक्षित आवागमन हो सके। सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके।

# 10 दिन के लिए एक्सईएन को मिला अतिरिक्त प्रभार

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** तोपखाना गेट स्थित लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता जोकि छुट्टी पर गए हैं, इसलिए विभाग का चार्ज निर्माण खंड के अधिशासी अभियंता को 10 दिन तक के लिए मिला है। यह जानकारी निर्माण खंड के एक्सईएन ने दी।

निर्माण, प्रांतीय खंड के अधिशासी अभियंता केवी सिंह ने छुट्टी लेकर 10 दिन के लिए बाहर गए हुए हैं। ऐसे में उन्होंने निर्माण खंड के चार्ज एक्सईएन गौरव सिंह को देकर गए हैं। विभागीय कर्मचारियों से जानकारी मिली है कि जब निर्माण खंड के एक्सईएन कहीं जाते हैं तो प्रांतीय खंड के एक्सईएन को चार्ज, प्रांतीय खंड के एक्सईएन छुट्टी लेकर जाते हैं तो निर्माण खंड को चार्ज मिल जाता हैं। प्रांतीय खंड के एक्सईएन के 10 दिन के लिए अवकाश पर है जोकि निर्माण खंड के एक्सईएन को चार्ज देकर गए हैं

कार्यक्रम | पूर्व सांसद श्याम बिहारी मिश्रा की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम

# शर्बत वितरित कर मनाई पुण्यतिथि

जागरण मोर्चा, कार्यालय



फोटो : बर्तन बाजार में लोगों को शर्बत वितरित करते जिलाध्यक्ष व अन्य। –जागरण मोर्चा

**रामपुर।** पूर्व सांसद श्याम बिहारी की पुण्यतिथि को व्यापारियों ने शर्बत वितरित करके मनाई। इस मौके पर जिलाध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा ने कहा कि व्यापारी समाज को एक सूत्र में पिरोकर उसे स्वाभिमान, मान-सम्मान एवं गरिमा के साथ जीने और व्यापार करने की दिशा दी। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने पूर्व सांसद की पुण्यतिथि मनाई। मिस्टन गंज, जामा मस्जिद, बर्तन बाजार में राहगीरों को पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में शर्बत पिलाया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि पूर्व सांसद उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेशाध्यक्ष और चार बार के सांसद रहे। इनको उत्तर प्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरे देश में व्यापार मंडल की मजबूत नींव रखकर आपने व्यापारी समाज को संगठित करने का ऐतिहासिक कार्य किया। आज भी स्थापित संस्थाएं पूरे भारतवर्ष में व्यापारी हितों की रक्षा एवं सेवा में निरंतर समर्पित हैं। इस अवसर पर शाहिद शम्सी, शोएब मोहम्मद खां, जगन्नाथ चावला, हरीश अरोड़ा, प्रदीप खंडेलवाल, अवतार सिंह, शाकेब अहमद, इमरान सलीम, राम गुप्ता, अनिल अरोड़ा, मुकेश आर्य बिलाल, हारिस शम्सी, वाजिद खान, उजैर अहमद, चंद्र प्रकाश रस्तोगी, रुषि जमाल, तौसीफ खान, गुलशन अरोड़ा और अजय अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



## एक नजर

### चार बाइकों की नीलामी, 25,500 रुपये में छूटी बोली

**स्वार।** कोतवाली परिसर स्थित सभागार में सोमवार को लंबित मुकदमों में खड़ी बाइकों की नीलामी संपन्न कराई गई। नीलामी प्रक्रिया नायब तहसीलदार लोकेश कुमार की अध्यक्षता में पारदर्शी तरीके से आयोजित की गई। जिसमें स्थानीय लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कोतवाली में विभिन्न मामलों में जब्त कर रखी गई। कुल चार बाइकों को नीलामी के लिए प्रस्तुत किया गया। बोली प्रक्रिया के दौरान कई प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। लेकिन अंत में सबसे अधिक 25 हजार 500 रुपये की बोली लगाकर नेशनल इंटर प्राइजेज के स्वामी शाहिद खान ने सभी बाइकों को अपने नाम कर लिया। नीलामी के दौरान सुरक्षा और नियमों का विशेष ध्यान रखा गया। पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्वक संपन्न हुई। कोतवाल संजीव कुमार ने बताया कि जब्त वाहनों के लंबे समय तक खड़े रहने से उनकी स्थिति खराब हो जाती है। इसलिए समय-समय पर नीलामी कर उन्हें निष्पादित किया जाता है।

# जिला अस्पताल में 810 रोगियों के हुए पंजीकरण

## एक दिन बाद अस्पताल खुलते ही उमड़ी रोगियों की भीड़, सभी रोगियों को चिकित्सकों ने दिया परामर्श



जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** बदलते मौसम के चलते जिला अस्पताल की ओपीडी की संख्या दिन ब दिन बढ़ती जा रही है। सोमवार को जिला अस्पताल में 810 रोगियों की ओपीडी हुई। उल्टी, बेचैनी, चक्कर आने, डिहाइड्रेशन के ज्यादा, बुखार, खांसी, सर्दी, सांस की समस्या से पीड़ित मरीज ज्यादा आ रहे हैं। इन सभी रोगियों को चिकित्सकों ने परामर्श दिया। एक दिन जिला अस्पताल खुलते ही मरीजों की भीड़ उमड़ी रही। स्थिति यह है कि पर्चा, दवा और चिकित्सक कक्ष तक मरीजों की लंबी कतारे लगी रही। पंजीकरण कराए जाने के लिए कतार में लगे रोगियों की धक्का मुक्की भी हुई। चिकित्सक कक्ष के बाहर रोगी की लंबी-लंबी कतारें लगी रही। चिकित्सकों के अनुसार गर्मी बढ़ने पर रोगियों की संख्या में इजाफा हुआ है। इनमें सर्वाधिक रोगियों में उल्टी, दस्त और डिहाइड्रेशन के दिक्कत देखने को मिल रही है।

### दोपहर में बाहर निकलने से बचें, रखें विशेष सावधानी

एडवाइजरी के अंतर्गत नागरिकों को सलाह दी गई है कि दोपहर 12 बजे से 4 बजे के बीच अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें। पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं एवं शरीर को हाइड्रेट रखें। हल्के, ढीले एवं सूती कपड़े पहनें तथा सिर को कपड़े या टोपी से ढककर रखें। बच्चों, बुजुर्गों एवं बीमार व्यक्तियों का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही बच्चों एवं पालतू जानवरों को बंद वाहनों में अकेला न छोड़ने की भी अपील की गई है। घरों में खिड़कियों पर पर्दे या कूलिंग सामग्री लगाकर अंदर का तापमान नियंत्रित रखने की सलाह दी गई है। अत्यधिक गर्मी के दौरान भारी एवं तैलीय भोजन से बचने तथा हल्का एवं संतुलित आहार लेने की सलाह दी गई है। यदि किसी व्यक्ति में लू लगने के लक्षण जैसे चक्कर आना, तेज बुखार, उल्टी या अत्यधिक कमजोरी दिखाई दे, तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करने के निर्देश दिए गए हैं।

### हीटवेव को लेकर एडवाइजरी जारी, सतर्क रहने की अपील

जनपद में बढ़ते तापमान एवं आगामी दिनों में संभावित हीट वेव लू के खतरे को दृष्टिगत रखते हुए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा एडवाइजरी जारी की गई है। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार यह एडवाइजरी आमजन की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संरक्षण के उद्देश्य से जारी की गई है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार आने वाले दिनों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक तक पहुंच सकता है, जिससे हीट वेव की स्थिति उत्पन्न होने की संभावना है। ऐसी स्थिति में नागरिकों को विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है।

**सार्वजनिक स्थलों पर पेयजल, स्वास्थ्य सुविधाएं हो**

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया है कि वे सार्वजनिक स्थलों पर पेयजल की समुचित व्यवस्था करें। व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाएं। स्वास्थ्य विभाग को आवश्यक दवाइयों एवं प्राथमिक उपचार की पर्याप्त व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे जारी एडवाइजरी का पालन करें, अफवाहों से बचें तथा केवल आधिकारिक सूचनाओं पर ही विश्वास करें।

## घर-घर जाकर आंगनवाड़ी आशा करें बुखार के रोगियों की पहचान : सीएमओ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जिले में संचालित विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विकास भवन सभागार में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपा सिंह की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में स्वास्थ्य, पंचायत, शिक्षा, नगर विकास, पशुपालन, कृषि सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

समीक्षा के दौरान पाया कि ग्रामीण क्षेत्रों में झाड़ियों की कटाई, नालियों की सफाई तथा स्वच्छता संबंधी कार्यों में जनपद की प्रगति राज्य औसत से बेहतर है। साथ ही शौचालय उपयोग, आईईसी गतिविधियों एवं जागरूकता कार्यक्रमों में भी संतोषजनक कार्य हुआ है। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर भ्रमण कर बुखार, टीबी, डायरिया, फाइलेरिया, कुष्ठ आदि रोगों से संबंधित संभावित मरीजों की पहचान कर समय से स्वास्थ्य केंद्रों पर उपचार सुनिश्चित कराएं। इसके अतिरिक्त, जलभराव रोकने, साफ-सफाई बनाए रखने एवं जनजागरूकता बढ़ाने के लिए सभी संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी अधिकारी अभियान के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करें तथा नियमित रूप से फॉलो-अप सुनिश्चित करें।



विकास भवन में सभागार में आयोजित बैठक में शामिल अधिकारी-कर्मचारी।

## जिलाधिकारी से मिले जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जिले के ब्लॉक सैदनगर के कई गांवों में आगजनी से किसानों की गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर किसानों की जली हुई फसलों का मुआवजा प्रति एकड़ 50 हजार दिलवाए जाने की मांग की है।

जिला योजना समिति के सदस्य और जिला पंचायत के सदस्य मुस्तफा हुसैन ने जिलाधिकारी को पत्र सौंप कर अवगत कराया है कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान पीड़ित किसानों से मुलाकात की और पाया कि आगजनी की घटना से छोटे छोटे किसानों की कई कई बीघा फसल जलकर राख हो गई है। जिससे जिससे गरीब किसानों को लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान पहुंचा है। किसान सदमे में है। तहसील टांडा के ग्राम सरावा की गाटा संख्या- 1103 के किसान हनीफ पुत्र रफीक अहमद की 7 बीघा गेहूं की फसल जल गई है।गाटा संख्या 1103 के दूसरे किसान शेर सिंह पुत्र लाल और संतोष देवी पत्नी राजेश की संयुक्त रूप से खेत में लगे 7 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई है। जिसकी सूचना तहसीलदार और अन्य सम्बन्धित अधिकारियों को तत्काल दे गई थी। ग्राम खौद, आंगा, रतन पुरा, मीरापुर में भी किसानों की फसलें जलकर राख हो गई।जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन ने जिलाधिकारी महोदय से आग्रह किया है कि पीड़ित किसानों को मुख्यमंत्री खेत खलियान दुर्घटना सहायता के अंतर्गत मुआवजा 50 हजार प्रति एकड़ फसल का मुआवजा दिल वाया जाए।



## पत्नी ने लगाया पति समेत तीन लोगों पर मारपीट का आरोप

**सैफनी।** महिला ने पति समेत तीन लोगों पर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए तहरीर थाने में पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र नया रायपुर निवासी दरकशा पत्नी गुलेहसन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 13 अप्रैल की शाम वह खेत पर गेहूं निकाल रही थी। इसी दौरान उनकी बेटी अलीशा खेत पर आ गई, जिस पर उन्होंने उसे डांट दिया। आरोप है कि इसी बात को लेकर रात करीब 8 बजे उनके पति गुलेहसन, नूरे हसन व समीदन घर पहुंचे। तीनों ने गाली-गलौच शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट की। पीड़िता ने जान से मारने की धमकी देने भी दी। घटना के बाद वह थाने पहुंची और तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## बिलासपुर विधानसभा में अपना दल एस ने कसी कमर

**तैयारी**

- न्याय पंचायत स्तर पर प्रभारियों की नियुक्ति
- पंचायत व विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटे कार्यकर्ता

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**मिलक।** सोमवार को अपना दल एस की विधानसभा बिलासपुर के जोन रठौंडा स्थित पार्टी कार्यालय पर सोमवार को बैठक का आयोजन किया। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष घनवीर सिंह संधू ने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से पंचायत एवं आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाने का आह्वान किया। उन्होंने संगठन को मजबूत करने के लिए बिलासपुर विधानसभा की सभी 10 न्याय पंचायतों में प्रभारियों की नियुक्ति की।न्याय पंचायत बार, धनेली उत्तरी से अरविंद गंगवार जिला उपाध्यक्ष युवा मंच, ववूरा से जसवंत सिंह पटेल जिला महासचिव, मदानगला से डॉ.संजीव पटेल जिला अध्यक्ष युवा मंच, श्यामपुर से होवेश कुर्मी जिला उपाध्यक्ष युवा मंच, खमरिया से जीवेंदर गंगवार जिला कोषाध्यक्ष, सिमरिया से हाजी पुत्तन जिलाध्यक्ष व्यापार मंच, मनोना से नवी अहमद जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मंच को नियुक्त किया।

बैठक में जिला उपाध्यक्ष मोहन लाल गंगवार फौजी, जिला कोषाध्यक्ष जीवेंदर गंगवार, जिला अध्यक्ष व्यापार मंच हाजी पुत्तन, जिला अध्यक्ष युवा मंच संजीव पटेल, जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मंच नवी अहमद मंसूरी, जिला अध्यक्ष चिकित्सा मंच मनोज पटेल, जोन अध्यक्ष केमरी कमरूद्दीन भाई, जोन अध्यक्ष रठौंडा संजीव गंगवार, जिला उपाध्यक्ष युवा होवेश कुर्मी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



बैठक को संबोधित करते जिलाध्यक्ष। -जागरण मोर्चा

## मंदबुद्धि युवक को परिजनों से मिलाया

**सराहनीय**

**मिलक।** सोमवार को मिलक पुलिस ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए दिल्ली से ट्रेन द्वारा घर जाते समय रास्ता भटके एक मंदबुद्धि युवक को उसके परिजनों से मिलकर सकुशल उनके सुपुर्द किया। बेटे को वापस पाकर परिजन भावुक हो उठे और पुलिस का आभार जताया।

19 अप्रैल 2026 को थाना मिलक क्षेत्र में पुलिस को 22 वर्षीय युवक मोहन पुत्र भीरगुनाथ निवासी एनएचपीसी बाईपास रोड, संतोष नगर, फरीदाबाद, हरियाणा मिला था। पूछताछ में पता चला कि मोहन दिल्ली में काम करता था और ट्रेन से अपने घर जा रहा था, लेकिन रास्ता भटक गया। मिलक पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए सोशल मीडिया के माध्यम से युवक के परिजनों की जानकारी जुटाई। सूचना मिलते ही युवक के पिता भीरगुनाथ पुत्र वैजनाथ चौहान व भाई संजीत पुत्र भीरगुनाथ निवासी एनएचपीसी बाईपास रोड, संतोष नगर, फरीदाबाद, हरियाणा थाना मिलक पहुंचे। परिजनों ने बताया कि मोहन कई दिन से लापता था। उन्होंने उसे काफी खोजा लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल पाई थी। वे उसके मिलने की उम्मीद छोड़ चुके थे। 20 अप्रैल.2026 को प्रभारी निरीक्षक पुष्कर सिंह व हमराह पुलिस टीम द्वारा आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी कर मोहन को उसके पिता भीरगुनाथ व भाई संजीत के सुपुर्द कर थाना से सकुशल परिजनों के साथ भेजा गया बेटे से मिलकर भावुक हुए पिता भीरगुनाथ ने कहा कि मैं अपने लड़के के मिलने की उम्मीद खो चुका था। हमें नहीं पता था कि मेरा लड़का जीवित है या नहीं। थाना मिलक पुलिस ने मेरे बेटे को मुझसे मिलकर बहुत सराहनीय कार्य किया है।" परिजनों ने की पुलिस की प्रशंसा की।

**आप भी यदि शहर में किसी विभाग की लापरवाही देखते हैं तो फोटो हमें 9758444242 पर व्हाटसएप कर सकते हैं।**



हद है लापरवाही की : चौराहों पर यातायात पुलिस ओवरलोड वाहनों पर शिकंजा कसने को अभियान चला रही है। लेकिन इसके बाद भी शहर में ओवरलोड वाहन धड़ल्ले से गुजर रहे हैं। -जागरण मोर्चा।

## 45 किसानों में दो लाख 70 हजार रुपये का चेक किया वितरित

- चेक बांटने के दौरान अधिकारी रहे मौजूद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**टांडा।** स्थानीय तहसील सभागार में सोमवार को बेमौसम बारिश एवं ओलावृष्टि से नष्ट हुई गेहूं की फसल का मुआवजा किसानों को दिया गया। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक शफीक अहमद अंसारी और एसडीएम राजकुमार भास्कर ने 45 किसानों में दो लाख 70 हजार रुपये का चेक वितरित किया गया।

इस दौरान क्षेत्र के किसान बलराम सिंह को 9350 रुपये,सरोज को 10218 रुपये,विशेष कुमार 9622 रुपये का चेक वितरित किया गया। इस प्रकार क्षेत्र के 45 किसानों में कुल 2 लाख 70 हजार रुपये के चेक वितरित किये गए। इस अवसर पर विधायक शफीक अहमद अंसारी, एसडीएम राजकुमार भास्कर, तहसीलदार निश्चय कुमार सहित प्रभारी निरीक्षक संदीप मिश्रा,शरीफ जमील और क्षेत्र के लेखपाल उपस्थित रहे।



किसानों को चेक देते विधायक शफीक अहमद अंसारी।

## गायत्री परिवार की बैठक में ब्लॉक कमेटी का हुआ गठन

- बैठक में संगठन के विस्तार सक्रियता को लेकर चर्चा

जागरण मोर्चा, कार्यायल

**स्वार।** अखिल विश्व गायत्री परिवार की बैठक नगर के मौहल्ला खास स्वार स्थित अर्जुन शर्मा के आवास पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता रामपुर से आए वरिष्ठ कार्यकर्ता देवेंद्र कुमार मिश्रा व संचालन जिला समन्वयक सोहन लाल राजपूत ने किया।

बैठक में संगठन के विस्तार और सक्रियता को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान सर्वसम्मति से ब्लॉक स्तर की कमेटी का गठन किया गया। इसमें मोहनलाल सैनी को ब्लॉक समन्वयक तथा शंकर लाल राठौर को सह समन्वयक की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा अर्जुन शर्मा, शिव अवतार सक्सेना, लक्ष्मी कांत सैनी, प्रशांत कुमार शर्मा, नौबत राम सैनी और धर्म सिंह राजपूत को ब्लॉक समन्वय समिति के वरिष्ठ सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया।

बैठक में निर्णय लिया गया कि संगठन को मजबूत करने के लिए जल्द ही स्वार, टांडा, मसवासी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मंडल स्तर पर पुरुष और महिला समितियों का गठन किया जाएगा। वक्ताओं ने गायत्री परिवार के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने और सामाजिक जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया।

## चाकू के साथ एक गिरफ्तार

रामपुर। स्वार कोतवाली पुलिस ने एक आरोपी को चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। तालिब निवासी ग्राम रूस्तमनगर निकट छपर्रा को मुखबिर की सूचना पर मधुपुरी कब्रिस्तान के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। इसके अलावा साकिब पुत्र असगर अली निवासी ब्लाक नंबर 7 कांशीराम कालोनी मोहल्ला अगलगा वारंटी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक बलराम सिंहक, अंकुल कुमार, राहुल कुमार आदि मौजूद रहे।



**आयोजन** नवनिर्मित राम मंदिर में हुई भव्य प्राण प्रतिष्ठा

## भक्ति, श्रद्धा के माहौल में गूंजा जय श्रीराम का उद्घोष

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** कोसी मार्ग स्थित उत्सव पैलेस में नवनिर्मित श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम अत्यंत भव्य और श्रद्धा मय वातावरण में संपन्न हुआ। पूरे परिसर में सुबह से ही जय श्रीराम के उद्घोष, वैदिक मंत्रों की गूंज और भक्तों की आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला।

इस पावन आयोजन की शुरुआत 14 अप्रैल से हुई थी, जब हरदोई से पधारे विद्वान ब्राह्मणों द्वारा प्रतिदिन विधि-विधान से धार्मिक अनुष्ठान किए जा रहे थे। कई दिनों तक चले इस आध्यात्मिक अनुष्ठान के बाद सोमवार 20 अप्रैल को प्रातः 5 बजे से 11 बजे तक विशेष पूजन, हवन और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अंतिम अनुष्ठान सम्पन्न हुआ। इसके पश्चात भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण एवं हनुमान जी की विधिवत प्राण प्रतिष्ठा की गई। जैसे ही प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न हुई, पूरा वातावरण भक्ति रस में डूब गया। श्रद्धालुओं ने मंदिर के पट खुलते ही भगवान श्रीराम के दर्शन किए। परिवार की सुख-समृद्धि तथा क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से दर्शन कर अपने को धन्य महसूस किया। इस पावन अवसर पर उत्सव पैलेस परिसर में भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़, भजन-कीर्तन और धार्मिक उत्साह ने आयोजन को और भी दिव्य बना दिया।

प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम ने न केवल धार्मिक आस्था को मजबूती दी, बल्कि क्षेत्र में आध्यात्मिक वातावरण भी स्थापित किया।

श्रद्धालुओं का कहना था कि नवनिर्मित श्री राम मंदिर क्षेत्रवासियों के लिए आस्था का नया केंद्र बनेगा और यहां नियमित रूप से पूजा-अर्चना एवं धार्मिक आयोजन होते रहेंगे। इस अवसर पर वीरेन्द्र जौली, विजय जौली, वीरेन्द्र गर्ग, सुनील गोयल, योगेश गर्ग, अर्पित अग्रवाल, प्रदीप सक्सेना, सुमन जौली, रेनू गर्ग, पूनम अग्रवाल, अनीता गोयल, रेनू सक्सेना, विष्णु शरण अग्रवाल, हरीश चन्द्र ठेकेदार, सुभाष अग्रवाल, अरविंद अग्रवाल आदि बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।



कोसी मार्ग स्थित उत्सव पैलेस में नवनिर्मित श्री राम मंदिर। -जागरण मोर्चा



# नारी शक्ति बंधन कार्यक्रम में छात्रों ने बनाई मानव श्रृंखला

## नारी शक्ति बंधन कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का हुआ आयोजन, महिला सशक्तिकरण का सशक्त संदेश दिया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल ने बताया कि जनपद के सभी माध्यमिक विद्यालयों में नारी शक्ति बंधन कार्यक्रम के अंतर्गत विविध गतिविधियों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। जनपद के विद्यालयों में नारी शक्ति मानव श्रृंखला का आयोजन किया। जिसमें छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए महिला सशक्तिकरण का सशक्त संदेश दिया।

उन्होंने बताया कि इसके उपरांत विद्यालयों में शौर्य प्रदर्शन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति, नारी सम्मान एवं सामाजिक जागरूकता पर आधारित विभिन्न प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्होंने उपस्थित सभी लोगों को प्रेरित किया।इसी क्रम में वाद-विवाद एवं लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने नारी सशक्तिकरण, शिक्षा एवं समानता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किए।इन समस्त कार्यक्रमों के माध्यम से छात्र-छात्राओं में नारी सम्मान, समानता एवं सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता विकसित करने का सफल प्रयास किया गया। कार्यक्रमों में विद्यालय परिवार, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता अत्यंत सराहनीय रही।जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण कर कार्यक्रमों का अवलोकन किया गया। उन्होंने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जनपद के विद्यालयों में आयोजित इन गतिविधियों से नारी सम्मान, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता को एक नई दिशा प्राप्त हुई है।



छात्राओं द्वारा बनाई गई मानव श्रृंखला। -जागरण मोर्चा

# विजयी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

**रामपुर।** लालपुर कला स्थित प्राथमिक विद्यालय में न्याय पंचायत स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक संकुल सुनील कुमार शबनम आरा एवं छवि त्यागी के मार्गदर्शन में किया। जिसमें प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों एवम् शिक्षक रेखा रानी , रीना, बुशरा फिरदौस आराधना सक्सेना आदि ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

प्राथमिक वर्ग के विद्यार्थियों के लिए शैक्षिक परिवेश में मां की भूमिका विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतिभागियों ने रंग-बिरंगे चित्रों के माध्यम से मां के स्नेह, मार्गदर्शन और शिक्षा में उनकी अहम भूमिका को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। वहीं, उच्च प्राथमिक वर्ग के विद्यार्थियों के लिए नारी शक्ति वंदन विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं ने महिलाओं के सम्मान, उनकी शक्ति और समाज में उनके योगदान पर अपने विचार प्रभावशाली तरीके से व्यक्त किए।कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में सृजनात्मकता, लेखन कौशल और सामाजिक विषयों के प्रति जागरूकता विकसित करना रहा।

प्रतियोगिता के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में मुन्तेहा प्राथमिक विद्यालय लालपुर ने प्रथम, अब्दुल्ला (प्राथमिक विद्यालय मझरा रुद्रपुर) ने द्वितीय तथा इल्मा (प्राथमिक विद्यालय लालपुर) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं निबंध प्रतियोगिता में एंजेलिना उच्च प्राथमिक विद्यालय अहमदाबाद ने प्रथम एवं मधुवी उच्च प्राथमिक विद्यालय लालपुर ने द्वितीय स्थान हासिल किया। सभी विजेता विद्यार्थियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। अंत में सभी अध्यापकों ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की और कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ।



प्रतियोगिता में हिस्सा लेती छात्राएं। -जागरण मोर्चा

# पदाधिकारी गुटबाजी छोड़कर करें संगठन को मजबूत करने का काम: कमल तुरैहा

- पिछड़ापन दूर करने के लिए समाज का एकजुट होना जरूरी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** पटवाई के गांव ग्राम मडैयान पीपला तुरैहा मछुआ समाज की बैठक हुई। जिसमें जिला अध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा ने कहां की न्याय पंचायत स्तर पर संगठन को खड़ा किया जा रहा है। पदाधिकारियों को गुटबाजी छोड़कर संगठन को मजबूत करने का काम कर करें।

कहा कि 1990 से आर्थिक सुधार के लिए निजीकरण हुआ था। शिक्षा संस्थान से लेकर विश्वविद्यालय तक प्राइवेट खुले हैं। ऐसे में सरकारी नौकरियां मात्र रह गई है।उद्योग फैक्ट्री या प्राइवेट स्कूल कॉलेज विश्वविद्यालय में एससी एसटी को आरक्षण मिलना चाहिए था लेकिन नहीं मिल रहा है। उन्होंने बताया कि न्याय पंचायत स्तर पर संगठन को खड़ा किया का जाना है।हम इसको 50 प्रतिशत पूरा कर चुके हैं। समाज के पिछड़ेपन और बेरोजगारी का मुख्य कारण शिक्षा का अभाव है। कोई भी बिखरा हुआ समाज तरक्की नहीं कर सकता। पिछड़ापन दूर करने के लिए समाज का एकजुट होना व शिक्षित होना बहुत जरूरी है। अब समय की पुकार है कि हर बच्चे को विशेष शिक्षा दिलाई जाए तभी समाज आगे बढ़ सकेगा। इस मौके पर गोविंद राम ,अर्जुन कुमार, दीनदयाल, प्रमोद कुमार, रवि कुमार, राहुल, मोहित, राम सिंह तुरैहा, विनोद कुमार, अर्जुन कुमार,अशोक कुमार, गोविंद राम, रामकिशोर, कृपाल सिंह आदि लोग मौजूद रहे।





अधिकारियों का स्वागत करते जिलाध्यक्ष। -जागरण मोर्चा

## शाहबाद में मिशन शक्ति के तहत महिला सुरक्षा के बारे में किया जागरूक

**शाहबाद।** सोमवार को मिशन शक्ति अभियान फेज-5 .0 के द्वितीय चरण का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया गया। शाहबाद में इस अभियान का संचालन महिला एसआई कंचन धामा और महिला कांस्टेबल सुधा द्वारा किया जा रहा है। सोमवार को महिला सुरक्षा दल ने शाहबाद सीएचसी और नगर के बाजार सहित विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर महिला सुरक्षा के लिए जागरूक किया, साथ ही साथ सरकार द्वारा महिलाओं के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं जैसे वूमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्पलाइन नंबर-181, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, स्वास्थ्य सेवा-102/108, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर-1076, चाइल्ड लाइन-1098 और साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर-1930 आदि के बारे में जानकारी दी।

# मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के अंतर्गत ऑनलाइन ऋण आवेदन आमंत्रित




**रामपुर।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार स्थापित किये जाने के लिए मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के तहत एमएमजीआरवाई ऑनलाईन ऋण आवेदन पत्र 20 मई 2026 तक आमन्त्रित किये गये है। ग्रामीण क्षेत्रों के उद्यमियों को रूपए 10 लाख तक की वित्तीय सहायता बैंकों के माध्यम से दिलाया जाना है। इस योजना के तहत टर्म लोन पर सामान्य वर्ग के पुरूष लाभार्थियों को केवल 4 प्रतिशत ब्याज बैंकों को देना होगा शेष अन्तर के ब्याज की धनराशि ब्याज उपादान के रूप में उपलब्ध करायी जाएगी तथा आरक्षित वर्ग के लाभार्थियों को जिला योजना के अन्तर्गत टर्म लोन ब्याज की पूर्ण धनराशि ब्याज उपादान (सब्सिडी) के रूप में जिला योजना में प्राप्त धनराशि से उपलब्ध करायी जाएगी। सम्बन्धित सेवा क्षेत्र के बैंक द्वारा नियमानुसार ऋण उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि इच्छुक बेरोजगार व्यक्ति अपना स्वःरोजगार स्थापित करने हेतु ऋण आवेदन पत्र पर ऑनलाईन आवेदन 20 मई तक आमन्त्रित किए गए है।

## सार संक्षेप




लखनऊ में शिक्षक हुए सम्मानित।

### लखनऊ में शिक्षक हुए सम्मानित

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति (एनएमएमएस) परीक्षा 2025-26 में शानदार प्रदर्शन करने वाले जनपद के छह शिक्षकों को लखनऊ में सम्मानित किया। शिक्षकों के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय सफलता हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है।खास बात यह रही कि सम्मानित सभी शिक्षकों के विद्यालयों से पांच या उससे अधिक विद्यार्थियों ने छात्रवृत्ति परीक्षा में सफलता प्राप्त की। इससे इन शिक्षकों की मेहनत और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण का प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई देता है।सम्मानित शिक्षकों में उच्च प्राथमिक विद्यालय हिम्मतपुर, शाहबाद के सहायक अध्यापक नीरज कुमार, सविलियन विद्यालय सोहना, शाहबाद की सहायक अध्यापिका सुषमा सिंह, मॉडल उच्च प्राथमिक विद्यालय सरकथल, स्वार के सहायक अध्यापक नरेंद्र सिंह, उच्च प्राथमिक विद्यालय लोहा कंपोजिट, मिलक के सहायक अध्यापक अभय सिंह, उच्च प्राथमिक विद्यालय मुड़ियाखेड़ा, चमरौआ की रीना कुमारी तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय हरियाल, चमरौआ के सहायक अध्यापक शैलेन्द्र कुमार शामिल हैं।

### भूसे के ढेर में लगी आग, काबू

**शाहबाद।** थाना क्षेत्र के मोतीपुरा गांव में स्थित ईंट भट्टे के पास भूसे के ढेर में अज्ञात व्यक्ति द्वारा जलती हुई बीड़ी फेंक दिए जाने से भूसे के ढेर में आग लगी गई। थोड़ी ही देर में आग ने विकराल रूप अपना लिया। आग लगते ही आसपास के लोगों में अफरा तफरी का माहौल पैदा हो गया। लोगों ने दमकल कर्मचारियों को सूचना दी। दमकल कर्मचारी सूचना मिलते ही तुरंत मौके पर पहुंचे, आग पर काबू पाने के लिए दमकल के लोगों को बहुत मशक्कत करनी पड़ी। हालांकि गनीमत रही कि कोई जनहानि की नहीं हुई।



भूसे के ढेर में लगी आग को बुझाते दमकल कर्मी।

# गर्मी को देखते हुए स्कूलों के समय में किया जाए बदलाव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. राजवीर सिंह ने डीएम और बीएसए को ज्ञापन सौंपा है जिसमें कहा कि बेसिक शिक्षा के नियंत्रणाधीन परिषदीय विद्यालयों में अध्यनरत छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों का भीषण गर्मी के चलते, विद्यालय भवन में बैठना अत्यंत कठिन हो रहा है। आजकल दिन में गेहूं की कटाई के चलते विधुत आपूर्ति भी बाधित रहती है।बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने जिलों को भेजे निर्देश में प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में लू के प्रकोप से बचाव एवं राहत के उपाय करने के संबंध में राहत आयुक्त एवं उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशों के आधार पर गर्मी से बचाव के लिए जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। इसमें ही स्कूलों के समय में परिवर्तन करने के भी निर्देश हैं। ऐसे में आपसे निवेदन है कि छात्र, छात्राओं एवं शिक्षकों के लिए विद्यालय समय में परिवर्तन करने की कृपा करें। समय परिवर्तन प्रातः 7.30 बजे से अपराह्न 12:30 किया जाना उचित रहेगा।



# प्राइवेट कर्मचारियों पर भ्रष्टाचार का आरोप

- बार एसोसिएशन मिलक ने किया अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार का ऐलान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मिलक।** सोमवार को बार एसोसिएशन ने तहसीलदार मिलक के यहां तैनात प्राइवेट कर्मचारियों पर भ्रष्टाचार एवं अनैतिक कार्य करने का आरोप लगाते हुए अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार का निर्णय लिया है। एसोसिएशन ने जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सतीश चंद्र गंगवार एवं सचिव द्वारा उपजिलाधिकारी मिलक के माध्यम से जिलाधिकारी को भेजे गए ज्ञापन में कहा गया है कि तहसीलदार मिलक के यहां तैनात प्राइवेट कर्मचारी अनैतिक कार्य कर रहे हैं तथा न्यायालय की गरिमा एवं विधि व्यवस्था के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। ज्ञापन में उल्लेख है कि इस संबंध में बार एसोसिएशन ने सभागार में आपात बैठक की। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जब तक तहसील में कार्यरत निजी/प्राइवेट कर्मचारियों को प्रभावी अधिकारी द्वारा तत्काल प्रभाव से नहीं हटाया जाता, तब तक समस्त अधिवक्तागण अनिश्चित काल तक न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे बार एसोसिएशन का कहना है कि चूंकि प्राइवेट कर्मचारी द्वारा न्यायालय में खुले आम न्याय की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं तथा निजी स्वार्थ के लिए दावों की गोपनीयता भंग की जा रही है। इससे वादकारियों एवं अधिवक्तागणों का खुलेआम उत्पीड़न हो रहा है तथा न्याय व्यवस्था पूर्ण रूप से धूमिल हो रही है।

ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि उपरोक्त के संबंध में गहन संज्ञान लेते हुए सख्त आवश्यक कार्रवाई करते हुए अधिवक्ताओं की समस्याओं का अति शीघ्र समाधान कराने की कृपा करें। जब तक समस्या का समाधान नहीं हो जाता, तब तक समस्त अधिवक्ता न्यायालय कार्य से विरत रहेंगे।



ज्ञापन देने जाते अधिवक्ता। -जागरण मोर्चा

# कांग्रेसियों ने उठाई प्राचीन मंदिर के रास्ते की समस्या, सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** कांग्रेसियों ने बाल सुंदरी मंदिर के रास्ते की समस्या उठाई है। पूर्व विधायक संजय कपूर ने कहा कि यह मंदिर आस्था का प्रमुख केंद्र है, जिसका पुराणों में भी उल्लेख है और यहां दूर-दूर से श्रद्धालु आते हैं। साथ ही मंदिर तक जाने वाली सड़क भी जर्जर हालत में हैं।

जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष प्रमिल कुमार निक्कू पंडित के नेतृत्व में कांग्रेसी कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां उन्होंने दो मुद्दों को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया। इसके बाद ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। जिसमें कांग्रेसियों का कहना है कि बिलासपुर स्थित प्राचीन माता बाल सुंदरी मंदिर की रास्ता बहुत ही खराब है, जिससे आवागमन में भारी परेशानी होती है। साथ ही, मंदिर परिसर में बिजली की उचित व्यवस्था न होने के कारण विशेषकर शाम के समय श्रद्धालुओं को असुविधा का सामना करना पड़ता है।

चाइनीज मांझा के कारण लगातार हादसे सामने आ रहे हैं, जिनमें राहगीर और दुपहिया वाहन चालक घायल हो रहे हैं। जिलाध्यक्ष ने बताया कि जिलाधिकारी ने दोनों मामलों में प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि दोनों ही मामलों को प्राथमिकता के आधार पर संज्ञान में लिया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में बाकर अली खां, वेदपाल, राजेश लोधी, शाहिर रजा खां आदि मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम को ज्ञापन सौंपते पूर्व विधायक, जिलाध्यक्ष।

## ट्रैक्टर की टक्कर से 30 वर्षीय बाइक सवार युवक घायल

मिलक। सोमवार को लगभग 3:30 बजे विशाल सिंह पुत्र राजेंद्र सिंह निवासी ग्राम मानपुर थाना शीशगढ़ जनपद बरेली यह अपनी बाइक से डंडिया से अपने गांव को जा रहे थे मुझयाना गांव के निकट विशाल सिंह की बाइक में ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी और यह गंभीर रूप से घायल हो गए स्थानीय लोगों की मदद से 108 एंबुलेंस को बुलाया गया सूचना पर ईएमटी अमनेश पायलट ओमकार सूचना पर एंबुलेंस लेकर घटना स्थल पहुंचे घायल को आनंन फानन में नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मिलक पर लाया गया सूचना पर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए डॉक्टरो ने घायल को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।




**हौसला अफजाई** कार्यक्रम में एआरपी संघ, रामपुर के जिलाध्यक्ष पृथ्वी सिंह, शैलेन्द्र कुमार एवं प्रभाकर गौतम भी रहे मौजूद

# एनएमएमएस प्रदेश टॉपर अनुराग को साइकिल भेंटकर बढ़ाया हौंसला

**रामपुर।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति (एनएमएमएस) परीक्षा 2025-26 में प्रदेश टॉपर बने जौनपुर के छात्र अनुराग यादव को विशेष समारोह में साइकिल भेंट कर सम्मानित किया। रामपुर के साइकिल मैन के नाम से प्रसिद्ध शिक्षक सतेन्द्र पांडेय ने यह सम्मान देकर छात्र का हौसला बढ़ाया।

लखनऊ स्थित रानी लक्ष्मी बाई मेमोरियल स्कूल में 19 अप्रैल को आयोजित कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों को भी सम्मानित किया। इस दौरान अनुराग यादव ने 180 में से 172 अंक प्राप्त कर प्रदेश में शीर्ष स्थान हासिल किया, जिस पर उन्हें विशेष रूप से साइकिल भेंट की गई। कार्यक्रम में एआरपी संघ, रामपुर के जिलाध्यक्ष पृथ्वी सिंह, शैलेन्द्र कुमार एवं प्रभाकर गौतम भी मौजूद रहे। आयोजक सीटीई के प्राचार्य अजय कुमार सिंह तथा मुख्य अतिथि पूर्व शिक्षा निदेशक (एससीईआरटी) सर्वेंद्र बहादुर विक्रम ने सतेन्द्र पांडेय और रामपुर टीम के प्रयासों की सराहना की।

गौरतलब है कि साइकिल मैन सतेन्द्र पांडेय अब तक 29 मेधावी छात्रों को साइकिल भेंट कर सम्मानित कर चुके हैं। उनकी यह पहल अब जिले से निकलकर प्रदेश स्तर पर प्रेरणा का माध्यम बन रही है। यह सम्मान समारोह न केवल छात्र की उपलब्धि को सम्मान देने वाला रहा, बल्कि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बना।




छात्र को साइकिल देते अतिथि। -जागरण मोर्चा

## एक नजर

### बाजार में खरीदारी के दौरान महिला के बैग से 75 हजार रुपये चोरी

**ठाकुरद्वारा।** व्यस्ततम बाजार मस्जिद छिपीयान के पास शादी की खरीदारी करने आई एक महिला के साथ बड़ी चोरी की वारदात सामने आई है। कोतवाली क्षेत्र के गांव अब्दुल्लापुर लेदा निवासी शहाना बेगम 8 फरवरी को अपने परिवार में होने वाली शादी के लिए सामान खरीदने बाजार आई थीं। जब वह एक जूते की दुकान पर सामान देख रही थीं, तभी वहां पहले से मौजूद दो शातिर महिलाओं ने मौका पाकर शहाना के बैग से 75,000 रुपये की नकदी उड़ा दी। नकदी गायब होने का पता चलते ही बाजार में हड़कंप मच गया। पीड़िता ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की और सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज और स्थानीय मुखबिरों की मदद से पुलिस ने आरोपियों की पहचान नगर के मोहल्ला बहेड़ा वाला निवासी फातिमा और उसकी पुत्री नूर अफशा के रूप में की। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की, तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

# कार में लगी भीषण आग, चालक की दर्दनाक मौत

## कार-बाइक की भिड़ंत में बाइक चालक की भी हुई मौत, अग्निशमन ने पहुंच कार में लगी आग पर पाया काबू

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव बहजोई रोड पर मऊअस्सू चौराहा के पास कार-बाइक की भिड़ंत हो गई। भिड़ंत के बाद कार खंदी में उतर गई और पेड़ से टकराकर आग लग गई। कुछ लोगों की मदद से कार में 3 युवकों को बाहर निकाला गया। मगर हादसे में कार चालक की जलकर मौत हो गई। जबकि गंभीर रूप से घायल हुए बाइक सवार ने भी दम तोड़ दिया। तीनों घायलों को रेफर कर दिया।


मृतक अवधेश का फाइल फोटो।

जनपद बदायूं के थाना इस्लामनगर क्षेत्र के गांव अल्लेपुर समसपुर निवासी ललतेश कुमार पुत्र प्रेमपाल, रितिक पुत्र सुनील कुमार व हिमांशु पुत्र सोमेश तीनों दोस्त किसी कार्य से चन्दौसी से आए थे। शाम 4 बजे तीनों दोस्त कार में सवार होकर बहजोई की ओर जा रहे थे। जबकि चालक कार चला रहा था। जब कार बनियाठेर थाना क्षेत्र के बहजोई रोड पर मऊअस्सू चौराहा के पास पहुंची, तभी सामने से आ रही बाइक व कार की भिड़ंत हो गई। टक्कर होने के बाद कार खंदी में जाकर पेड़ से टकरा गई और कार में तुरंत आग लग गई। घटनास्थल के पास ही अपने प्लाट पर बैठे रामपाल ने कुछ लोगों ने मदद से चलती कार से उक्त तीनों युवकों को बमुश्किल निकाला। मगर चालक अनिकेत गौतम पुत्र सुशील कुमार गौतम निवासी शिव कालोनी इस्लामनगर चौराहा बहजोई की ओर का डाला नहीं खुलने पर उसकी जलकर दर्दनाक मौत हो गई। जबकि बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना की सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने की मदद से चारों घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने बाइक सवार अवधेश पुत्र ओमकार निवासी लहरसीस थाना हयातनगर को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर घायलों के परिजन सीएचसी पहुंच गए। घायल रितिक की दादी गुड्डो ने बताया कि आज रितिक का जन्मदिन है। सोमवार की सुबह नौ बजे तीनों दोस्त घर से निकल आए। कहा कि हम तीनों जन्मदिन मनाने जा रहे हैं। घटना की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। घटना के बाद पुलिस व अग्निशमन मौके पर पहुंच गई। जलती कार पर पानी की बौछार मारकर आग पर काबू पाया। वहीं सीओ डा. प्रदीप कुमार ने घटनास्थल पर पहुंच जानकारी की।


हादसे के बाद धू-धूकर जलती कार। -जागरण मोर्चा


कार पर पानी की बौछार कर आग बुझाते दमकल कर्मी। -जागरण मोर्चा


सीएचसी में घायल से घटना की जानकारी करते सीओ। -जागरण मोर्चा

*बहजोई रोड पर मऊअस्सू चौराहा के पास कार-बाइक की भिड़ंत के बाद कार अनियंत्रित खंदी में घुस पेड़ से टकरा गई। इसके बाद कार में आग लग गई। जिसमें चालक की जमकर कर दर्दनाक मौत हो गई। जबकि बाइक सवार की हादसे में मौत हो गई। तीन घायल युवकों का उपचार कराया जा रहा है। जबकि घटना की जांच कराई जा रही हैं।*
*-डा. प्रदीप कुमार सिंह, सीओ, चन्दौसी*

# बारहसैनी ट्रस्ट चुनाव: मौसम गुप्ता प्रधान और अमित केएस बने मंत्री

## देर रात तक चली मतगणना, विजयी प्रत्याशियों के समर्थकों ने निकाला जुलूस

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** श्री बारहसैनी रामलीला एवं रामबाग ट्रस्ट का कई पदों पर रविवार को चुनाव संपन्न हुआ था। जिसके बाद देर रात तक चली मतगणना के बाद स्थिति स्पष्ट हो सकी। जिसमें ट्रस्ट के प्रधान पद पर मौसम गुप्ता व मंत्री पद पर अमित केएस ने जीत हासिल की। जीत की खुशी में समर्थकों ने विजयी प्रत्याशियों के साथ जुलूस निकाला।

रविवार को रामबाग धाम पर श्री बारहसैनी रामलीला एवं रामबाग ट्रस्ट का चुनाव सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक संपन्न कराया गया। इसके बाद रात को मतगणना आरंभ हुई। इसके बाद प्रत्याशियों के समर्थक रामबाग धाम पर डटे रहे। देर रात मतगणना के उपरांत प्रत्याशियों की स्थिति स्पष्ट हो सकी। जिसमें ट्रस्ट के प्रधान पद मौसम गुप्ता ने 491 व पवन भट्ठे वाले ने 302 मत प्राप्त किए। जिसमें मौसम गुप्ता ने 189 वोट से जीत हासिल की। मंत्री पद अमित केएस ने 443 मत, विमल चौधरी ने 353 मत मिले। जिसमें अमित केएस ने 90 वोट से जीत दर्ज की। उपमंत्री पद पर गौरव को 544 व पवन पटिया वाले को 251 मत मिले। जिसमें गौरव ने 293 मतों से जीत दर्ज की। कोषाध्यक्ष पद पर राकेश आर्य ने 412, राजकुमार राजू ने 376 मत मिले। जिसमें राकेश आर्य ने 36 वोट से जीत हासिल की। आय-व्यय निरीक्षक पद पर गौरव ने 534 व आनंद वकील को 261 मत मिले। जिसमें गौरव 273 वोट से विजयी रहे। कोठारी पद पर अंकित वार्ष्णेय ने 434 व रतन मेडिकल को 359 मत मिले। जिसमें अंकित वार्ष्णेय ने 75 वोट से जीत दर्ज की। इसके अलावा 20 कार्यकारिणी भी चुने गए। अपने-अपने प्रत्याशियों की जीत होने पर समर्थक झूमने व नाचने लगे और विजेता प्रत्याशियों के गले में फूलमाला डालकर शुभकामनाएं दी। इसके बाद समर्थकों ने जीते हुए प्रत्याशियों के साथ जुलूस निकाला।


विजेता ट्रस्ट के प्रधान मौसम गुप्ता व मंत्री अमित केएस।


जीत के बाद ट्रस्ट के विजेता प्रत्याशी व कार्यकारिणी सदस्य। -जागरण मोर्चा



ग्रुप की पदाधिकारियों ने सहयोग के रूप में दिया सामान। -जागरण मोर्चा

# युवती के विवाह में किया सहयोग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** जायन्ट्स ग्रुप वुमेन शिखर ने जरुरतमंद युवती को विवाह में राहत प्रदान करने के लिए सहयोग किया है।

ग्रुप ने जरुरतमंद युवती के विवाह में सहयोग करने का फैसला लिया था। जिसमें ग्रुप की पदाधिकारियों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। ग्रुप की ओर से विवाह में बेडशीट, साड़ी, मेकअप किट, कुछ गिफ्ट, चांदी की पाजेब व 5 हजार रुपये की नकदी आदि सहयोग के रूप में दिया गया। ग्रुप ऐसे ही जरुरतमंद परिवार की सेवा करता रहता है और आगे भी भविष्य में इस तरह की सेवाएं करता रहेगा। इस अवसर पर सुधा चौधरी, सुजाता शर्मा, नूतन अग्रवाल, शिखा शर्मा आदि मौजूद रहीं।

# मूकबधिर बच्चे का पिता से मिलन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी/बहजोई।** बहजोई थाना क्षेत्र के मंडी गेट पर एक 10 वर्षीय मूकबधिर बच्चा एक व्यक्ति को रोता हुआ मिला। उस व्यक्ति ने 112 पीआरवी को सूचना दी। मौके पर पहुंची पीआरवी ने सूझबूझ का परिचय देते हुए खोए हुए बच्चों को उसके परिजनों से मिलाया।

रविवार की शाम 4 बजे 112 पीआरवी में तैनात पुलिस को विपुल वार्ष्णेय बबराला रोड स्थित मंडी समिति गेट पर एक 10 वर्षीय मूकबधिर बच्चा रोता हुआ मिला। जो अपना नाम व पता नहीं समझापा रहा था। विपुल ने उस बच्चे के विषय में 112 पीआरवी को अवगत कराया। कुछ ही देर में पीआरवी मौके पर पहुंची। शीघ्र ही पीआरवी कर्मियों ने संबंधित थाना बहजोई व कंट्रोल रूप को बच्चे के विषय में अवगत कराया। कंट्रोल रूप से सभी थानों को बच्चे के बारे में सूचना दी गई। साथ ही बच्चों की फोटो व्हाट्सएप ग्रुप पर प्रेरित कर दी गई। इसके बाद पीआरवी कर्मियों ने अपनी सूझबूझ का परिचय देते हुए बच्चों को अपने साथ लेकर उसके परिजनों का आसपास क्षेत्र में जाकर पता लगाने का प्रयास किया। काफी देर तलाश करने के बाद बच्चे के पिता हरिओम दीक्षित निवासी टंकी मोहल्ला से मिले। हरिओम ने बताया कि मूकबधिर उनका पुत्र कैश है। वह घर से अन्य बच्चों के साथ खेलते-खेलते चला गया था। हम काफी समय से बच्चे को तलाश कर रहे थे। इसके बाद बच्चों के पिता के सुपुर्द कर दिया गया।


मूकबधिर बच्चे व उनके पिता के साथ खड़े पीआरवी कर्मी। -जागरण मोर्चा

## डीजे पर झाग वाला स्प्रे छोड़ने पर मारपीट

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** कोतवाली क्षेत्र स्थित बुद्धनगर खंडुआ गांव में रविवार रात शादी की खुशियां उस वक्त मातम में बदल गईं, जब डीजे पर नृत्य के दौरान झाग वाला स्प्रे छोड़ने को लेकर दो पक्ष भिड़ गए। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि दोनों ओर से जमकर मारपीट हुई, जिसमें महिलाओं समेत 10 लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया, जहां से गंभीर हालत के चलते डॉक्टरों ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया है। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर कानूनी कार्रवाई में जुटी है।

# सुरक्षा के प्रति जागरूक हुई महिलाएं

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं व बालिकाओं को जागरुक किया जा रहा है। सोमवार को मिशन शक्ति टीम में शामिल महिला पुलिस कर्मियों द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर बालिकाओं को जागरुक करने किया।

इसके अलावा महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने को चौपाल का आयोजन कर जागरुक किया गया। महिला एवं बालिकाओं के साथ जुड़कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। द्वितीय चरण में मिशन शक्ति 5 अभियान के अंतर्गत जनपद की एंटी रोमियों टीम द्वारा प्रमुख बजारों, कस्बा, चौराहों, विद्यालयों, धार्मिक स्थलों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा व सशक्तिक म को चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी दी। इसके अलावा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्प लाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, इमरजेंसी काल-पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सीएम हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन 102, एंबुलेंस सेवा 108, महिला हेल्प लाइन 181, साइबर क्राइम हेल्प लाइन 1930 आदि के पंपलेट बांटकर जागरुक किया।


महिलाओं को जागरूक करतीं एण्टी रोमियो की टीम। -जागरण मोर्चा

## पंचायत में गूँजा स्मार्ट मीटर का मुद्दा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** मंडी समिति में सोमवार को आयोजित भारतीय किसान यूनियन (असली) की मासिक बैठक में स्मार्ट मीटर, गंगा एक्सप्रेसवे मुआवजे और जर्जर सड़कों का मुद्दा छाया रहा। चौधरी समरपाल सिंह ने चेतावनी दी कि स्मार्ट मीटर किसानों के हित में नहीं हैं; यदि विभाग ने जबरन मीटर लगाए, तो कार्यकर्ता उन्हें उखाड़ फेंकेंगे। तहसील महासचिव राहुल चौधरी ने गंगा एक्सप्रेसवे के लिए छह गुना मुआवजे की मांग की। साथ ही, वक्ताओं ने बैगपुर मुंडा मार्ग की बदहाली और मंगरौली गौशाला के कारण हो रहे हादसों पर रोष जताया। कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का समाधान शीघ्र नहीं हुआ, तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

**आंबेडकर जयंती**

## भव्य शोभायात्रा और झांकियों से गूँजा मऊ अस्सू, ग्रामीणों ने छतों से बरसाए फूल

# डा. भीमराव आंबेडकर जयंती पर धूमधाम से निकाली शोभायात्रा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** नरौली क्षेत्र की ग्राम पंचायत मऊ अस्सू में डा. आंबेडकर पार्क में बाबा साहब की 135वीं जयंती पर गांव में शोभायात्रा के साथ जनसभा का आयोजन किया गया।

बाबा साहब के चित्र पर पुष्प और माला अर्पित कर शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया। यह शोभायात्रा अंबेडकर पार्क से शुरू होकर पूरे गांव में निकाली गई। शोभायात्रा में आर्कषक झांकियों ने सभी का मनमोह लिया। शोभायात्रा को देखने के लिए गांव की सड़कों के साथ घरों की छतों पर भारी भीड़ रही। शोभायात्रा में बैंड और डीजे पर युवा थिरकते हुए चल रहे थे। इसके साथ डा. भीमराव आंबेडकर, महात्मा गौतम बुद्ध, ज्योतिबा फुले, छत्रपति शाहूजी महाराज, चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह और भारत माता की झांकियां शामिल थीं। ट्रैक्टर ट्रालियों में छोटे बच्चों को झांकी के रूप में सजाया गया था, जिससे शोभायात्रा की भव्यता बढ़ गई।

शोभायात्रा के समापन पर जनसभा का आयोजित की गई। जिसमें वक्ताओं ने डा. आंबेडकर के जीवन दर्शन और समता के सिद्धांत परजीवन दर्शन और समता के सिद्धांत पर प्रकाश डालकर कहा कि डा. भीमराव आंबेडकर ने महिला सशक्तिकरण और भारतीय संविधान के गठन में भूमिका निभाई। इस दौरान अध्यक्ष संजय सिंह, ग्राम प्रधान रितेश कुमार, चरन सिंह, अमर गौतम, नेम सिंह, राधेश्याम, कृष्णपाल, डब्बू, अरविंद, आसाराम, भारत सिंह, राजकुमार, पप्पू, नरेश कुमार, रवि कुमार, राजीव मास्टर, राम सिंह, होशियार सिंह आदि शामिल रहे।


शोभायात्रा में शामिल डा. भीमराव आंबेड़कर की झांकी।


शोभायात्रा में शामिल जनसमूह।

## 24 अप्रैल को तहसील घेरेंगे किसान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** भारतीय किसान यूनियन (शंकर) ने सोमवार को विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर तहसील प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोला। तहसील अध्यक्ष राकेश चौहान के नेतृत्व में एसडीएम को 11 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा गया। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि 23 अप्रैल तक गन्ना भुगतान, छुट्टा पशुओं से मुक्ति और चकबंदी में भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों का निस्तारण नहीं हुआ, तो 24 अप्रैल से तहसील परिसर में अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा। जिलाध्यक्ष नेमपाल सिंह ने कहा कि पंचायत में सभी विभागों के अधिकारियों की मौजूदगी अनिवार्य है। इस दौरान बड़ी संख्या में किसान व महिला मोर्चा की कार्यकर्ता मौजूद रहीं।


भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। -जागरण मोर्चा

# मुनि बाबा के सानिध्य में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब


जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** तहसील क्षेत्र के गांव गुमथल में वानखंड़ी संत आश्रम चौधराना बाबा स्थल पर लंगोटी वाले बाबा की पुण्यतिथि पर अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया। इसके अलावा हनुमान चालीसा व भजन कीर्तन भी हुआ। संत आश्रम पर रह रहे मुनि बाबा ने कहा कि भंडारा लंगोटी वाले बाबा की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में किया जाता है। जिसके लिए पूरे गांव में चंदा एकत्र कर किया जाता है। भंडारे का प्रसाद पाने के लिए गांव एवं दूरदराज से लोग आया करते हैं और सभी गांव वाले भंडारे में भरपूर सहयोग किया करते हैं। इस अवसर पर महंत सनक मुनी, विनय कुमार शर्मा, सुमित गोस्वामी, हरवंश अहेरिया, धान सिंह, नरेंद्र शर्मा, टिंकू दिवाकर, संजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### विपक्ष महिला विरोधी, बिल का विरोध करके दिया सुबूतः दीपाली गंगवार

**गजरौला।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष दीपाली गंगवार ने महिला बिल का समर्थन न करने पर कांग्रेस सहित विपक्ष के अन्य दलों को महिला शक्ति का धुरविरोधी करार दिया।


दीपाली गंगवार।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी महिलाओं के सम्मान के लिए संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल लेकर आई थी, लेकिन कांग्रेस सहित विपक्ष के अन्य दलों ने बिल का विरोध करके स्वयं को महिला विरोधी होने का सुबूत पेश किया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष यह चाहता है कि महिलाएं ज्यादा संख्या में संसद नहीं पहुंचे और अपनी आवाज न बुलंद करें। उन्होंने कहा कि विपक्ष को इसका जबाव देना होगा। जरूरत पड़ने पर विपक्ष के विरूद्ध सड़कों पर उतरकर भी जनआंदोलन किया जाएगा।

# सड़क हादसे में युवक की मौत, 4 घायल

## रविवार रात अलीगढ़ मार्ग पर रहरा थाना क्षेत्र में हुआ हादसा, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** दोस्त के संग शादी से लौट रहे थाना डिडौली क्षेत्र के कस्बा जोया निवासी युवक की अलीगढ़ मार्ग पर हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। सामने से आ रही बाइक से दुर्घटना के बाद सड़क पर गिरे युवक को अज्ञात वाहन कुचलकर भाग निकला। हादसे में बच्ची समेत चार लोग घायल हुए, जिन्हें हसनपुर सीएचसी से उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है।

पुलिस के मुताबिक दुर्घटना रविवार रात करीब 9:30 बजे रहरा थाना क्षेत्र के गांव बुरावली के नजदीक हुई। थाना डिडौली के कस्बा जोया निवासी 32 वर्षीय राजू पुत्र मुरारी अपने कस्बा निवासी दोस्त हरिओम पुत्र चमन के साथ रहरा के ग्राम गंगवार में राजकुमार के घर शादी में शिरकत कर बाइक से बुरावली लौट रहा था। जैसे ही उनकी बाइक गंगवार व बुरावली





के बीच पहुंची कि सामने से आ रही तेज गति बाइक ने टक्कर मार दी। राजू टक्कर के बाद सड़क पर गिर गया। इस दौरान सड़क से गुजर रहे भारी वाहन ने उसे कुचल दिया। राजू की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। हरिओम व दूसरी बाइक पर सवार मनोज व सोनू ग्राम फतेपुर थाना सैदनगली व इनके साथ मौजूद एक छोटी बच्ची घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को आनन फानन में हसनपुर के सीएचसी में भर्ती कराया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। थाना अध्यक्ष अखिलेश प्रधान ने बताया कि हादसे में युवक की मौत हुई है जबकि, चार लोग घायल हुए हैं। मृतक राजू के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

## विदाई के बाद सांड से टकराई दूल्हे की कार, नवविवाहित जोड़े समेत पांच गंभीर

**हसनपुर।** रहरा थाना क्षेत्र के अलीगढ़ मार्ग पर एक पेट्रोल पंप के निकट भीषण सड़क हादसे ने शादी की खुशियों को मातम में बदल दिया। विदाई के बाद दुल्हन लेकर लौट रहे दूल्हे की कार अचानक आवारा सांड से टकरा गई। हादसे में दूल्हा-दुल्हन समेत कार सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, संभल जिले के गांव शेरपुर से रहरा थाना क्षेत्र के गांव पोरारा में आई थी। सोमवार सुबह करीब 10 बजे सभी रस्में संपन्न होने के बाद दूल्हा विशाल पुत्र सतपाल अपनी दुल्हन स्वाति को विदा कराकर घर लौट रहा था। जैसे ही उनकी कार अलीगढ़ मार्ग पर रहरा पेट्रोल पंप के पास पहुंची, तो अचानक सड़क पर एक छुट्टा सांड आ गया। रफ्तार अधिक होने के कारण कार अनियंत्रित होकर सांड से बचाने के चक्कर में सड़क किनारे खड़े एक नीम के पेड़ से टकरा गई नीम के पेड़ से टकराने के बाद कर खंदक में पलट गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। चीख-पुकार सुनकर दौड़े लोगों ने कार में फंसे दूल्हा विशाल, दुल्हन स्वाति, दूल्हे के फूफा बिजेंदर, फूफेरे भाई कुनाल और चाचा तेजपाल को बाहर निकाला। सभी घायलों को तुरंत रहरा सीएचसी ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने दुल्हन की हालत नाजुक देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना के बाद से दोनों परिवारों में कोहराम मचा हुआ है।


सड़क हादसे में घायल। -जागरण मोर्चा


हादसे में क्षतिग्रस्त कार।

## संक्षेप समाचार


पेट्रोल पम्प पर आपस में भिड़ते सेल्समैन और युवक। -जागरण मोर्चा

### पेट्रोल पम्प पर सेल्समैनों और युवकों में मारपीट

**गजरौला।** एक पेट्रोल पम्प पर कार्यरत दो सेल्समैनों ने दो युवकों के साथ लात घूंसों, बेल्टों से मारपीट की। दोनों युवकों ने किसी तरह सेल्समैनों के चंगुल से छूटकर अपनी जान बचाई। वहीं किसी ने घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। वायरल वीडियो हाइवे पर स्थित एक पेट्रोल पम्प का बताया जा रहा है। बताते हैं किसी बात को लेकर सेल्समैनों और दो युवकों के बीच कहासुनी हो गई। मामला इतना बढ़ गया कि सेल्समैनों और युवकों के बीच मारपीट शुरू हो गयी। सेल्समैनों ने दोनों युवकों को लात घूंसों से जमकर पीटा। घटना से पेट्रोल पम्प पर पेट्रोल और डीजल भरवाने आये ग्राहकों में भी अफरातफरी मच गयी। वहीं मौके पर खड़े किसी व्यक्ति ने अपने मोबाइल फोन से घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, वीडियो संज्ञान में आने के बाद पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### लापता हुई नाबालिग छात्र को पुलिस ने किया बरामद

**कांठ।** थाना क्षेत्र में घर से कॉलेज जाने को कह कर निकले छात्र को पुलिस ने बरामद कर उसे बयान के लिए न्यायालय न्यायालय भेज दिया है। थाना कांठ के मौहल्ला घोसीपुरा निवासी मयंक राठी पुत्र कैलाश 18 अप्रैल को समय करीब सुबह 8 :30 बजे डीएसएम कॉलेज ने फीस जमा करने को कहकर घर से गया था परंतु वह जब शाम तक वापस नहीं लौटा तो उसके परिजनों को चिंता हुई। उन्होंने अनहोनी की आशंका जताते हुए थाना कांठ पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर लिया था। इसके बाद छात्र वापस आ गया। पुलिस ने अग्रिम कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया है।

### खाना खाने को लेकर विवाद में हुई मारपीट

**कांठ।** थाना क्षेत्र में बारात में गए एक व्यक्ति के साथ दो लोगों में खाना खाने को लेकर पहले गाली गलौंज की और जब उसने गाली देने को मना किया तो आरोपियों ने मारपीट कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल को उपचार के लिए भेज दिया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना छजलैट के ग्राम अलीपुर खालसा निवासी तेजपाल पुत्र राम चरण ग्राम संजरपुर में एक बारात में गया था। वहां खाना खाने को लेकर परम सिंह एवं उसके रिश्तेदार जितेंद्र ने पहले गाली गलौंज की, इसके बाद जब तेजपाल ने गाली देने को मना किया तो आरोपियों ने उसे लाठी डंडों लात घूंसों से जमकर पीटा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए एक अस्पताल में भर्ती कराया है और पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।


बैठक में मौजूद किसान, एसडीएम व अधिकारी। -जागरण मोर्चा

### एसडीएम की मध्यस्थता में हुई भाकियू व अधिकारियों के बीच समस्याओं पर हुई चर्चा

**कांठ।** एसडीएम की मध्यस्थता में भारतीय किसान यूनियन और संबंधित विभाग के अधिकारियों की वार्ता हुई जिसमें किसानों की समस्याओं पर चर्चा की गई। भारतीय किसान यूनियन लंबे समय से क्षेत्र में मृदा परीक्षण केंद्र बिजली के जर्जर तार बदलवाने बिजली के बिलों में संशोधन करने किसानों पर जो बिजली विभाग द्वारा बिजली चोरी के मुकदमे लिखे गए हैं, उन्हें समाप्त करने, नहरों में पानी टेल तक रखने, गन्ने का बकाया मूल्य भुगतान एवं किसानों की आय बढ़ाने आदि जो भी किसानों की मांग चल रही थी। लंबे समय से भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता किसानों की समस्याओं को लेकर बैठक वार्ता करते चले आ रहे हैं परंतु शासन प्रशासन और संबंधित विभाग के अधिकारी किसानों को आश्वासन देकर टरका देते हैं। इसी तरह का मामला दशकों से लगातार चल रहा है। बैठक में एसडीएम संत दास पवार, भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष पश्चिम उत्तर प्रदेश चौधरी ऋषिपाल सिंह, चौधरी दर्शन सिंह, जिला उपाध्यक्ष चौधरी हरदीप सिंह एवं सहकारी गन्ना समिति के सचिव खेत सिंह बिजली विभाग के जूनियर इंजीनियर अरविंद गुप्ता एवं अन्य विभागों के कर्मचारी मौजूद रहे।


प्रशिक्षण प्राप्त करते प्रगणक। -जागरण मोर्चा

### जनगणना हेतु प्रगणकों को दिया प्रशिक्षण

**कांठ।** सरकार के निर्देश पर 22 मई से शुरू हो रही जनगणना के लिए सोमवार को दूसरे बैच का प्रगणकों को प्रशिक्षण नगर के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के हाल में शुरू हुआ। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्रवक्ता शिक्षा शास्त्र प्रवेश कुमार ने बताया कि जनगणना कार्मिकों को प्रथम चरण मकान सूचीकरण एव मकान गणना करने के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया जनगणना कामिकों आंवटित एच0 एल0बी0 का ले आउट मैप तैयार करने एव भवन तथा मकान गणन करने के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। सभी जनगणना कार्मिको को हेलो ऐप के माध्यम से गणना के लिए हैन्डस ऑन प्रेक्टिस कहाई जा रही है। जिससे कार्य को पूर्ण गुणवत्ता से किया जा सके। प्रशिक्षण में उदयवीर सिंह, वंदना बिश्नोई, बदर जहां, विजेंद्र बिश्नोई, रूम सलीम, मोनिका बिश्नोई, शबनम परवीन, रितु बिश्नोई आदि ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण का समापन 22 अप्रैल को होगा। यहां जनगणना का प्रशिक्षण 29 अप्रैल तक चलेगा और उसमें कांठ क्षेत्र में लगाए गए 86 जनगणना सुपरवाइजरों और 512 प्रगणकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।


जनगणना हेतु प्रशिक्षण देते प्रशिक्षक।

# गंगोत्री धाम दर्शन के दौरान व्यापारी नेता की हुई उत्तराखंड मुख्यमंत्री से मुलाकात

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** व्यापारी नेता अंकुर अग्रवाल अपने साथियों के साथ गंगोत्री धाम दर्शन के लिए गए थे वहीं पूजा अर्चना के दौरान उत्तराखंड मुख्यमंत्री से मुलाकात कर पारिवारिक एवं राजनीतिक कई चर्चाएं हुई।

अक्षय तृतीया के पावन दिन गंगोत्री धाम में पूजा अर्चना के बाद दर्शन के लिए कपाट खोले गए, कपाट खोलने ही चारों धाम की यात्रा शुरू हो गई, कपाट खुलने के समय उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हर्षिल हेलीपैड पर पहुंचने के बाद उत्सव में भाग लिया और श्रद्धालुओं का स्वागत किया। वहीं व्यापारी नेता एवं श्री गंगा सेवा समिति के अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल अपनी टीम के साथ गंगोत्री धाम दर्शन करने गए थे वही उत्सव के दौरान उनकी मुलाकात उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से हुई, मुलाकात के दौरान व्यापारी नेता एवं मुख्यमंत्री के बीच राजनीतिक एवं व्यापारियों के हितों को लेकर वार्ता हुई। व्यापारी नेता अंकुर अग्रवाल द्वारा बताया गया की वार्ता के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा उत्तराखंड में व्यापारियों के हेतु में की गई योजनाओं के विषय में बताया। इस दौरान विशालदीप गुप्ता, संदीप गुप्ता, मोहित अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



उत्तराखंड मुख्यमंत्री के साथ व्यापारी नेता अंकुर अग्रवाल। -जागरण मोर्चा

## चोरों ने दो घरों के ताले तोड़कर नगदी-जेवर और मवेशी किए चोरी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** थाना क्षेत्र के कस्बा उझारी में रविवार रात चोरों ने पुलिस गश्त को ठेंगा दिखाते हुए दो घरों में लाखों की चोरी की। पहली वारदात तरारा रोड निवासी नजर अली के घर हुई। परिवार की शादी में मुरादाबाद जाने का फायदा उठाकर चोरों ने ताला तोड़ दिया और 2 लाख के जेवर, नकदी व तीन बकरियां ले उड़े। दूसरी घटना शाहजहाँ मस्जिद के पास मौ. इमरान के घर हुई, जहाँ चोरों ने दीवार काटकर नकदी और एक बकरी चोरी कर ली। सुबह चोरी का पता चलने पर क्षेत्र में हड़कंप मच गया। थाना अध्यक्ष विकास सहरावत ने बताया कि पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

## शॉर्ट सर्किट से मजदूर के घर लगी आग, हजारों का नुकसान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** थाना क्षेत्र के गांव एक गांव गरीब मजदूर के परिवार को गहरे संकट में डाल दिया। शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग में मजदूर के घर का सारा सामान जलकर राख हो गया।

घटना के बाद पीड़ित परिवार में कोहराम मचा है।गांव पाडली निवासी नन्हे पुत्र गोविंद, जो मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता हैं, शनिवार को अपने परिवार के साथ गेहूं की कटाई के लिए खेत पर गए हुए थे। इसी दौरान शाम के समय उनके घर में अचानक शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया।घटना की सूचना गांव के लोगों ने फोन के माध्यम से नन्हे को दी। जब तक वह मौके पर पहुंचे, तब तक घर का सारा सामान जलकर खाक हो चुका था। पीड़ित नन्हे सिंह के अनुसार, घर में रखी करीब 16 हजार रुपये की नगदी, लगभग 5 कुंतल गेहूं, कपड़े, रजाई, गद्दे और अन्य जरूरी घरेलू सामान पूरी तरह जल गया। ग्रामीणों ने आग बुझाने की काफी कोशिश की, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। इस हादसे ने एक गरीब परिवार की वर्षों की मेहनत को कुछ ही मिनटों में खत्म कर दिया। घटना के बाद पीड़ित ने आदमपुर थाने में तहरीर देकर प्रशासन से मुआवजे की गुहार लगाई है। ग्रामीणों ने भी प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित परिवार की जल्द से जल्द आर्थिक सहायता की जाए।

# विरोधियों को मात देकर मोहित चौथी बार फिर बने अध्यक्ष

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांठ।** वैश्य सभा के वार्षिक चुनाव में मोहित माहेश्वरी ने अपने प्रतिद्वंद्वी को करारी हार देकर लगातार चौथी बार अध्यक्ष पद की कुर्सी पर कब्जा कर लिया। वैश्य सभा के अध्यक्ष बनने पर वैश्य समाज में खुशी की लहर दौड़ गई।


मोहित माहेश्वरी।

नगर के मुख्य बाजार स्थित वैश्य धर्मशाला में रविवार देवरात्रि साधारण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान कार्यकारिणी सदस्यों ने इस बार चुनाव प्रक्रिया से चुनाव कराने की मांग की। सदस्यों की मांग को ध्यान में रखते हुए पीठासीन अधिकारी मुकेश माहेश्वरी ने चुनाव प्रक्रिया शुरू कराते हुए अध्यक्ष पद के लिए नामांकन मांगे। नामांकन में पूर्व अध्यक्ष मोहित माहेश्वरी एवं संजीव गुप्ता ने अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दिया। उसके बाद वोटिंग प्रक्रिया शुरू हुई जिसमें पूर्व अध्यक्ष मोहित माहेश्वरी को सर्वाधिक 45 वोट मिले जबकि संजीव गुप्ता मात्र 18 वोट ही हासिल कर पाए। इस प्रकार मोहित माहेश्वरी ने संजीव गुप्ता को 27 मतों से पराजित कर लगातार चौथी बार अध्यक्ष पद की कुर्सी पर कब्जा कर लिया। मोहित माहेश्वरी के लगातार चौथी बार अध्यक्ष बनने पर वैश्य समाज में खुशी की लहर दौड़ गई। उनके निवास पर बधाइयां देने वालों का ताँता लग गया। मोहित माहेश्वरी ने कहा कि नागरिकों की सेवा के लिए वैश्य धर्मशाला का विकास कराना मेरी पहली प्राथमिकता है। बधाई देने वालों में भाजपा के वरिष्ठ नेता मुकेश माहेश्वरी, भारत विकास परिषद के प्रांतीय मीडिया प्रभारी सुदेश बिश्नोई, अनिल बिश्नोई, तहसील बार एसोसिएशन के महासचिव एड. दीपक बिश्नोई, राकेश माहेश्वरी, वरिष्ठ पत्रकार अनिल शर्मा, देवेंद्र बिश्नोई, आलोक वर्मा, सुबोध चौधरी, आदि लोग मौजूद रहे।


चुनाव के दौरान वैश्य समाज के लोग। -जागरण मोर्चा

### मोहित को गणमान्य व्यक्तियों ने दी शुभकामनाएं

**कांठ।** नगर के मुख्य बाजार स्थित वैश्य धर्मशाला में रविवार देर रात वैश्य सभा की साधारण सभा की बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी वर्ष के लिए चुनावी प्रक्रिया संपन्न हुई। पीठासीन अधिकारी मुकेश माहेश्वरी के निर्देशन में चुनाव शुरू हुआ। अध्यक्ष पद के लिए शुरुआत में मोहित माहेश्वरी, संजीव गुप्ता और संदीप मणि गुप्ता के नाम प्रस्तावित हुए, लेकिन बाद में संदीप मणि गुप्ता ने अपना नाम वापस ले लिया। इसके पश्चात हुए मतदान में मोहित माहेश्वरी ने एकतरफा जीत दर्ज की। उन्हें कुल 45 मत मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी संजीव गुप्ता को मात्र 18 मतों से संतोष करना पड़ा। 27 मतों के भारी अंतर से जीत दर्ज कर मोहित माहेश्वरी ने लगातार चौथी बार अध्यक्ष की कुर्सी पर कब्जा जमाया। चुनाव के बाद सर्वसम्मति से कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें ऋषि गुप्ता को उपप्रधान, अरुण मित्तल को मंत्री और राहुल लोहिया को कोषाध्यक्ष चुना गया। इस ऐतिहासिक जीत पर नगर के गणमान्य नागरिकों, व्यापारियों और समाजसेवियों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष को फूल-मालाएं पहनाकर बधाई दी।

## पेड़ काटने का विरोध, दंपती लहूलुहान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**गजरौला।** थाना क्षेत्र के एक गांव में कुछ लोगों ने पड़ोसी खेत में खड़े दो पॉपलर के पेड़ काट लिए। विरोध करने पर आरोपियों ने खेत स्वामी व उसकी पत्नी के साथ मारपीट करके घायल कर दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव सिहाली गौसाईं में दीपक के खेत में खड़े दो पॉपलर के पेड़ पड़ोस के खेत स्वामी ने चोरी छिपे काट लिए। पता चलने पर दीपक और उसकी पत्नी सुमन ने विरोध जताया तो आरोपी राजू, चन्द्रपाल, पतराम आदि ने दम्पत्ति को पीटकर घायल कर दिया। इतना ही नहीं जान से मारने की धमकी भी दी। किसी तरह दम्पत्ति ने आरोपियों के चंगुल से छूटकर अपनी जान बचाई। घटना के बाद पीड़िता थाने पहुंची और पुलिस को घटना की तहरीर दी।

**अक्षय-आस्था** जीवीसी मनीष जैन ने किया भगवान आदिनाथ का अभिषेक

# टीएमयू में भगवान श्री आदिनाथ की विशेष पूजा-अर्चना

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद।** अक्षय तृतीया पर तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के जिनालय से लेकर हरियाना के जैन मंदिर तक आस्था की बयार बही। धार्मिक कार्यक्रमों का शुभारम्भ जिनालय में शांतिधारा अभिषेक से हुआ, जिसमें जीवीसी मनीष जैन को भगवान 1008 श्री आदिनाथ का अभिषेक और शांतिधारा का सौभाग्य मिला।



जिनालय में जगमग जगमग आरती कीजै आदिनाथ भगवान की...आदिनाथ भगवान की आरती हुई। दूसरी ओर प्रशासनिक भवन में चांसलर सुरेश जैन, जीवीसी मनीष जैन और एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर अक्षत जैन के ऑफिस में वास्तु विधान और हवन हुआ। इस सुअवसर पर फर्स्ट लेडी वीना जैन, ऋचा जैन, जहान्वी जैन, नंदिनी जैन आदि की गरिमामयी मौजूदगी रही। ये सभी अनुष्ठान शिखर जी आए पंडित ऋषभ जैन शास्त्री के सानिध्य में विधि-विधान से हुए। शाम को कैंपस से दो बसें कुदंरकी के गांव हरियाना के जिनालय को रवाना हुईं। जहां पर 48 दीपों से भक्ताबंर दीप विधान हुआ। भक्तांबर दीप विधान में टीएमयू परिवार के सैकड़ों श्रावक-श्राविकाओं की मौजूदगी रही। उल्लेखनीय है, अक्षय तृतीया पर भगवान श्री 1008 आदिनाथ जी को हस्तिनापुर में इक्षु रस का प्रथम आहार हुआ था। यह आहार राजा श्रेयांस ने कराया था। टीएमयू में भी श्रावक-श्राविकाओं के लिए इक्षु रस का वितरण किया गया।

यह दिवस दान और पुण्य के लिए विशेष महत्व रखता है। कहा जाता है, अक्षय तृतीया पर किया दान अक्षय फल प्रदान करता है। अक्षय तृतीया पर हुई विशेष पूजा-अर्चना में डॉ. कल्पना जैन, डॉ. रवि जैन, डॉ. अर्चना जैन, प्रो. विपिन जैन, अहिंसा जैन, आदित्य जैन, धार्मिक जैन, प्रयास जैन, सर्वज्ञ जैन, सौम्य दोशी, मोहित जैन, रिदम जैन, प्रभास जैन, आराध्य जैन आदि की भी उपस्थिति रही।

# महापुरुषों के नाम से विशाल द्वारों से छूट कर गिर रहीं टाईल्स

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांठ।** नगर में नगर पंचायत की ओर से बनाए गए महापुरुषों के नाम से विशाल द्वारों में से अनेक द्वारों की टाइल्स टूट कर गिरने लगी हैं। लगभग 25 फीट ऊंचे मुख्य द्वारों की टाइल्स टूट कर गिरने से अनेक यात्री एवं व्यापारी बाल बाल बच चुके हैं।

नगर में तत्कालीन नगर पंचायत अध्यक्ष नसरीन इकबाल ने लगभग 18 वर्ष पूर्व लगभग 20 से 25 लाख रुपए की लागत से नगर में देश के महापुरुषों के नाम से लगभग 8 मुख्य द्वार बनाए थे। यह द्वार नगर के निकासी मार्ग पर ग्राम मौढ़ी हजरतपुर, रहबरेआम इंटर कॉलेज, मुर्गा मार्केट, गुरुद्वारा, एचपी गैस एजेंसी के समीप, थाना रोड, पुरानी तहसील के समीप तहसील रोड पर महापुरुषों के नाम से बनाए गए थे। अनेक मुख्य द्वारों पर स्थित लगभग 25 फीट ऊंचे द्वारो से टाइल्स छूटकर गिर रही है। कुंवर जितेंद्र प्रताप द्वार पर टाइल्स गिरने पर गेट के समीप स्थित कुछ व्यापारियों ने पूर्व में विरोध प्रदर्शन भी किया था। हाल ही में अमन कमेटी की बैठक में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर द्वार के समीप खड़े प्राचीन वृक्ष को गेट की सुरक्षा हेतु पुलिस ने वृक्ष की डाली कटवा दी थी, जहां फाटक बंद होने पर स्कूल छात्राएं तपती धूप में वृक्ष के नीचे आश्रय लेकर छाया में फाटक खुलने की प्रतीक्षा करते थे। महत्वपूर्ण बात यह है कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर लिखे गए द्वार से डॉक्टर अंबेडकर द्वार लिखा रह गया है संविधान रचयिता डॉक्टर साहब के नाम के आगे से भी भीमराव नाम की लिखी टाइल्स छूटकर गिर चुकी है जिनका किसी भी श्रद्धालु ने अभी तक विरोध नहीं किया है।

संपादकीय

## एआई ड्रोन का परीक्षण नये युग की शुरुआत

पिछले एक दशक में भारत ने विकास की जिस व्यापक यात्रा को तय किया है, वह केवल आर्थिक या ढांचागत प्रगति तक सीमित नहीं रही, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में भी एक नई चेतना व आत्मविश्वास का संचार हुआ है। इसी कड़ी में पोखरण में 'शेषनाग-150' स्वॉर्म ड्रोन का सफल परीक्षण भारतीय रक्षा क्षमता के एक नए युग की शुरुआत का संकेत देता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और स्वॉर्म तकनीक से लैस यह ड्रोन पारंपरिक युद्ध प्रणाली को चुनौती देने की क्षमता रखता है। इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह अकेला नहीं, बल्कि समूह में कार्य करता है, जैसे शेषनाग के अनेक फन एक साथ प्रहार करते हैं। परिणामस्वरूप, दुश्मन की एयर डिफेंस प्रणाली भ्रमित हो जाती है और उसके लिए हमले की दिशा पहचानना कठिन हो जाता है। लगभग 1000 किलोमीटर की रेंज के साथ यह तकनीक भारतीय सेना के लिए निर्णायक बढ़त साबित हो सकती है। वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में, विशेषकर मध्य-पूर्व के संघर्षों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि भविष्य के युद्ध केवल हथियारों की संख्या या सैनिकों की तैनाती से नहीं, बल्कि तकनीकी दक्षता से तय होंगे। ईरान और इजरायल के बीच हुए हालिया टकरावों में ड्रोन और एआई आधारित हमलों की निर्णायक भूमिका ने युद्ध की बदलती प्रकृति को उजागर किया है। कम लागत वाले ड्रोन से लेकर अत्याधुनिक स्वॉर्म तकनीक तक, युद्ध का चेहरा तेजी से परिवर्तित हो रहा है। भारत ने समय रहते इस बदलाव को समझा है और 'शेषनाग-150' का परीक्षण उसी रणनीतिक दूरदर्शिता का प्रमाण है। यह केवल एक तकनीकी उपलब्धि नहीं, बल्कि एक स्पष्ट संदेश भी है कि भारत अब केवल रक्षात्मक नहीं, बल्कि तकनीकी रूप से सक्षम और तैयार राष्ट्र है। स्पष्ट है कि आने वाला समय 'स्मार्ट वॉरफेयर' का होगा, जहां बुद्धिमत्ता, तकनीक और रणनीति का संगम ही विजय की कुंजी बनेगा। ऐसे में अनुसंधान, नवाचार और स्वदेशी तकनीक पर निरंतर निवेश भारत की सुरक्षा को और मजबूती देगा।




# महिला आरक्षण 1996 से 2026 तक अधूरी उम्मीदों का सफर



केंद्र सरकार द्वारा लाया गया संविधान (131वां संशोधन) विधेयक, 2026 (महिला आरक्षण से संबंधित) 17 अप्रैल 2026 को लोकसभा में पास नहीं हो पाया इसके पक्ष में 298 और विरोध में 230 वोट डाले गए जो कि पक्ष में पड़े वोट दो तिहाई से कम थे जबकि केंद्र सरकार और स्वयं प्रधानमंत्री जी ने सदन में यहां तक कहा कि इस विधेयक का श्रेय लेना वह और उनकी सरकार नहीं चाहते और अगर बात श्रेय की है तो विपक्षी दलों के इस बिल के लिए दिए गए समर्थन का प्रचार वह स्वयं करने को तैयार है परंतु बिल के समर्थन के अभाव में वही हुआ जो पूर्व के महिला आरक्षण बिलों के साथ हुआ और जैसे ही यह तय हो गया कि बिल पास नहीं हो पाएगा फिर वही हुआ जो हमेशा राजनीति में होता आया है आरोप प्रत्यारोप का दौर सत्ता पक्ष और विपक्ष में और सभी के अपने अपने तर्क और अपने दलों के बचाव के लिए वाणी के तरकश के तीर निकाल लिए जहां केंद्र के मुख विपक्षी दल कांग्रेस ने लोकसभा और राज्य विधान सभाओं में पिछड़ी जाति की महिलाओं की भागीदारी न बढ़ाने की बात कह कर बिल का विरोध किया वही मुस्लिम समाज की महिलाओं के प्रतिनिधत्व की मांग करने वाली उत्तर प्रदेश की मुख्य विपक्षी पार्टी समाजवादी ने भी विरोध किया जबकि मुस्लिम समाज की बात करने वाली सपा ने पिछले लोकसभा आम चुनाव में एक मात्र टिकट मुस्लिम महिला इकरा हसन जी को कैराना लोकसभा सीट से दिया क्योंकि यह सीट उनके परिवार के प्रभाव वाली सीट है और वह चुनकर लोकसभा पहुंची यहां यह भी जानना आवश्यक है कि देश में दो आयोगों ने पिछड़े समाज की भागीदारी की बात की पहला बी पी मंडल आयोग और दूसरा बलवंत सहनी आयोग जहां मंडल आयोग ने स्कूल कॉलेज में प्रवेश और नौकरियों में आरक्षण की सिफारिश की वही सहनी आयोग ने पंचायतों में पिछड़े वर्गों की भागीदारी की सिफारिश लेकिन धर्म के आधार पर आरक्षण की व्यवस्था देश में अभी तक नहीं हो पाई है यहां यह भी सर्वविदित है कि मुस्लिम समाज में जो जातियां पिछड़े वर्ग में आती हैं उन्हें नौकरियों कॉलेजों में प्रवेश और पंचायतों में आरक्षण की व्यवस्था पहले से ही है और उसका लाभ मिलता भी रहा है जो वर्तमान में जारी है। और सत्तारूढ़ भाजपा का एजेंडा तय है कि वो इस मामले में कोई नया प्रयोग करने के विचार में फिलहाल नहीं है लेकिन क्या ये सिर्फ यही तथ्य हैं जिनकी वजह से बिल पास नहीं हो सका तो इसका जवाब है नहीं दरअसल राजनीति में यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः।

यत्रैतास्तु न पूज्यन्ते सर्वास्तत्राफलाः क्रियाः॥

इस तरह के बयान केवल राजनैतिक दलों द्वारा सार्वजनिक मंचों के लिए बचा कर रखे जाते हैं अगर ऐसा नहीं है तो 1996 से 2026 तक कुल छः बार महिला आरक्षण बिल केंद्र सरकारों द्वारा लाया गया 2023 में पास हुआ लेकिन उसमें भी जातीय जनगणना और लोकसभा और राज्य विधान सभाओं में नई सीटें जोड़ने के नियमों से बांध दिया गया अगर सरकार चाहती तो तुरंत उसे पूरे देश में लागू करवा सकती थी परंतु ऐसा नहीं हुआ क्योंकि देश में जो भी सीटें वर्तमान में हैं पुरुष सत्तात्मक सोच उस पर हावी है शायद वह यह मान चुके हैं कि ये मेरी हैं और महिलाओं को उनमें सीटे दी जाएंगी जो बढ़ेंगी। अगर सच में राजनीतिक दलों की इच्छाशक्ति महिलाओं को भागीदारी देने की होती तो जो सीटे अपने प्रत्याशियों के लिए तय करते हैं उनमें अधिकतम महिलाओं को ही दे देते किसने रोका था और दूसरे दलों के लिए एक नजीर पेश करते शायद कुछ समय बाद वह भी यह प्रयोग करते और देश के संविधान ने लिंग आधारित शर्तों जैसा कोई नियम भी नहीं दिया है और यह काम वर्तमान की सीटों पर भी हो सकता था लेकिन बात सिर्फ इतनी सी नहीं है राजनैतिक दलों के बारे में जो कहा जाता है वह शायद सत्य है कि जो वो कहते हैं वह करते नहीं और उसमें भी सबसे अद्भुत यह है कि देश और प्रदेशों की सबसे बड़ी पंचायतों में मौजूद हमारी मात्र शक्ति अपनी अपनी राजनैतिक आस्था के बचाव के साथ साथ उसके द्वारा बिल के विरोध के फायदे गिना रही हैं यह जानते हुए भी कि इतिहास साक्षी है कि हमेशा अग्नि परीक्षा हमारी मात्र शक्ति को ही देनी पड़ी है हर बार उन्हें खुद को साबित करना पड़ा है और अतीत से वर्तमान तक इसके अनगिनत उदाहरण हैं वो चाहे माता सीता हो या माता सावित्री बाई फुले देश के शीर्ष पदों पर बैठी आज की प्रशासक हो या आम जीवन जीने वाली हमारी माताएं बहने उन्हें जब भी कोई अवसर मिला उन्होंने पुरुषों से बेहतर परिणाम दिए फिर क्यों बार बार उन्हें इस तरह के प्रलोभनों में फसाया जाता रहा है क्या उनके लिए यह पीड़ादायक नहीं है कि उन्हीं मात्र शक्ति की देश के सदनों में भागीदारी के लिए लाए गए महिला आरक्षण बिलों को समय समय अलग अलग राजनैतिक दलों ने लागू नहीं होने दिया और यह पूरे देश ने देखा है प्रधानमंत्री एच डी देवगौड़ा सरकार में 12 सितंबर 1996 को देश में पहली बार 81वें संविधान संशोधन विधेयक के रूप में इसे लोकसभा में पेश किया गया लेकिन सदन भंग हो जाने के कारण यह पारित नहीं हो सका।1998,1999,2002 और 2003 में प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने बार बार 12वीं और 13वीं लोकसभा में इसे पेश किया और यह अटल सरकार के सपनो का बिल था लेकिन पर्याप्त समर्थन न होने के कारण यह पास नहीं हो सका।2008 और 2010 में प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह की यूपीए सरकार ने 2008 में इसे राजसभा में पेश किया 9 मार्च 2010 को यह बिल राज्यसभा में तो पारित हो गया लोकसभा में भारी विरोध के कारण आगे नहीं बढ़ सका।

2023 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने इसे संसद के विशेष सत्र के दौरान 19 सितंबर 2023 को 128वें संविधान संशोधन विधेयक के रूप में पेश किया यह बिल 20 सितंबर को लोकसभा और 21 सितंबर को राज्यसभा में सफलता पूर्वक पारित हो गया और महामहिम राष्ट्रपति जी के हस्ताक्षर के बाद 106वा संविधान संशोधन अधिनियम 2023 बन चुका है परंतु सरकार ने उसमें नए प्रावधान जोड़ दिए जिसमें जातीय जनगणना और सीटों की संख्या में बढ़ोत्तरी । इस लंबे समयांतराल में केवल सत्तापक्ष बदला है इसका विरोध करने वाले हमेशा वही पुरुष सत्तात्मक सोच रही महिला आरक्षण बिल पर बार बार बहस हुई बहस में कई ऐसे सवाल भी किए गए जिन्होंने कई मौकों पर देश को असहज जरूर महसूस कराया और आज के युग में उन वक्तव्यों को इंटरनेट आदि के माध्यम से जब चाहे देखा जा सकता है। जो भी हो अब राजनैतिक दल अपने अपने तर्क लेकर जनता के बीच चुनाव में जायेंगे देश की मातृशक्ति किसका साथ और किसका विरोध करती है यह तो चुनाव बाद ही तय होगा लेकिन राजनीति में कई बार काम करना और जनता को समझना भी बहुत मायने रखता है इसका ताजा उदाहरण प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह जी की सरकार में बहुजन समाज पार्टी के प्रयास से नागराज समिति की सिफारिशों को लागू करने के लिए लाया गया प्रमोशन में आरक्षण का बिल है समाजवादी पार्टी ने न केवल उसका पूरी ताकत से विरोध किया बल्कि उसे पास नहीं होने दिया और यही नहीं बसपा सरकार द्वारा नागराज समिति की सिफारिशों के आधार पर प्रमोशन में आरक्षण का लाभ देकर प्रमोट किए गए सरकारी कर्मचारी अधिकारियों को सत्तासीन होते ही सपा सरकार ने डिमोट कर दिया लेकिन लोकसभा आम चुनाव 2024 में उसने संविधान और आरक्षण बचाने का नारा दिया और जनता ने उसे मान भी लिए और यूपी में उसे 37 सीटें दी और जबकि अनुसूचित जाति के मतों के बिना जुड़े यह संभव न था और यह भी सत्य है कि राजनीतिक दलों के प्रयासों और संघर्षों को परिणाम में बदलने का काम देश की जनता ही करती है क्योंकि लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता ही जनार्दन होती है और जहां तक सवाल मातृशक्ति का है मातृशक्ति ने अपनी वोट की चोट से तमाम राजनीतिक दलों की उम्मीदों को बनाया और बिगड़ा है ।

देश की मातृशक्ति को नमन।।

**- धर्मेश चौधरी**
**शिक्षक**

# अनुशासन की कमी बिगाड़ सकती है आपका भविष्य

*अव्यवस्थित रहन-सहन भले ही आराम और सुकून देता लगे, लेकिन अनुशासन का यह अभाव कई तरह से नुकसान भी पहुंचा सकता है। हमारी जिंदगी की रीढ़ है अनुशासन, इसके बिना हम दिशा खो देते हैं, और इसके साथ अपनी ज़िंदगी को बेहतर बना सकते हैं। अब चुनाव आपको करना है।*

हम सब अपनी जिंदगी में कुछ बड़ा चाहते हैं- अच्छे अंक, सफल कॅरियर, खुशहाल परिवार और सम्मान से भरा जीवन। लेकिन इन सबके बीच एक ऐसी चीज है, जिसे अक्सर नजरअंदाज कर देते हैं, वह है अनुशासन, जो हमारी पूरी जिंदगी को बना सकता है। अनुशासन सिर्फ नियमों का पालन करना नहीं है, बल्कि यह हमारे रोजमर्रा के छोटे-छोटे फैसलों के सही होने में छिपा होता है। इसकी अनुपस्थिति धीरे-धीरे जिंदगी में दिखने लगती है।

### इनकी हो रही है बात

हम जैसे अनुशासन के अभाव की बात कर रहे हैं, वह है- देर तक सोना और घर को अस्त-व्यस्त रखना। कुछ लोग रोज शरीर की मूलभूत सफाई, यानी किसी दिन तो स्नान तक नहीं करते। कम बार कपड़े धोए जाते हैं, जो गंध से भर जाते हैं। कमरे में बिखराव इतना बढ़ जाता है कि वहां बैठना भी मुश्किल हो जाता है। बर्तन समय पर साफ नहीं होते, कचरा जमा होता रहता है और धीरे-धीरे पूरा माहौल अस्वस्थ हो जाता है।

## अब इनसे क्या होगा असर...

### व्यक्तिगत जीवन पर प्रभाव

सबसे पहले बात करते हैं व्यक्तिगत जीवन की। जब हम अनुशासन में नहीं रहते, तो पूरा दिन बिना किसी दिशा के गुजरता है। देर से उठना, काम को टालना, योजना के बिना दिन बिताना, ये सब धीरे-धीरे आदत बन जाती है। शुरुआत में यह सामान्य लगता है, लेकिन समय के साथ यह हमारी ऊर्जा, सेहत और सोच पर असर डालता है। हमारा मन भटकने लगता है, ध्यान कम हो जाता है और हम हर काम में पीछे रह जाते हैं। एक तरह से, हम अपनी ही क्षमता को खुद कम कर देते हैं।

### » सामाजिक जीवन में दूरी

घर में अव्यवस्थित ढंग से रहने और देर से उठने की आदत व्यक्ति के सामाजिक जीवन पर भी असर डालती है। ऐसे लोग अक्सर समय की कद्र नहीं कर पाते, देर से पहुंचते हैं या वादे निभाने में पीछे रह जाते हैं। दोस्त, परिवार और समाज में उनकी छवि एक लापरवाह और गैर-जिम्मेदार व्यक्ति की बन जाती है।

### » नकारात्मकता को बुलावा

बिखरा हुआ कमरा, अव्यवस्थित टेबल, चीजों का अपनी जगह पर न होना, ये सिर्फ गंदगी नहीं, बल्कि व्यक्ति की सोच और आदतों का प्रतिबिंब है। जब परिवेश साफ व व्यवस्थित होता है, तो मन भी शांत और सकारात्मक रहता है। लेकिन अनुशासन न होने से यह संतुलन बिगड़ जाता है और हम अंदर से भी अस्थिर महसूस करते हैं।

### » प्रभावित होता है

भविष्य जब हम आज अपने समय और काम को गंभीरता से नहीं लेते, तो कल पछताने के अलावा कुछ नहीं बचता। अनुशासन सिखाता है कि हर दिन थोड़ा-थोड़ा आगे बढ़ना ही असली सफलता है।

### » कॅरियर पर असर

अनुशासन में नहीं रहने वाले छात्र पढ़ाई को गंभीरता से नहीं लेते। वे सोचते हैं कि कल कर लेंगे, पर वह कल कभी नहीं आता। परीक्षा के समय तनाव बढ़ जाता है व परिणाम उम्मीद के अनुसार नहीं आते। यही आदत आगे चलकर कॅरियर में भी दिखाई देती है। नौकरी या व्यवसाय में समय की पाबंदी, जिम्मेदारी व निरंतरता बहुत जरूरी होती है। अनुशासन की कमी के कारण लोग मौके खो देते हैं।

### » छोटे कदम से शुरुआत

अनुशासन एकदम से नहीं आता, इसे धीरे-धीरे अपनाना पड़ता है। इसलिए शुरुआत छोटी आदतों से करें, जैसे- रोज सुबह जल्दी उठना। जब आप समय पर जागना सीख जाएंगे, तो आपके पास सुबह काफी समय होगा, जिसमें कई काम पूरे कर सकेंगे।

### » समय का सही उपयोग

हर काम के लिए एक निश्चित समय तय करें। जब आप हर काम को समय में बांधते हैं, तो टालमटोल की आदत कम हो जाती है। हर चीज का समय अलग रखें, इससे दिन संतुलित और उत्पादक बनेगा।

### » मोबाइल का सीमित इस्तेमाल

आज के समय में सबसे बड़ा ध्यान भटकाने वाला साधन मोबाइल है। इसलिए इसका इस्तेमाल करने का समय तय करें और बेवजह स्क्रॉलिंग से बचें। जरूरत हो तो एप टाइम लिमिट सेट करें या काम करते समय फोन दूर रखें।

### » आलस से दो-दो हाथ

'अभी नहीं, बाद में करेंगे' यह आदत अनुशासन की सबसे बड़ी दुश्मन है। आलस को हराने के लिए खुद को थोड़ा धक्का देना जरूरी है। जब भी मन टालने का करे, तुरंत काम शुरू करें, भले ही थोड़ी देर के लिए ही सही। शुरुआत करने से ही आधा काम हो जाता है।

### » दिनचर्या का पालन

अगर आप रोज एक ही समय पर सोते और जागते हैं, पढ़ाई या काम के लिए समय तय रखते हैं, तो धीरे-धीरे यह आदत बन जाती है। दिनचर्या से तन और मन उसी हिसाब से ढल जाते हैं, जिससे काम करना आसान हो जाता है।



# ज्ञान इंटरनेशनल में विभिन्न जागरूकता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन



ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेते हुए बच्चे

**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**पीलीभीत।** ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में ह्यनारी शक्ति वंदनाह्न अभियान के तहत 16 से 20 अप्रैल 2026 तक विभिन्न जागरूकता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों की शुरूआत मानव श्रृंखला से हुई, जिसमें छात्र-छात्राओं व शिक्षकों ने महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया। 17 अप्रैल को शौर्य प्रदर्शन व एनसीसी, स्काउट-गाइड की गतिविधियां आयोजित की गईं। 20 अप्रैल को विकसित भारत-2047 में नारी की भूमिका विषय पर वाद-विवाद, निबंध, कविता व पोस्टर प्रतियोगिताएं कराई गईं, जिसमें विद्यार्थियों ने प्रभावशाली प्रस्तुति दी। पोस्टर प्रतियोगिता में गुंजन मौर्य प्रथम, अनन्या राणा द्वितीय व जारा सलीम तृतीय रहीं। हिंदी निबंध प्रतियोगिता में मानवी गंगवार प्रथम, आश्टिका द्वितीय व विनीता तृतीय स्थान पर रहीं, जबकि अंग्रेजी निबंध में आयरा अल्वी प्रथम, आयुषी शर्मा द्वितीय व आयुषी राणा तृतीय रहीं। प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा ने प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से विद्यार्थियों में नारी सम्मान व जागरूकता की भावना विकसित होती है। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यालय ने महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया।

# पूर्व सभासद के घर में घुसकर दबंगों की मारपीट, महिलाओं से अभद्रता का आरोप

## अपने को भाजपा नेता बताने वाले जगजीवन सिंह बाजवा समेत कई लोगों पर गंभीर आरोप, सीसीटीवी में कैद घटना




पीड़ित कुलबीर सिंह को घर के अंदर से घसीट कर बाहर लाते दबंग

**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**पूरनपुर।** पूर्व सभासद के घर में घुसकर मारपीट और अभद्रता करने का मामला सामने आया है। पीड़ित कुलबीर सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में आरोपी जगजीवन सिंह बाजवा समेत कई लोगों के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए हैं। तहरीर के अनुसार, घटना 19 अप्रैल 2026 की शाम करीब 6:15 बजे की है, जब आरोपी जगजीवन सिंह बाजवा अपने साथियों के साथ पीड़ित के घर में जबरन घुस आया और गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि इस दौरान महिलाओं के साथ अभद्रता की गई और जान से मारने की धमकी भी दी गई। पीड़ित का कहना है कि पूरी घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। आरोपी की बढ़ी हिम्मत पर सफेदपोश मदद होने का संदेह गहरा होता जा रहा है, साथ ही ज्ञात हुआ है कि आरोपी पर पहले से मुकदमे दर्ज हैं। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पीड़ित ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली प्रभारी पवन पांडे ने बताया कि मामला काफी गंभीर है  मामले की जांच की जा रही है और जांच में सीसीटीवी फुटेज से कई तत्व सामने आए हैं पूरे मामले की रिपोर्ट दर्ज की गई है दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

# रोड पर अधूरी पुलिया से बढ़ा खतरा, ठेकेदार लापता

## आप पार्टी के जिलाध्यक्ष ने जताया रोष, लोग परेशान



माधोटांडा क्षेत्र में अधूरी पड़ी पुलिया

**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**माधोटांडा।** जिले के प्रमुख मार्गों में शामिल माधोटांडा रोड पर जमुनिया क्षेत्र में पुलिया निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिए जाने से स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। संबंधित विभाग द्वारा पुलिया का निर्माण कार्य शुरू किया गया था, लेकिन बीच में ही कार्य रोक दिया गया और ठेकेदार मौके से गायब हो गया। अधूरी पुलिया के कारण मार्ग पर आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों की जान जोखिम में बनी हुई है। सबसे गंभीर बात यह है कि निर्माण स्थल पर न तो कोई सुरक्षा बैरिकेडिंग की गई है और न ही चेतावनी संकेत लगाए गए हैं, जिससे खतरा और बढ़ गया है। इस मामले को लेकर आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष अमित मिश्रा ने कड़ा रुख अपनाते हुए प्रशासन और ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द ही पुलिया निर्माण कार्य शुरू नहीं कराया गया, तो बरसात के मौसम में स्थिति और भयावह हो सकती है। यह मार्ग माधोटांडा, कलीनगर, ट्रांस शारदा क्षेत्र समेत पूरनपुर विधानसभा के बड़े हिस्से को जिला मुख्यालय से जोड़ता है। ऐसे में पुलिया का अधूरा रहना क्षेत्रीय आवागमन के लिए बड़ी बाधा बन सकता है और बारिश के दौरान रास्ता पूरी तरह बंद होने की आशंका है। आम आदमी पार्टी ने इस मुद्दे को लेकर लगातार शासन-प्रशासन से पुलिया निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराने की मांग की है। साथ ही दोषी ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग भी उठाई गई है। फिलहाल प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम उठाए जाने की जानकारी नहीं मिली है, जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

# शेरपुरकलां में टीबी के खिलाफ विशेष अभियान, गांव बना जांच केंद्र



शेरपुर कला में टीवी की बीमारी की जांच के लिए विशेष अभियान में जुटे चिकित्सा कर्मी

**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**शेरपुरकलां, पीलीभीत।** टीबी उन्मूलन के तहत चल रहे 100 दिवसीय अभियान में स्वास्थ्य विभाग ने सराहनीय पहल की है। ग्राम पंचायत सचिवालय को अस्थायी जांच केंद्र बनाकर अत्याधुनिक एक्स-रे मशीन से ग्रामीणों की सघन टीबी स्क्रीनिंग की गई। अभियान का नेतृत्व चिकित्सा अधिकारी डॉ. आसिफ खान ने किया, जबकि एक्स-रे टेक्निशियन चंद्र किशोर ने जांच कार्य संभाला। एसटीएस जितेंद्र कुमार, एसटीएलएस ठाकुर दास व शैलेश कुमार ने स्क्रीनिंग प्रक्रिया को सुव्यवस्थित किया। एएनएम नाजिया बी ने महिला मरीजों की जांच और जागरूकता में महत्वपूर्ण योगदान दिया। स्थानीय लोगों के सहयोग से अभियान सफल रहा। सभी जांच निशुल्क की गई, जिससे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली। शिविर में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और स्वास्थ्य विभाग ने इसे टीबी की समय पर पहचान के लिए कारगर कदम बताया।

# प्राथमिक विद्यालय में नारी शक्ति बंधन कार्यक्रम आयोजित

**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**पीलीभीत।** प्राथमिक विद्यालय टाह पौटा में नारी शक्ति वंदन के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम प्रधान  राम बेटी ने किया। गोष्ठी में प्रधानाध्यापक डॉ. विभव सक्सेना व शिक्षिका प्रगति धामी ने अभिभावकों को नारी शक्ति वंदन अधिनियम की जानकारी दी और महिलाओं के सम्मान व बेटियों की शिक्षा पर जोर दिया। इस दौरान 70% से अधिक उपस्थिति वाली छात्राओं व उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया। साथ ही खेलकूद व कला प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में महिला स्टाफ, अभिभावक व ग्रामीण उपस्थित रहे।

# ट्रांसफार्मर फुंकने से बिजली के लिए तरस रहे ग्रामीण

## बिजली न मिलने से गर्मी में रहने को मजबूर ग्रामीण

**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**पूरनपुर।** बिजली ट्रांसफार्मर फुंक जाने से गांव अंधेरे में डूबा हुआ है।शिकायतें करने के बावजूद बिजली विभाग द्वारा अभी तक ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया है। इसके चलते ग्रामीणों को भीषण गर्मी में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। शीघ्र ही बिजली व्यवस्था दुरुस्त कराए जाने की मांग की है। जहां एक और गर्मी से लोग परेशान हो रहे हैं। वहीं दूसरी ओर बिजली समस्या ने लोगों की चिंता और बढ़ा दी है। थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गांव गोरा में लगा बिजली ट्रांसफार्मर रविवार से फुंका पड़ा हुआ है। इसके चलते ग्रामीणों को भीषण गर्मी में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ट्रांसफार्मर के फुंक जाने से रात दिन गांव में बिजली गुल रहती है।इसके चलते ग्रामीणों में खासा रोष देखा जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि जहां सरकार ने 24 घंटे के अंदर बिजली ट्रांसफार्मर बदलवाने के आदेश दिए हैं।लेकिन यहां तीन दिन बीत जाने के बाद भी ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया है। इसके चलते भीषण गर्मी में बच्चे बुजुर्ग परेशान नजर आ रहे हैं। वही बिजली चलित उपकरण शोपीस बने हुए हैं।बिजली से होने वाले सारे कामकाज ठप पडे हुए हैं। पूरा गांव अंधेरे में डूबा हुआ है।इससे रात अंधेरे मैं काटनी पड रही है।बिजली न मिलने से लोगों को हांथ के पंखे का साहारा लेना पड रहा है।इससे उनका काफी नुकसान हो रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली न मिलने से दिन तो जैसे तैसे कट जाता है।लेकिन रात काटना मुश्किल हो रहा है।बिजली विभाग लगातार लापरवाही कर रहा है। ग्रामीणों ने शीघ्र ही ट्रांसफार्मर को बदलवाने की मांग की है।

# घरेलू गैस सिलिंडर की समस्या से रसोई हो रही प्रभावित

**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**पूरनपुर।** घरेलू गैस आपूर्ति की समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। उपभोक्ताओं का कहना है कि सिलिंडर की बुकिंग करने और डिलीवरी का मेसेज मिलने के बावजूद समय पर गैस उपलब्ध नहीं हो पा रही है। इससे रोजमर्रा के कामकाज प्रभावित हो रहे हैं और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इन दिनो गैस सिलेंडर की किल्लत से लोग परेशान है। लोगों के अनुसार गैस आपूर्ति बदहाल होती जा रही है। आरोप है कि वितरण के दौरान कर्मचारियों द्वारा कुछ चुनिंदा उपभोक्ताओं को प्राथमिकता दी जाती है, जबकि अन्य लोग घंटों लाइन में खड़े रहने के बावजूद खाली हाथ लौटने को मजबूर हो जाते हैं। उपभोक्ताओं ने यह भी बताया कि कई बार जब उनकी बारी आने वाली होती है, तब तक गैस वाहन बिना सिलिंडर दिए ही वापस लौट जाता है। इस स्थिति में वितरण कर्मचारियों और उपभोक्ताओं के बीच कहासुनी भी हो जाती है। वहीं, गैस एजेंसी के जिम्मेदार कर्मचारियों से संपर्क करना भी मुश्किल बना हुआ है। लोगों का कहना है कि बार-बार फोन करने के बावजूद कॉल रिसीव नहीं की जाती। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि गैस वितरण व्यवस्था को पारदर्शी और नियमित बनाया जाए। लोगों ने समस्त का निस्तारण कराए जाने की मांग की है।

# बाइकों की भिडंत में अलग अलग वाइक पर सवार दो की मौत

## गोला-खुटार मार्ग पर हुआ हादसा, परिवार में कोहराम

**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**पूरनपुर।** बाइकों की भिडंत में दो युवकों की मौत हो गई। एक मृतक अपनी बहन की लगन लेकर जा रहा था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गांव सपहा निवासी राम बहादुर की बडी बेटी की शादी 26 अप्रैल को है। उनका 26 वर्षीय पुत्र विकास अपनी बहन की शादी की लगन लेकर उसकी ससुराल जा रहा था। उसके साथ गांव का ही रामवीर भी मौजूद था। शादी की तैयारियां जोरों पर चल रही थी। बताया जा रहा है कि गोला खुटार राष्ट्रीय राजमार्ग पर मैलानी थाना क्षेत्र के लालहपुर चमपुर में पहुंचते ही सामने से आ रही बाइक से भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया। जहां दूसरी बाइक पर सवार श्री कृष्ण को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल विकास और रामवीर को लखनऊ रेफर किया गया है। लेकिन कुदरत को कुछ ओर ही मंजूर था। रविवार की देर शाम विकास की भी इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की खबर सुनकर परिवार में चीखपुकार मच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा। घर में चल रही शादी की खुशियां मातम में बदल गई। विकास इकलौता वेटा था। और दो बहनों का भाई था। उसकी बडी बहन की शादी 26 अप्रैल को है। शादी की तैयारियां चल रहीं थी। परिवार में खुशी का माहौल था। इस हादसे ने दो परिवारो को जिंदगी भर का जख्म दे गया। इससे परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पोस्टमार्टम के बाद शव घर आया तो कोहराम मच गया।गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया गया। हादसे से दो परिवार में मामत छाया हुआ है।

# स्वच्छ लेखन प्रतियोगिता में कनिष्क सागर व आरोही गिरी रहे अव्वल



पूरनपुर के आरएसआरटीसी स्कूल में प्रतियोगिता में भाग लेते हुए बच्चे।

**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**पूरनपुर।** आर.एस.आर.डी. सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में ह्लस्वच्छ एवं सुव्यवस्थित लेखन (कॉपी/बैग) प्रतियोगिताह्व का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य सौरभ वार्ष्णेय के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम का संचालन साकेत अग्रवाल ने किया। दो चरणों में हुई प्रतियोगिता में कक्षा अध्यापकों व निर्णायक मंडल—अंशु वर्मा, संजीता देवी व प्रभा प्रधान—ने कॉपियों का मूल्यांकन किया। कक्षा 6-8 वर्ग में कनिष्क सागर प्रथम, आयुषी वर्मा द्वितीय व विराट यादव तृतीय रहे। वहीं कक्षा 9-12 वर्ग में आरोही गिरी ने प्रथम, चित्रांशी त्रिवेदी ने द्वितीय और अपार गुप्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य सौरभ वार्ष्णेय ने विद्यार्थियों को स्वच्छ व सुंदर लेखन के महत्व पर जोर देते हुए विजेताओं को बधाई दी। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# मेधावी छात्रों का सम्मान, विद्यालय में आयोजित हुआ भव्य समारोह



विद्या निकेतन पब्लिक स्कूल में मेधावी छात्रों को सम्मानित करते स्टेट बैंक आफ इंडिया की पदाधिकारी

**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**माधोटांडा, पीलीभीत।** विद्या निकेतन पब्लिक स्कूल, गोमती उद्गम स्थल के निकट माधोटांडा में मंगलवार को एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 10 सत्र 2025झ्र26 के मेधावी छात्र-छात्राओं को भारतीय स्टेट बैंक की ओर से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मेधावी विद्यार्थियों की उत्कृष्ट शैक्षिक उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र, मेडल एवं आकर्षक उपहार प्रदान किए गए। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे भी इसी प्रकार मेहनत और लगन के साथ सफलता की नई ऊंचाइयों को छूने के लिए प्रेरित किया। समारोह में भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है, जो समाज और राष्ट्र को सशक्त बनाती है। उन्होंने छात्रों को निरंतर परिश्रम, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। विद्यालय के संरक्षक एवं प्रबंधन समिति के सदस्यों ने भी विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि न केवल छात्रों बल्कि विद्यालय और क्षेत्र के लिए भी गौरव का विषय है। नायब तहसीलदार कलीनगर ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर प्रयास करने की सलाह दी। विद्यालय के प्रबंधक एवं प्रधानाचार्या ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षकगण, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन उत्साह और प्रेरणा के माहौल में हुआ।

# स्प्रिंगडेल स्कूल में टीकाकरण की शुरूआत

**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**पीलीभीत।** जनपद में डिप्थीरिया के बढ़ते मामलों को देखते हुए स्कूल आधारित टीडी/डीपीटी टीकाकरण अभियान की शुरूआत आज नगर क्षेत्र के स्प्रिंगडेल पब्लिक स्कूल, बल्लभनगर में की गई। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आलोक कुमार ने फीता काटकर अभियान का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन के साथ स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। अभियान के तहत 20 से 30 अप्रैल तक विभिन्न तिथियों पर जनपद के सभी स्कूलों व मदरसों में बच्चों को टीके लगाए जाएंगे। इसमें 5झ्र6 वर्ष के बच्चों को डीपीटी-2 बूस्टर, 10 वर्ष के बच्चों को टीडी-10 तथा 16 वर्ष के बच्चों को टीडी-16 की खुराक दी जाएगी। स्वास्थ्य विभाग के साथ शिक्षा, बाल विकास, पंचायत राज सहित अन्य विभागों का सहयोग लिया जा रहा है, जबकि डब्ल्यूएचओ द्वारा निगरानी की जाएगी। बच्चों के टीकाकरण प्रमाण पत्र स्वास्थ्य इकाइयों या यूविन पोर्टल से प्राप्त किए जा सकेंगे।

# छप्पर पर पन्नी पड़े घर में दिव्यांग दंपति का परिवार, आवास की दरकार

## कलीनगर के गांव लालपुर के दिव्यांग दंपति की नहीं हो रही सुनवाई ,बरसात में टकपता है पानी, पड़ोसियों के घर में रखना पड़ता है घरेलू सामान

**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**पूरनपुर।** कलीनगर तहसील क्षेत्र के गांव लालपुर में एक ऐसा परिवार है। जिसमें पत्नी और पत्नी दोनों दिव्यांग हैं। उनके दो मासूम बच्चे भी हैं। रहने के लिए न पक्की छत है और न ही परिवार का भरण-पोषण करने के लिए जमीन। जैसे-तैसे दिव्यांग दंपति अपने परिवार की नैय्या चला रहे हैं। आवास के लिए वह पिछले कई साल से प्रधान, सचिव यहां तक कि खंड विकास कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है। आवास योजना का लाभ न मिलने से दिव्यांग दंपति अपने दो बच्चों के साथ क्षतिग्रस्त छप्पर के ऊपर पन्नी तानकर गुजारा-बसर कर रहे हैं। बरसात के दिनों में खाने-पीने आदि जरूरी सामान पानी में न भीगे उसे पड़ोसियों के यहां रखना पड़ता है। प्रदेश सरकार द्वारा शहर से लेकर गांवों तक पात्रों को पक्की छत मुहैया कराने पर जोर दिया जा रहा है। वहीं पूरनपुर विकासखंड की कई ग्राम पंचायतों में पात्र ग्रामीण आवास योजना से वंचित हैं। ग्राम पंचायत लालपुर में रहने वाले दिव्यांग रीना देवी को भी अब तक आवास का लाभ नहीं मिल सका है। उन्होंने बताया कि उनके पति ओमपाल भी दिव्यांग हैं। दो बेटियां पांच वर्ष की सलौनी और दो साल की आरुपी है। वर्ष 2020 में शादी हुई। कुछ माह बाद ससुराल वालों ने रहने के लिए जगह देकर अलग कर दिया। रीना ने बताया कि जमीन भी नहीं है। दोनों लोग दिव्यांग होने से परिवार के भरण-पोषण में दिक्कत होती है। छप्परपोश घर है जिसके ऊपर पन्नी पड़ी है। पिछले कई सालों से इसी छप्पर व पन्नी में गुजर बसर करने को मजबूर हैं। उनका कहना है कि वह आवास योजना के लिए पात्र है। ग्राम प्रधान, सचिव सहित तहसील में जाकर अधिकारियों से कई बार आवास दिलाने की मांग की लेकिन सुनवाई नहीं हुई। बरसात के दिनों में पानी टपकता रहता है। बरसाती रातें जागकर काटनी पड़ती है। घरेलू सामान को पानी में भीगने से बचाने के लिए पड़ोसियों के घर में रखना पड़ता है। उसने अधिकारियों से आवास दिलाए जाने की गुहार लगाई है।


कलीनगर के लालपुर में दिव्यांग दंपति ने आवास दिलाने की गुहार लगाई

### सचिव बोले, खुद के रुपये से बनवा लो आवास

हाल ही में कलीनगर तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में दिव्यांग रीना देवी ने पहुंचकर अधिकारियों को पत्र दिया। इसमें कहा कि वह और उसके पति ओमपाल दिव्यांग हैं। आवास के लिए ग्राम प्रधान और सचिव से कई बार गुहार लगाई। सचिव कहते हैं कि अपनी मेहनत से रुपये कमाकर आवास बनवा लो। जबकि वह आवास के लिए पात्र है। दिव्यांग होने की बजह से जैसे-तैसे जीवन यापन कर रहे हैं। आर्थिक स्थिति कमजोर है। ऐसे में आवास कैसे बनवा सकते हैं।

पात्र होते हुए भी दिव्यांग दंपति को आवास नहीं मिला है। इसकी जानकारी कराई जा रही है। अगर वह आवास के पात्र है तो योजना का लाभ दिलाया जाएगा।
**हेमंत कुमार**
**प्रभारी बीडीओ पूरनपुर**
**डीसी मनरेगा - पीलीभीत**

# मेक माई ट्रिप बरेली ब्रांच का भव्य शुभारंभ, मेयर ने किया उद्घाटन


मेक माई ट्रिप के बरेली ब्रांच का फीता काटकर शुभारंभ करते मेयर उमेश गौतम

**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**बरेली।** शहर में ट्रैवल सेवाओं को नई दिशा देते हुए मेक माई ट्रिप के बरेली ब्रांच का शुभारंभ मेयर उमेश गौतम ने फीता काटकर किया। यह नया कार्यालय ट्यूलिप टावर में स्थापित किया गया है, जो अब आम जनता को अपनी सेवाएं प्रदान करेगा। उद्घाटन अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और गणमान्य उपस्थित रहे। बरेली ऑफिस की संचालिका टीना भसीन ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि इस कार्यालय के माध्यम से लोगों को फ्लाइट, ट्रेन, होटल बुकिंग और हॉलिडे पैकेज जैसी सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने कहा कि मेक माई ट्रिप का उद्देश्य ग्राहकों को सरल, सुरक्षित और किफायती यात्रा सेवाएं प्रदान करना है। इस नए कार्यालय के खुलने से बरेली और आसपास के लोगों को बेहतर ट्रैवल प्लानिंग में सुविधा मिलेगी।

# राणाप्रताप नगर में भीषण आगजनीः सपा नेता ने दी आर्थिक सहायता, प्रशासन से तत्काल राहत की मांग

**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**पूरनपुर।** सोमवार को विधानसभा क्षेत्र के शारदापार इलाके के ग्राम राणाप्रताप नगर में कल अचानक भीषण आग लगने से दो घर बुरी तरह प्रभावित हो गए। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया, जिससे घरों में रखा सामान जलकर खाक हो गया और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इस दर्दनाक हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से झुलस गए, जिन्हें तुरंत उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता राजकुमार ह्लराजूह्व बिना देर किए मौके पर पहुँचे। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया, पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना और उन्हें ढांढस बंधाया। इस दौरान उन्होंने अपने स्तर से तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान की, ताकि प्रभावित परिवारों को शुरूआती राहत मिल सके। इस हादसे में घायल व्यक्तियों में प्रभुनाथ गौतम, कासिम अली और साहिवा बेगम शामिल हैं, जिनका उपचार जारी है। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में चिंता और दुख का माहौल है। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटनाओं में प्रशासन को संवेदनशीलता के साथ तुरंत सक्रिय होना चाहिए। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित परिवारों को शीघ्र उचित आर्थिक मुआवजा, आवासीय सहायता, खाद्य सामग्री और समुचित इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि वे इस संकट की घड़ी से उबर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा आम जनता के साथ खड़ी रही है और आगे भी हर दुख-दर्द में लोगों के साथ खड़ी रहेगी। जरूरत पड़ने पर पार्टी कार्यकर्ता हर संभव सहयोग के लिए तत्पर रहेंगे। इस दौरान मुख्य रूप से रामाकांत गुप्ता.ओम शर्मा.अमरुद्दीन. शकील अहमद. मोहम्मद अमीन. कासिम खान. गणेश गौतम.प्रभुनाथ गौतम आदि लोग मौजूद रहे।


अग्नि पीड़ितों से उनका हाल -चाल लेते सपा नेता

# नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को फूल-मालाएं पहनाकर दी बधाई

## सोमवार को खंड विकास कार्यालय पर हुआ स्वागत सत्कार कार्यक्रम

**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**पूरनपुर।** सोमवार को खंड विकास कार्यालय पर उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ ब्लॉक कमेटी द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें उत्तर प्रदेश राज कर्मचारी संयुक्त परिषद जनपद शाखा पीलीभीत के नवनिर्वाचित जिला उपाध्यक्ष राजकुमार पासवान, रामकिशोर, विजय राज व जिला मीडिया प्रभारी माजिद अली, जिला सदस्य सौरभ कुमार का स्वागत किया गया। खंड विकास अधिकारी पूरनपुर एवं डीसी मनरेगा हेमंत कुमार यादव, संजय यादव व सहायक विकास अधिकारी पंचायत हरिश्चंद्र आदि ने नवनिर्वाचित सभी पदाधिकारियों को फूल मालाएं पहनाकर शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष हरनरायण लाल, मंत्री रवि राजपूत, संगठन मंत्री तौफीक अहमद, तेजपाल यादव, ओम बाबू, प्रेमपाल, पप्पू राम, संजीव प्रजापति, सुरजीत कुमार, प्रवेश कुमार, शिवचरन, आफाक अहमद, रूपराम, इकबाल अहमद, धनवीर, रोहित कुमार, मोहम्मद अख्तर, शैलेश सोनकर आदि मौजूद रहे।


प्रभारी खंड विकास अधिकारी ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं

# नाले की समस्या को लेकर किसान परेशान, शिकायत

**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**पूरनपुर।** हरदोई ब्रांच नहर के किनारे से निकाले गए निजी नाले की चलते पानी खेतों में भर जाता है। जिससे किसानों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड रहा है। घुंघचाई क्षेत्र के गांव खानपुर, घुंघचाई, उदरहा सहित कई गांवो के किसानों की कई एकड जमीन झाबर में स्थित है। इस जमीन पर किसान अपनी खेती भी करते हैं। आरोप है कि कुछ लोगों ने निजी लाभ के लिए हरदोई ब्रांच नहर के किनारे से एक नाला निकाल दिया। जिससे नल का पानी किसानों के खेतों में भर जाता है और उनके फैसले नष्ट हो जाती है। इससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हो जाता है। किसानों के अनुसार अगर जल्द ही पानी की निकासी नहीं कराई गई तो फसलें बर्बाद हो सकती है। किसानों ने बताया कि नाला बंद कराने के लिए डीएम व एसडीएम से मांग की गई। लेखपाल ने पहुंचकर नाला को बंद करा दिया था। आरोप है कि उसके बावजूद नाला खोल दिया जाता है। जिससे पानी खेतों में भर जाता है। विरोध करने पर निजी नाला बनाने वाले लोग किसानों को भगा देते हैं। कुलदीप सिंह, सुखविंदर सिंह,कृष्ण पाल, रामचंद्र, रामसरन, रामवेटी, गायत्री, अजय कुमार, रामस्वरूप सहित बड़ी संख्या में लोगो ने समस्या से निजात दिलाए जाने की मांग की है।

# रात के अंधेरे में भूमाफिया ने हाइवे किनारे जमीन पर करा दिया पटान

## महिला ने भूमाफिया पर जबरन जमीन कब्जाने का लगाया आरोप ,घुंघचाई थाना में शिकायती पत्र देकर लगाई न्याय की गुहार

**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**पूरनपुर।** बुजुर्ग विधवा महिला की जमीन पर जबरन कब्जा करने की नीयत से भूमाफिया ने रात के अंधेरे का फायदा उठाकर कई ट्राली मिट्टी डलवाकर पटान करा दिया। सुबह महिला व उसके बेटों को जानकारी लगी। आरोप है कि इससे पहले भी वह कई बार उनकी जमीन पर कब्जा करने का प्रयास कर चुका है। महिला ने पुलिस को तहरीर देकर भूमाफिया के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। घुंघचाई थाना की रहने वाली शांति देवी पत्नी स्वर्गीय रामकिशन ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में कहा कि उनका खेत तहसील पूरनपुर क्षेत्र के गांव शाहबाजपुर में हाइवे किनारे है जो राजस्व अभिलेखों में उनके नाम दर्ज है। खेत के एक तरफ दुकान भी बनी है। उनके हिस्से की पूरी जमीन पर उनका कब्जा है। आरोप है कि उनके हिस्से की जमीन पर एक भूमाफिया जबरन कब्जा करना चाहता है। रविवार की रात में उसने अन्य लोगों की मदद से जमीन पर मिट्टी का पटान करा दिया। सुबह खेत पर बेटे पहुंचे तो जानकारी हुई। इससे पहले भी उसने जमीन पर कब्जा करने की नीयत से ईंटे लगा दी थी। जबकि जगह का सिविल कोर्ट पीलीभीत और एसडीएम कोर्ट पूरनपुर में मुकदमा चल रहा है। बावजूद इसके वह दबंगई दिखाकर जमीन को हथियाना चाहता है। महिला के बेटों ने बताया कि भूमाफिया अपने आप को नेता और अधिकारियों तक पहुंच रखने वाला बताता है। जमीन पर कब्जा करने का विरोध करने पर वह झुठे केस में फंसाने की धमकी देता है। इससे सभी डरे हुए हैं। महिला ने पुलिस से मामले की जांच कराकर भूमाफिया पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। नायब तहसीलदार ऋषि दीक्षित ने बताया कि इससे पहले भी शिकायत मिली थी। थाना इंचार्ज से बात कर महिला को न्याय दिलाया जाएगा।

# वन विभाग पर फर्जी मुकदमे का आरोप, कार्रवाई न होने पर ग्रामीणों का अनिश्चितकालीन धरना शुरू

**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**पीलीभीत।** वन विभाग द्वारा निर्दोष ग्रामीणों के खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज करने और शिकायत के बावजूद कार्रवाई न होने से आक्रोशित ग्रामीणों ने सोमवार को जिलाधिकारी कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि पूर्व में दर्जनों लोगों ने जिलाधिकारी को शिकायत पत्र देकर वन विभाग के अधिकारियों पर झूठा मुकदमा दर्ज कराने का आरोप लगाया था। शिकायत में यह भी कहा गया कि वन दरोगा सुमित कुमार और फॉरेस्ट गार्ड सचिन कुमार ने अपने साथियों के साथ मिलकर 10झ12 वर्ष के बच्चों सहित ग्रामीणों के साथ मारपीट की। ग्रामीणों ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने और निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की थी। साथ ही चेतावनी दी थी कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो धरना प्रदर्शन किया जाएगा। प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई न होने पर ग्रामीणों ने अपनी चेतावनी को अमलीजामा पहनाते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना शुरू कर दिया है।



वन विभाग द्वारा ग्रामीणों के साथ की गई बुद्ध शोक की के खिलाफ अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे ग्रामीण

# धरना दे रहे भाकियू कार्यकताओं ने फूंका सीडीओ का पुतला

## ब्लॉक परिसर का मुख्य गेट बन्द करने को लेकर पुलिस से हुई नोकझोंक

**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**सिंधौली, शाहजहांपुर।** विकासखण्ड परिसर में पिछले पांच दिनों से चल रहे भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीयतावादी गुट के धरने पर किसी सक्षम अधिकारी के न आने के कारण सोमवार को कार्यकताओं का आक्रोश खुलकर सामने आ गया। कार्यकताओं ने ब्लॉक परिसर के मुख्य द्वार को अंदर से बंद कर जोरदार नारेबाजी कर मुख्य विकास अधिकारी का पुतला दहन किया। इस दौरान कार्यकताओं की प्रभारी निरीक्षक से नोकझोंक भी हुई। संगठन के प्रांतीय उपाध्यक्ष मुनेश्वर दयाल कठेरिया तथा बरेली मंडल अध्यक्ष सबील खां के नेतृत्व में धरना दे रहे कार्यकताओं ने सोमवार को सबसे पहले बीडीओ कार्यालय के सामने प्रदर्शन कर जिला प्रशासन के विरोध में नारेबाजी की। इसके बाद मुख्य गेट पर अंदर से ताला लगाकर मुख्य विकास अधिकारी का पुतला फूंककर अपना विरोध जताया।इस दौरान कार्यालय में ही मौजूद बीडीओ ओमप्रकाश ने पुलिस को मामले की सूचना दी। जिसके बाद प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। इस दौरान गेट खुलवाने को लेकर पुलिस और कार्यकताओं के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। धरना दे रहे किसानों का कहना है कि वे पिछले पांच दिनों से अपनी 15 सूत्रीय मांगों को लेकर शांतिपूर्वक धरने पर बैठे हैं लेकिन अब तक किसी भी जनपद स्तरीय अधिकारी ने मौके पर आकर उनकी समस्याओं को सुनना उचित नहीं समझा। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं तब तक धरना जारी रहेगा। बाद में प्रभारी निरीक्षक और बीडीओ ने आंदोलनकारियों के पदाधिकारियों से वार्ता कर उनकी मांगों से उच्चाधिकारियों को अवगत कराने का आश्वासन दिया। इससे पूर्व बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता जेपी वर्मा एवं एसडीओ राजू कुमार ने मौके पर पहुंचकर कार्यकताओं से बातचीत की और बिजली संबंधी समस्याओं के शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया। इस दौरान जब भाकियू कार्यकर्ता गेट को अन्दर से बन्द कर प्रदर्शन कर रहे थे। उसी समय छुट्टी के बाद लौटे छात्रों को परिसर में स्थित घरों तक पहुँचने के लिए काफी देर तक धूप में खड़े रहना पड़ा।



भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीयतावादी गुट के पदाधिकारी ब्लॉक परिसर में धरना देते हुए एवं समझती पुलिस

# भीषण गर्मी के बीच बिजली कटौती बेहाल, लोग परेशान

## रविवार सोमवार की रात जमकर हुई बिजली कटौती

**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**पूरनपुर।** भीषण गर्मी के बीच बिजली कटौती बेहाल किए हुए है। 24 घंटे बिजली की ट्रिपिंग जारी है। गर्मी की वजह से लोड भी बढ़ा है। इस कारण विद्युत उपकरण भी फुंके जा रहे हैं। भीषण गर्मी का प्रकोप लगातार बढ जाता है। इसके साथ ही बिजली भी लोगों को रुला रही है। शनिवार की रात घुंघचाई बिजली उपकेंद्र क्षेत्र मैं फाल्ट का बहाना बताकर कटोती की गई। वताया जाता है कि बिजली जाने के बाद घंटो तक गायब रहती है। इसके अलावा ट्रिपिंग की वजह से भी रात भर आवाजाही लगी रही। ग्रामीण क्षेत्रों में भी ऐसी ही स्थिति बनी हुई है। लोगों का गर्मी से बुरा हाल है। बिजली व्यवस्था में फिलहाल कोई सुधार नहीं है। गर्मी बढ़ने के साथ शुरू हुई आवाजाही और लोकल फॉल्टों ने नाक में दम करके रख दिया है। फीडरों पर जमकर ट्रिपिंग हो रही है और लोगों को बमुश्किल आपूर्ति मिल पा रही है। इसके अतिरिक्त लोकल फॉल्टों की भी बाढ़ सी आ गई है। उपभोक्ता पूरी रात गर्मी में करवटें बदलते रहे। बिजली बिभाग की ओर से अभी तक इस समस्या का समाधान नही किया है। जिससे लोगों को बिजली आपूर्ति नही मिल पा रही है। जेई सौरव ने वताया फाल्ट के चलते दिक्कतें आ जाती है। जिनको तत्काल ठीक कराया जा रहा है।

# धोनी की चोट पर सीएसके के बल्लेबाजी कोच माइकल हसी ने कहा जल्दी वापसी करेंगे



**हैदराबाद (तेलंगाना) (एजेंसी)।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बल्लेबाजी कोच माइकल हसी ने चल रहे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 सीजन के दौरान महेंद्र सिंह धोनी की वापसी को लेकर उम्मीद जताई है। यह पूर्व भारतीय क्रिकेटर अभी तक आईपीएल 2026 में नहीं खेल पाए है, क्योंकि वह पिंडली की चोट से उबर रहे हैं। हालांकि यह दाएं हाथ का बल्लेबाज नेट सेशन कर रहा है, लेकिन यह साफ नहीं है कि वह सीएसके की प्लेइंग 11 में कब वापसी करेंगे। शनिवार को सनराइजर्स हैदराबाद के हाथों 10 रन से हारने के बाद सीएसके के बैटिंग कोच हसी ने मैच के बाद हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि धोनी रिहैब में अच्छी प्रगति कर रहे हैं और एक कोच के तौर पर वह उनकी बल्लेबाजी से संतुष्ट हैं। हसी ने कहा, वह अपने रिहैब में अच्छी प्रगति कर रहे हैं। और देखिए, मैं एक बैटिंग कोच हूं और मैं खुश हूं कि वह किस तरह से बल्लेबाजी कर रहे हैं। हसी ने कहा कि धोनी अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं और वह उनकी फॉर्म से संतुष्ट हैं। हसी ने बताया कि धोनी के ठीक होने का मुख्य मकसद दौड़ने की फिटनेस और गति को बेहतर बनाना है, खासकर पारी के आखिरी ओवरों में विकेटों के बीच तेजी से रन बनाने के लिए। हसी ने कहा कि उन्हें धोनी की वापसी की सही तारीख तो नहीं पता, लेकिन उन्हें उम्मीद है कि वह जल्द ही वापसी करेंगे। सीएसके के बैटिंग कोच ने कहा, जैसा कि आपने कल ट्रेनिंग में देखा, वह अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं। वह अपनी बल्लेबाजी के मौजूदा स्तर से काफी खुश थे। वह अभी बस अपनी दौड़ने की क्षमता पर काम कर रहे हैं, क्योंकि अगर उन्हें पारी के आखिरी ओवरों में बल्लेबाजी करनी है, तो उन्हें दो रन और इस तरह के अन्य रन लेने के लिए तेजी से दौड़ना होगा। उन्हें बस अपनी दौड़ने की क्षमता पर भरोसा जगाने और अपनी गति बढ़ाने की जरूरत है। मुझे नहीं पता कि वह कब खेलेंगे, लेकिन मुझे उम्मीद है कि सभी फैंस की तरह मैं भी चाहता हूं कि वह जल्द से जल्द वापसी करें।

**पीसीआई का बड़ा फैसला**

# उत्पीड़न के आरोपों के बाद नीरज चोपड़ा के जेवलिन कोच बर्खास्त



**नईदिल्ली(एजेंसी)।** पैरालंपिक कमेटी आफ इंडिया पीसीआई ने बड़ा कदम उठाते हुए कोच नवल सिंह को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया है। यह कार्रवाई पैरालंपिक गोल्ड मेडलिस्ट सुमित अंतिल द्वारा लगाए गए मानसिक उत्पीड़न के आरोपों और अन्य खिलाड़ियों की शिकायतों के बाद की गई, जिसमें नीरज चौपड़ा का नाम भी सामने आया।

**सुमित अंतिल ने लगाए गंभीर आरोप** – सुमित अंतिल ने नवल सिंह पर मानसिक प्रताड़ना और अपशब्द कहने के आरोप लगाए थे। उन्होंने इस मामले की शिकायत स्पोर्ट्स ऑथोराइट्स आफ इंडिया (साई) से भी की थी। अंतिल ने कहा कि कोच का व्यवहार खिलाड़ियों के लिए असहज और अपमानजनक था।

**पीसीआई अध्यक्ष ने दी जानकारी** –पीसीआई अध्यक्ष देवेंद्र झाझरिया ने इस फैसले की पुष्टि करते हुए कहा- शिकायतें मिलने के बाद हमने तुरंत संज्ञान लिया। एथलीटों को अपनी बात रखने का पूरा मौका दिया गया। आरोप गंभीर थे और शुरुआती सबूत भी मिले, जिसके बाद आपात बैठक में नवल सिंह को हटाने का फैसला लिया गया।

**अन्य खिलाड़ियों ने भी की शिकायत** – सिर्फ सुमित अंतिल ही नहीं, बल्कि अन्य खिलाड़ियों ने भी नवल सिंह के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, नीरज चौपड़ा का नाम भी सामने आया, जिनके साथ कथित तौर पर गलत व्यवहार किया गया।

**मानसिक उत्पीड़न और दुर्व्यवहार के आरोप** – सुमित अंतिल ने आरोप लगाया- नवल सिंह ने हमारा मानसिक उत्पीड़न किया और मेरे व नीरज के परिवार के साथ भी दुर्व्यवहार किया। वह जानबूझकर अपमानजनक बातें रिकॉर्ड कर टीम मैनेजमेंट के साथ साझा करते थे।

**आपात बैठक के बाद लिया गया फैसला** – पीसीआई ने सभी शिकायतों और मौखिक सुनवाई की समीक्षा के बाद आपात बैठक बुलाई। जांच में शुरुआती स्तर पर आरोप सही पाए जाने के बाद कमेटी ने सर्वसम्मति से नवल सिंह को तुरंत हटाने का निर्णय लिया।

**कोचिंग करियर पर लगा ब्रेक** – द्रोणाचार्य अवॉर्ड से सम्मानित नवल सिंह 2015 से कोचिंग कर रहे थे और हाल ही में एथलीट सचिन यादव को ट्रेनिंग दे रहे थे।

# आज मुंबई इंडियंस पर बने दबाव का फायदा उठाने की कोशिश करेगा गुजरात टाइटंस



**अहमदाबाद (एजेंसी)।** पिछले तीन मैच में जीत हासिल करके आत्मविश्वास से भारी गुजरात टाइटंस की टीम सोमवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में लगातार हार से दबाव में चल रही मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपनी जीत का सिलसिला जारी रखने की कोशिश करेगी। पिछले कुछ सप्ताह में इन दोनों टीमों का प्रदर्शन बिल्कुल विपरीत रहा है। गुजरात टाइटंस ने अपने अभियान की शुरुआत लगातार दो हार के साथ की थी, लेकिन उसके बाद उसने लगातार तीन मैच जीत कर लय हासिल कर ली है और वह तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई है।

इसके बिल्कुल विपरीत मुंबई ने अपने पहले मैच में जीत के साथ शुरुआत की, लेकिन उसके बाद से उसका प्रदर्शन खराब होता चला गया है। उसे लगातार चार हार का सामना करना पड़ा है और उनकी हार का अंतर बहुत बड़ा रहा है, जिससे वह नौवें स्थान पर खिसक गया है। पांच बार की चैंपियन टीम मुंबई पर खराब प्रदर्शन के कारण काफी दबाव है और उसे अगर अपनी उम्मीदों को जीवंत रखना है तो अब हर हाल में जीत हासिल करनी होगी। उसकी टीम पावरप्ले में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई है। इसके अलावा मध्यक्रम के बल्लेबाजों के अनियमित प्रदर्शन और गेंदबाजी आक्रमण में धार की कमी ने उसे बुरी तरह प्रभावित किया है।

सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा मुंबई इंडियंस के मध्यक्रम के मुख्य आधार रहे हैं लेकिन यह दोनों ही अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। सूर्यकुमार ने भले ही एक अर्धशतक लगाया है लेकिन उनके प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव है। दूसरी तरफ तिलक बेहद खराब फॉर्म में हैं और पांच पारियों में सिर्फ 43 रन ही बना पाए हैं। कप्तान हार्दिक पंड्या का प्रदर्शन भी कुछ खास अच्छा नहीं रहा है। उन्होंने चार मैचों में सिर्फ 81 रन बनाए हैं, जिससे मुंबई की बल्लेबाजी की मुश्किलें और बढ़ गई हैं।

मुंबई की समस्या केवल बल्लेबाजी तक ही सीमित नहीं है बल्कि उसके गेंदबाज भी नहीं चल पा रहे हैं। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह अभी तक विकेट नहीं ले पाना उसके लिए बड़ी चिंता का विषय है। उन्होंने भले ही किफायती गेंदबाजी की है लेकिन बल्लेबाज उनके सामने जोखिम लेने से बचते हुए उन्हें आसानी से खेल रहे हैं। अन्य गेंदबाज भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। शार्दुल ठाकुर और दीपक चाहर महत्वपूर्ण मौकों पर विकेट नहीं ले पाए हैं जबकि हार्दिक भी गेंदबाजी में कोई कमाल नहीं दिखा पाए हैं। उनके स्पिनरों के प्रदर्शन में भी निरंतरता नहीं है।

हर बल्लेबाज रोहित शर्मा के चोटिल होने से मुंबई की समस्या और बढ़ गई है। वह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मैच में चोटिल हो गए थे और पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछला मैच नहीं खेल पाए थे। इसके विपरीत गुजरात टाइटन्स ने अपनी समस्याओं के बावजूद जीत हासिल करने के तरीके खोज लिए हैं। उसकी बल्लेबाजी अभी भी शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर काफी हद तक निर्भर है, जिसमें कप्तान शुभमन गिल, साई सुदर्शन और जोस बटलर ही अधिकतर रन बनाने का जिम्मा संभालते हैं।

ग्लेन फिलिप्स, वाशिंगटन सुंदर और राहुल तेवतिया जैसे मध्यक्रम के बल्लेबाज अभी तक विश्वसनीय प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। गेंदबाजी की बात करें तो गुजरात टाइटंस के गेंदबाजों ने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया है। मोहम्मद सिराज और कागिसो रबाडा कई बार महंगे साबित हुए हैं, जबकि प्रसिद्ध कृष्णा और राशिद खान का प्रदर्शन उतार-चढ़ाव वाला रहा है।

**टीमें**

**गुजरात टाइटंस** – शुभमन गिल (कप्तान), अनुज रावत, जोस बटलर, कुमार कुशाग्र, ग्लेन फिलिप्स, राशिद खान, मानव सुथार, निशांत सिंधु, राहुल तेवतिया, वॉशिंगटन सुंदर, गुरनूर बराड़, अरशद खान, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, कगिसो रबाडा, आर साई किशोर, इशांत शर्मा, अशोक शर्मा, जेसन होल्डर, टॉम बैंटन, ल्यूक वुड, साई सुदर्शन, एम शाहरुख खान, जयंत यादव, कुलवंत खेजरोलिया।

**मुंबई इंडियंस** – हार्दिक पंड्या (कप्तान), क्विंटन डीकॉक (विकेटकीपर), दानिश मालेवार, रॉबिन मिंज (विकेटकीपर), रयान रिकेलटन (विकेटकीपर), शेरफेन रदरफोर्ड, रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, अथर्व अंकोलेकर, राज बावा, कॉर्बिन बॉश, विल जैक्स, मयंक रावत, नमन धीर, मिचेल सेंटनर, शार्दुल ठाकुर, अश्विनी कुमार, ट्रेंट बोल्ट, जसप्रीत बुमराह, दीपक चाहर, एएम गजनफर, मयंक मार्कंडेय, मो. इज़हार, रघु शर्मा।

**समय** – शाम 7:30 बजे

# अगरकर का कार्यकाल बढ़ा, 2027 वनडे वर्ल्डकप तक टीम चुनेंगे

**इनके रहते में भारत ने 3 आईसीसी खिताब जीते; रोहित-कोहली जैसे दिग्गजों का संन्यास**

**मुंबई (एजेंसी)।** बीसीसीआईमने चीफ सिलेक्टर अजित अगरकर का कार्यकाल एक साल बढ़ा दिया है। अब वे 2027 में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप तक इस पद पर बने रहेंगे। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मीडिया को बताया कि अगरकर का कार्यकाल रिन्यू किया गया है, एक्सटेंड नहीं। वे अपनी परफॉर्मेंस के आधार पर चौथे साल के लिए पद पर बने रहेंगे। बीसीसीआई के नियमों के मुताबिक, सिलेक्टर अधिकतम चार साल तक पद पर रह सकता है। इससे पहले मीडिया रिपोर्ट में यह दावा किया गया था कि अगरकर ने खुद बीसीसीआई से अपना कार्यकाल 2027 वनडे वर्ल्ड कप बढ़ाने की मांग की थी। बोर्ड ने 2023 में दो साल के लिए अगरकर को चीफ सिलेक्टर बनाया था। 2025 में उन्हें पहले ही एक साल का एक्सटेंशन मिल चुका था। अब उनका कार्यकाल 2027 तक के लिए रिन्यू किया जा रहा है। इस तरह अगरकर कुल चार साल चीफ सिलेक्टर रहेंगे।



**कार्यकाल में भारत के नाम दो टी-20 वर्ल्ड कप और एक चैंपियंस ट्रॉफी**

अजित अगरकर का अब तक का कार्यकाल बेहद सफल रहा। अक्टूबर 2023 से मार्च 2026 के बीच उनके द्वारा चुनी गई भारतीय टीमों ने चार आईसीसी टूर्नामेंट्स के फाइनल में जगह बनाई। इनमें से भारत ने तीन खिताब अपने नाम किए। 2024 और 2026 में दो टी-20 वर्ल्ड कप और 2025 में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी। इसके अलावा, टीम इंडिया 2023 के वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल में भी पहुंची थी, जहां उसे ऑस्ट्रेलिया के हाथों हार का सामना करना पड़ा।

**कोहली-रोहित के संन्यास और शमी को बाहर करने जैसे कड़े फैसले** – अगरकर की अगुवाई वाली कमेटी ने कई कड़े और बड़े फैसले लिए। इसमें सबसे प्रमुख विराट कोहली और रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की प्रक्रिया को संभालना और सीनियर तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को धीरे-धीरे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से बाहर करना था। वहीं 2026 टी-20 वर्ल्ड कप टीम से टेस्ट और वनडे कैप्टन शुभमन गिल को ड्रॉप करके ईशान किशन जैसे इन-फॉर्म खिलाड़ी को मौका देने जैसे बड़े फैसले भी लिए।

**2027 वनडे वर्ल्ड कप के लिए कंटिन्यूटी पर फोकस** – अगला वनडे वर्ल्ड कप 2027 में होना है। बीसीसीआई चाहता है कि टीम की कोर और चयन प्रक्रिया में स्थिरता बनी रहे। अगरकर का कार्यकाल बढ़ने का मतलब है कि वे अगले वर्ल्ड कप के लिए टीम तैयार करने के मिशन पर काम जारी रखेंगे। बोर्ड का मानना है कि इस समय चयन समिति के नेतृत्व में बदलाव करना टीम की लय को बिगाड़ सकता है।

# आयुष म्हात्रे के हैमस्ट्रिंग चोट की पुष्टि

**सीएसके कोच ने कहा – यह काफी गंभीर लग रही है**

**हैदराबाद (तेलंगाना) (एजेंसी)।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बैटिंग कोच माइकल हसी ने बताया कि आयुष म्हात्रे को हैमस्ट्रिंग में खिंचाव ( आ गया है और यह काफी गंभीर लग रही है। शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ सीएसके के मैच के दौरान 18 साल के इस दाएं हाथ के बल्लेबाज को विकेटों के बीच दौड़ते समय परेशानी का सामना करते देखा गया था।



मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में माइकल हसी ने पुष्टि की कि आयुष म्हात्रे को हैमस्ट्रिंग में खिंचाव है। उन्होंने कहा कि स्कैन होने तक चोट की गंभीरता के बारे में ठीक-ठीक कुछ नहीं कहा जा सकता, लेकिन उन्होंने माना कि यह गंभीर लग रही है और खिलाड़ी की अच्छी फॉर्म को देखते हुए यह टीम के लिए एक बड़ा झटका हो सकता है। माइकल हसी ने कहा, यह हैमस्ट्रिंग में खिंचाव है। पता नहीं यह कितना गंभीर है। हम शायद कल या परसों उसका स्कैन करवाएंगे। मुझे पक्का नहीं पता, लेकिन हां, यह काफी गंभीर लग रही है। बदकिस्मती से, उसका बाहर होना टीम के लिए एक बड़ा नुकसान होगा क्योंकि वह बहुत अच्छी फॉर्म में था। सीएसके यह मैच एसआरएच से 10 रनों से हार गई, लेकिन आयुष म्हात्रे ने सिर्फ 13 गेंदों में 30 रनों की तेज पारी खेलकर सबको प्रभावित किया। वह इससे पहले भी शानदार फॉर्म में थे; उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 17 गेंदों में 38 रन बनाए थे और इसके अलावा दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 59 और पंजाब किंग्स के खिलाफ 73 रनों की यादगार पारियां भी खेली थीं।

# सोसिडाड ने पेनल्टी शूटआउट में एटलेटिको को हराकर कोपा डेल रे का खिताब जीता

**सेविले (स्पेन) (एजेंसी)।** रियाल सोसिडाड ने पेनल्टी शूटआउट में एटलेटिको मैड्रिड को हराकर कोपा डेल रे फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता।



फाइनल मैच अतिरिक्त समय के बाद 2-2 से बराबरी पर था जिसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया। सोसिडाड के गोलकीपर उनाई मैरेरो ने अलेक्जेंडर सोरलॉथ और जूलियन अल्वारेज़ के शॉट को बचाया। इसके बाद पाब्लो मारिन ने अंतिम किक को गोल में बदला जिससे सोसिडाड ने शूटआउट में 4-3 से जीत हासिल की। अमेरिका के पेलेग्रिनो माटाराज़ो के सोसिडाड का कोच बनने के बाद स्पेन के क्लब की यह पहली जीत है। माटाराजो ने कहा, यह अविश्वसनीय सफर रहा है और मुझे लगता है कि यह तो बस शुरुआत हो सकती है।

# अर्जेंटीना के खिलाफ भारतीय महिला हॉकी टीम की शानदार वापसी, सीरीज 2-2 से ड्रॉ

**ब्यूनर्सआयर्स (एजेंसी)।** ब्यूनस आयर्स में खेली गई चार मैचों की श्रृंखला में भारतीय महिला हॉकी टीम ने दमदार जज्बा दिखाते हुए अर्जेंटीना के खिलाफ सीरीज 2-2 से बराबर कर ली। शुरुआती दो मुकाबले हारने के बाद टीम इंडिया ने जबरदस्त वापसी करते हुए आखिरी दो मैच जीतकर सीरीज ड्रॉ कर ली। इस प्रदर्शन ने टीम की मानसिक मजबूती और जुझारूपन को दर्शाया।



**पहले दो मैचों में अर्जेंटीना का दबदबा** – श्रृंखला की शुरुआत 13 अप्रैल को हुई, जहां पहले मैच में अर्जेंटीना ने भारत को 4-2 से हराया। भारत के लिए नवनीत कौर और अन्नु ने गोल किए, लेकिन मेजबान टीम की आक्रामकता के सामने यह नाकाफी साबित हुआ। जूलिएटा जांकुनास ने दो गोल दागकर मैच का रुख तय किया। दूसरे मैच में भी अर्जेंटीना ने 2-1 से जीत दर्ज की। भारत के लिए इशिका ने एकमात्र गोल किया, जबकि आगस्टिना गोर्जेलानी ने दो गोल कर अपनी टीम को लगातार दूसरी जीत दिलाई। इस हार के बाद भारत पर सीरीज गंवाने का खतरा मंडराने लगा था।

**तीसरे मैच से भारत की दमदार वापसी**– 16 अप्रैल को खेले गए तीसरे मुकाबले में भारतीय टीम ने शानदार खेल दिखाते हुए 2-1 से जीत दर्ज की। नवनीत कौर और नेहा ने गोल कर टीम को मजबूती दी। इस जीत ने भारत को सीरीज में वापसी का मौका दिया और खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ाया। भारतीय टीम ने इस मैच में आक्रामक और संतुलित खेल दिखाया, जिससे अर्जेंटीना की टीम दबाव में नजर आई।

**आखिरी मैच में शूटआउट से जीती टीम इंडिया** – 17 अप्रैल को खेले गए चौथे और आखिरी मैच में दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। निर्धारित समय तक कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। भारतीय डिफेंस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अर्जेंटीना को कोई मौका नहीं दिया।

# चांदी 4300 रुपये उछली, सोना 800 रुपये चढ़ा; वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव का बाजार पर असर

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में सोने-चांदी की कीमतों में सोमवार को मजबूत उछाल दिखा। अखिल भारतीय सराफा एसोसिएशन के अनुसार चांदी 4300 रुपये मजबूत होकर 2.57 लाख प्रति किलोग्राम के भाव पहुंच गई। शुक्रवार को चांदी 2,53,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। सोमवार के दिन 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 800 रुपये मजबूत होकर 1.57 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया।

हालांकि, वैश्विक रुझान सुस्त बने रहे। हाजिर चांदी 1.09 अमेरिकी डॉलर या 1.35 प्रतिशत गिरकर 79.71 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर आ गई, जबकि सोने का भाव 0.52 प्रतिशत गिरकर 4,805.09 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस हो गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के कमोडिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, "सोने ने सप्ताह की शुरूआत कमजोर रुख के साथ की, जो सप्ताहांत में भू-राजनीतिक और मैक्रो परिस्थितियों में आए बदलाव को दर्शाता है।"

उन्होंने आगे कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास की स्थिति तेजी से बिगड़ गई, ईरान ने इसे फिर से खोलने के 24 घंटे से भी कम समय में सख्त नियंत्रण फिर से लागू कर दिया, जबकि अमेरिका ने अपनी नाकाबंदी को दरकिनार करने की कोशिश कर रहे एक ईरानी मालवाहक जहाज को जब्त कर लिया।

गांधी ने आगे कहा, ह्णइन घटनाक्रमों ने युद्धविराम की स्थिरता को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं और अमेरिका-ईरान शांति वार्ता को लेकर अनिश्चितता में वृद्धि हुई है। नए सिरे से बढ़ते तनाव ने ऊर्जा की ऊंची कीमतों और मुद्रास्फीति को लेकर चिंताओं को फिर से जीवित कर दिया है, जिससे डॉलर मजबूत हुआ है और कीमती धातुओं पर दबाव पड़ा है ह्व इस बीच, निवेशकों से उम्मीद की जाती है कि वे इस सप्ताह प्रमुख वैश्विक मैक्रोइकॉनॉमिक संकेतकों पर बारीकी से नजर रखेंगे। कोटक सिक्योरिटीज के एवीपी कमोडिटी रिसर्च कायनात चैनवाला ने कहा कि निवेशक अपना ध्यान वैश्विक मैक्रोइकॉनॉमिक आंकड़ों पर केंद्रित करेंगे। इनमें अमेरिकी खुदरा और घरेलू बिक्री के आंकड़े, साप्ताहिक बेरोजगारी दावे और उपभोक्ता भावनाएं शामिल हैं। प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के पीएमआई आंकड़ों पर भी विकास के संकेतों के लिए नजर रखी जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि इसके अतिरिक्त, बाजार मंगलवार को फेडरल रिजर्व के नए अध्यक्ष केविन वार्श द्वारा कांग्रेस के समक्ष दिए जाने वाले बयान पर नजर रखेंगे। इससे नीतिगत रुख और ऊर्जा-प्रेरित मुद्रास्फीति के प्रति उनके सहनशीलता के बारे में शुरूआती संकेत मिल सकते हैं।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड
* नियम एवं शर्तें लागू
विज्ञापन दर
रू. 500/*- Size 40 Sqcm (Colour)
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें
7579849555, 9627739857, 9997745413

जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/ 4 भानमती चौराहा मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजीमार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से प्रकाशित । सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0- 7579849555,9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI.No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा ।